CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम: 07°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 3 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 18 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 14 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बजट 2026-27 से यूपी को सर्वाधिक लाभ: योगी पेज 2




भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार पर आईसीसी ने पाकिस्तान को चेताया खेल टाइम्स



सस्ती तकनीक व नागरिक तक पहुंच, एआई में आत्मनिर्भर भारत की तैयारी सम्पादकीय



भारत-ईयू डील से पाकिस्तान में एक करोड़ नौकरियां खतरे में पेज 12

# सिंधु जल समझौते की सुनवाई में शामिल नहीं होगा भारत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के तहत गठित कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन (सीओए) की कार्यवाही को खारिज कर दिया है। भारत ने कहा है कि वह इस अदालत की वैधता को नहीं मानता और इसकी किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं होगा। जब सिंधु जल संधि को ही भारत ने स्थगित कर रखा है, तो उस संधि के तहत बनी किसी संस्था को जवाब देने की बाध्यता नहीं है।

कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ने फरवरी 2-3 को नीदरलैंड्स के पीस पैलेस में सुनवाई तय की है। साथ ही भारत के बगलिहार और किशनगंगा हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स से जुड़े 'पोंडेज लागबुक' दस्तावेज पेश करने का आदेश दिया है। भारत ने इन आदेशों का जवाब देने से इन्कार कर दिया है। कोर्ट ने 24 जनवरी 2026 के आदेश में कहा था कि अगर भारत मौजूद नहीं रहता, तो पाकिस्तान अकेले ही सुनवाई में दलीलें देगा। इसके बाद 29 जनवरी को कोर्ट ने भारत से बगलिहार और किशनगंगा प्रोजेक्ट्स के ऑपरेशनल रिकॉर्ड मांगे। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि दस्तावेज नहीं मिलने पर वह 'एडवर्स इनफेरेंस' यानी प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकता है। साथ ही यह भी कहा गया कि भारत द्वारा संधि को स्थगित करने का फैसला कोर्ट की अधिकार-सीमा को प्रभावित नहीं करता। भारत का कहना है कि मौजूदा विवाद तकनीकी है और इसे न्यूट्रल एक्सपर्ट के जरिये सुलझाया जाना चाहिए। सिंधु नदी के पानी को लेकर जब भी कोई तकनीकी विवाद होता है, तो उसे सुलझाने के लिए न्यूट्रल (निष्पक्ष) एक्सपर्ट की व्यवस्था की गई है। यह प्रावधान सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) में पहले से तय है। न्यूट्रल एक्सपर्ट कोई अदालत नहीं होता। वह एक स्वतंत्र और तटस्थ तकनीकी विशेषज्ञ होता है, जो पानी से जुड़े तकनीकी सवालों पर राय देता है। भारत-पाकिस्तान के बीच 1960 में सिंधु जल समझौता हुआ था। 22 अप्रैल को जम्मू-कशमीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने इस संधि को स्थगित कर दिया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47 फीसदी जमीन पाकिस्तान, 39 फीसदी जमीन भारत, 8 फीसदी जमीन चीन और 6 फीसदी जमीन अफगानिस्तान में है।



कहा: इस अदालत की वैधता को नहीं मानते और इसकी किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं होंगे

दस्तावेज नहीं मिलने पर वह एडवर्स इनफेरेंस यानी प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकता है: कोर्ट

## लंदन में एयरइंडिया ड्रीमलाइनर के फ्यूल स्विच में खराबी आई

**नई दिल्ली/लंदन।** लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने वाले एयरइंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइन को फ्लाइट ऑपरेशन से हटा दिया गया है।

एयरलाइन के मुताबिक, फ्लाइट एआई 132 को उड़ान भरनी थी, लेकिन पायलट ने बताया कि प्लेन का फ्यूल कंट्रोल स्विच इंजन स्टार्ट करने के दौरान 2 बार पोजिशन से कटआफ हुआ। इसके बाद प्लेन को आपरेशन से हटा दिया गया। प्लेन में आई खराबी की जांच में ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर बोइंग कंपनी को शामिल किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### निलंबन के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे अलंकार अग्निहोत्री

**प्रयागराज।** बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री अपने निलंबन के विरुद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण में पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि विधिक सलाह लेने के बाद वह अपने निलंबन आदेश को न्यायालय में चुनौती देंगे। मीडिया से बातचीत में श्री अग्निहोत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति नरम रुख दिखाते हुए कहा कि उनकी मुख्य आपत्ति केंद्र सरकार की कार्यशैली को लेकर है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक कंपनी की तरह संचालित हो रही है, जहां निर्णय सीमित लोगों के हाथ में केंद्रित हैं।।

### तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को मिला ग्रैमी अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** तिब्बती आध्यात्मिक गुरु, दलाई लामा को यहां रविवार देर रात संपन्न हुए 68वें ग्रैमी अवाड्र्स में 'बेस्ट ऑडियोबुक, नरेशन एंड स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग' श्रेणी में विजेता चुना गया। इस श्रेणी के लिए चार अन्य लेखक भी दौड़ में थे, लेकिन दलाई लामा को पुरस्कार के लिए चुना गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके ऑडियोबुक प्रोजेक्ट 'मेडिटेशंस : द रिफलेक्शंस ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा' के लिए मिला है। उनके अलावा इस श्रेणी में मशहूर कॉमेडियन और लेखक ट्रेवर नोआ (इंटू द अनकट ग्रास), केतनजी ब्राउन जैक्सन (लवली वन) और कैथी गार्वर (एल्विस रॉकी एडं मी) जैसे नाम शामिल थे।

### जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके महसूस हुए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के अनुसार भूकंप का केन्द्र बड़गाम जिले में था, जिससे घाटी के कुछ हिस्सों में थोड़ी देर के लिए दहशत फैल गई। भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार सोमवार सुबह 5:35 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.8 मापी गई। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप का केन्द्र 33.9 उत्तरी अक्षांश और 74.76 पूर्वी देशांतर पर 10 किलोमीटर की गहराई पर था। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके श्रीनगर, बारामूला, पुलवामा, शोपियां और आसपास के इलाकों में भी महसूस किए गए, जिससे लोग घरों से बाहर निकल आए।

### CBI ने 'ऑपरेशन साइस्ट्राइक' लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 'अमेरिका (एफबीआई), ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड और सिंगापुर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर चलाए गए एक बहुद्देशीय अभियान ऑपरेशन साइस्ट्राइक' की शुरुआत की यह अभियान भारत और दूसरे देशों से काम करने वाले उन लोगों और समूह को लक्ष्य करता है, जो सीमा पार (अंतर्राष्ट्रीय), साइबर-सक्षम वित्तीय अपराध नेटवर्क में शामिल हैं।

# जाति जनगणना 2027 पर पीआईएल खारिज

## सुप्रीम कोर्ट का जनहित याचिका पर सुनवाई से इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2027 में होने वाली जनगणना के दौरान नागरिकों की जाति दर्ज करने, वर्गीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया है।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार और भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय से याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि जाति आंकड़ों की पहचान के लिए कोई पूर्व- निर्धारित डेटा मौजूद नहीं है। पीठ ने कहा कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया जनगणना अधिनियम, 1958 और उसके तहत बने 1990 के नियमों के अनुसार संचालित होती है, जो संबंधित अधिकारियों को यह तय करने का अधिकार देते हैं कि जनगणना किस तरीके और किन बिंदुओं पर की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसे इस बात पर कोई -शेष पृष्ठ दो पर

शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से कहा: सुझावों पर करें विचार



### वांगचुक लद्दाख को नेपाल-बांग्लादेश बनाना चाहते थे

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सोनम वांगचुक लद्दाख को नेपाल या बांग्लादेश जैसा बनाना चाहते हैं। ऐसे व्यक्ति को और जहर उगलने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बैंच लद्दाख हिंसा मामले में एक्टिविस्ट वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वांगचुक के भाषण में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा सीधा खतरा दिखता है। जिला मजिस्ट्रेट ने हालात को देखते हुए गिरफ्तारी का सही फैसला लिया। मेहता ने कहा कि नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे उदाहरण देना, युवाओं को भड़काने और देश की एकता के खिलाफ माहौल बनाने के बराबर है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पर्याप्त आधार है।

■ सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा: वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा, जहर उगलने नहीं दे सकते

# जामिया के पूर्व कुलपति इकबाल हुसैन का निलंबन रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के पूर्व कुलपति प्रोफेसर इक़बाल हुसैन के निलंबन को निरस्त करते हुए कहा है कि उनके खिलाफ चलाई गई अनुशासनात्मक कार्रवाई न तो उनके पक्ष में थी और न ही संस्थान के पक्ष में। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की खंडपीठ ने प्रोफेसर हुसैन की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया, जिसमें उनके निलंबन को चुनौती दी गई थी।

जेएमआई विश्वविद्यालय ने सुनवाई के दौरान न्यायालय को बताया कि उसने छह सितम्बर 2024 के निलंबन आदेश को पहले ही वापस ले लिया है और इसके लिए 20 जनवरी 2026 को एक नया आदेश जारी किया गया था। न्यायालय ने इसी बात को रिकॉर्ड पर लेते हुए प्रोफेसर हुसैन को उनकी अकादमिक और शैक्षिक जिम्मेदारियां फिर से शुरू करने की इजाजत दे दी। साथ ही न्यायालय ने यह निर्देश दिया कि जब तक अनुशासनात्मक कार्यवाही पूरी नहीं हो जाती, तब तक वे एस्टेट ऑफिसर के तौर पर काम नहीं करेंगे। न्यायालय ने कहा कि विभागीय जांच डेढ़ साल से ज्यादा समय से लंबित थी और माना कि इतनी लंबी जांच से बेवजह परेशानी होती है। इसलिए, पीठ ने विश्वविद्यालय को छह हफ्ते के अंदर जांच पूरी करने का निर्देश दिया। यह मामला जेएमआई की कार्यकारी परिषद के एक फैसले से जुड़ा है, जिसमें विधि संकाय के पूर्व डीन और सेवा न्यायशास्त्र के जाने-माने विशेषज्ञ प्रोफेसर हुसैन से विश्वविद्यालय के जमीन खरीदने के पहले अधिकार के बारे में राय देने को कहा गया था। प्रोफेसर हुसैन ने जमीन खरीदने के खिलाफ सलाह देते हुए सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय को अपनी मौजूदा जमीन का सही इस्तेमाल करना चाहिए और मेडिकल कॉलेज एवं दूसरे अकादमिक विकास जैसी जरूरी परियोजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन बचाने चाहिए। उनके विचार का कार्यकारी परिषद के ज्यादातर सदस्यों ने समर्थन किया, जिसके बाद यह तय हुआ कि विश्वविद्यालय जमीन नहीं खरीदेगा। प्रोफेसर हुसैन ने परिषद के निर्देश पर काम करते हुए औपचारिक रूप से जमीन मालिक को फैसले की जानकारी दी और कहा कि अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। प्रोफेसर हुसैन की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अद्वैत घोष ने अधिवक्ता अंकुर चिब्बर के साथ मिलकर कहा कि कार्यकारी -शेष पृष्ठ दो पर



■ अनुशासनात्मक कार्रवाई न तो उनके पक्ष में थी और न ही संस्थान के पक्ष में: दिल्ली हाईकोर्ट

# सोना 891 महंगा व चांदी 10,856 रुपये सस्ती

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत में सोमवार को करीब 900 रुपये चढ़कर 1,48,644 रुपये दस ग्राम पर पहुंच गई, जबकि चांदी में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शाम पांच बजे सोना 891 रुपये (0.60 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 1,48,644 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। पीली धातु के विपरीत चांदी 10,856 रुपये यानी 4.09 प्रतिशत टूटकर 2,54,796 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर रही। पिछले महीने सोना 1,75,000 रुपये प्रति दस ग्राम को पार कर गया था। चांदी भी चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गई थी। लेकिन उसके बाद दोनों कीमती धातुओं के दाम घटे हैं, विशेषकर चांदी में बड़ी गिरावट देखी गई है। विदेशों में दोनों कीमती धातुओं के दाम बढ़ गए।

# ममता काली शॉल ओढ़कर सीईसी से मिलीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ काली शॉल ओढ़कर दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) से मुलाकात की। उनके साथ एसआईआर प्रभावित 13 परिवार और टीएमसी के नेता भी थे।

मुलाकात के बाद ममता ने कहा कि मैं बहुत दुखी हूं। मैं दिल्ली की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हूं। मैं चार बार केंद्रीय मंत्री और सात बार सांसद रह चुकी हूं। मैंने आज तक ऐसा अहंकारी और झूठा चुनाव आयुक्त नहीं देखा। ममता बोलीं, मैंने चुनाव आयुक्त से कहा कि उनकी कुर्सी का सम्मान करती हूं, क्योंकि कोई भी कुर्सी हमेशा के लिए नहीं रहती। एक दिन उनको जाना ही होगा। बंगाल को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? चुनाव लोकतंत्र का त्योहार होते हैं, लेकिन उन्होंने 58 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए और अपना बचाव करने का मौका तक नहीं दिया।



■ बोलीं: चुनाव आयोग भाजपा का आईटी सेल है, ऐसा झूठा चुनाव आयुक्त कभी नहीं देखा

# अमेरिका ने भारत पर लगा टैरिफ घटाया

## पीएम मोदी और ट्रम्प की बातचीत के बाद बड़ा फैसला, अब 25 की जगह 18 प्रतिशत होगा शुल्क

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत पर लगाए गए टैरिफ को घटा दिया है। भारतीय सामानों पर टैरिफ 25 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच आज (सोमवार) को फोन पर बातचीत हुई है।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रति मित्रता और सम्मान के कारण और उनके अनुरोध पर तत्काल प्रभाव से हमने अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमति व्यक्त की, जिसके तहत अमेरिका पारस्परिक शुल्क को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत भी इसी प्रकार अमेरिका के विरुद्ध अपने शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को शून्य करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने 500 अरब डॉलर से अधिक के अमेरिकी ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य कई उत्पादों के अलावा, अमेरिकी उत्पाद खरीदने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई।

उन्होंने कहा कि भारत के साथ हमारे शानदार संबंध भविष्य में और भी मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री मोदी और मैं दो ऐसे व्यक्ति हैं जो काम को अंजाम देते हैं, जो कि अधिकांश लोगों के बारे में नहीं कहा जा सकता। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद। हालांकि रूसी तेल खरीदने की वजह से लगाए गए 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ पर कुछ भी स्पष्ट नहीं किया, लेकिन ट्रम्प ने यह भी कहा कि पीएम मोदी रूसी तेल खरीदना बंद करके अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने पर राजी हो गए हैं। पीएम मोदी ने ट्वीट करके कहा कि यह जानकार खुशी हुई कि अब मेड इन इंडिया प्रोडक्ट्स पर टैरिफ घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगाा।

# राहुल बोले: चीनी टैंक लद्दाख पहुंचे, शाह -राजनाथ ने टोका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को राहुल गांधी के भाषण के दौरान जोरदार हंगामा हुआ। राहुल ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब का हवाला देते हुए कहा कि 4 चीनी टैंक लद्दाख सीमा में पहुंच गए थे।

राहुल के ऐसा कहते ही पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फिर गृह मंत्री शाह ने उन्हें टोका। इसके बाद स्पीकर ने नियमों का हवाला देते हुए उन्हें रोका। राहुल करीब 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश करते रहे। इसके बाद स्पीकर ने लोकसभा की कार्यवाही 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर 3 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही राहुल ने बोलना शुरू किया, लेकिन हंगामे के चलते महज 9 मिनट बाद ही कार्यवाही शाम 4 बजे तक के लिए स्थगित कर दी -शेष पृष्ठ दो पर



■ स्पीकर ने माइक बंद कराया, जनरल नरवणे की किताब के 9 प्वाइंट पर लोकसभा में हुआ हंगामा

### सरकार डरती है, मुझे जनरल नरवणे के शब्द बोलने से रोकती है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की लिखी कुछ बातें लोकसभा में बोलना चाहते थे, लेकिन इससे सरकार डर रही है और उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है। श्री गांधी ने यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। मुझे सिर्फ 2-3 लाइनें बोलनी हैं। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। ये पूर्व सेना प्रमुख के शब्द हैं। ये उनके रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई बातचीत के अंश हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 4 तक सम्पन्न करा लें 12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं: सचिव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षाओं को लेकर मंगलवार को संशोधित आदेश जारी किया है। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी कर 4 फरवरी तक इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न कराने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक प्रथम चरण की प्रायोगिक परीक्षाएं पहले 24 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक निर्धारित थीं, लेकिन 1 फरवरी को कुछ विद्यालयों में परीक्षाएं शेष रहने के कारण अब इसकी अंतिम तिथि बढ़ाकर 4 फरवरी 2026 कर दी गई है।

### उप्र में 384 मुख्य पुलिसकर्मी बने उप निरीक्षक, आदेश जारी

**लखनऊ।** शासन स्तर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के 384 मुख्य आरक्षियों (नागरिक पुलिस) को उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। यह पदोन्नति उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक एवं निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली-2015 (संशोधित) के अंतर्गत वरिष्ठता के आधार पर की गई है। सोमवार को उत्तरप्रदेश पुलिस मुख्यालय के पुलिस उपमहानि. रीक्षक स्थापना अखिलेश कुमार चौरसिया के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ की प्राधिकृत विभागीय चयन समिति द्वारा चयनित कार्मिकों को पुलिस महानिद. शक, उत्तर प्रदेश के अनुमोदन के बाद उनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नत किया गया है।

आदेश में यह भी स्पष्ट

# भाजपाई अल्पसंख्यकों के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि यह बात सभी को पता है, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वोटर लिस्ट से नाम कटवाने वाले फार्म-7 के कथित दुरुपयोग को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कथित तौर पर भाजपाई घपलेबाज खुद फ़ार्म-7 छापकर और नक़ली हस्ताक्षर कराकर पीडीए समाज के मतदाताओं, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे हैं।

सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने इसे लो. कतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि यह बात लगभग सभी को पता है, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। उनका आरोप है कि बार-बार अपील के बावजूद एसआईआर प्रक्रिया में फ़ार्म-7 से जुड़ी कथित धांधली रुक नहीं रही है। उन्होंने कहा कि फ़ार्म-7 का ग़ैरक़ानूनी इस्तेमाल एक बड़ा अपराध है और चुनाव आयोग को चाहिए कि वह सार्वजनिक विज्ञापन जारी कर इसके दुरुपयोग पर होने वाली सज़ाओं की जानकारी दे, ताकि दोषियों और उनके सहयोगियों को स्पष्ट चेतावनी मिल सके। सपा प्रमुख ने यह भी कहा कि पार्टी के पीडीए-प्रहरी और जागरूक मतदाता अपने स्तर पर इस कथित फ़र्ज़ीवाड़े का पर्दाफ़ाश कर रहे हैं, लेकिन आयोग को भी अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए। अखिलेश यादव ने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि चाहे वह गांव-मोहल्ले का स्थानीय मंच हो या ज़िला-मंडल-राज्य स्तर का मीडिया, जो भी इस मुद्दे को उठाकर लोकतंत्र के 'चौथे स्तंभ' की भूमिका निभा रहा है, समाजवादी पार्टी उसके साथ खड़ी है। उन्होंने इस 'महा-घोटाले' का भंडाफोड़ करने और तथ्यों को सामने लाने का आग्रह किया है।

## पाकिस्तान के टी-20 वर्ल्ड कप बहिष्कार को लेकर अखिलेश ने उठाए विदेश नीति पर सवाल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पाकिस्तान द्वारा आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार की घोषणा के बाद केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाए हैं।

संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए यादव ने कहा कि भारत सरकार को अपनी विदेश नीति की दिशा पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार के घटनाक्रम देश की वैश्विक छवि और कूटनीतिक प्रभाव को प्रभावित करते हैं, इसलिए सरकार को गंभीरता से इस विषय पर ध्यान देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान सरकार ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ निर्धारित मुकाबले का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। यदि पाकिस्तान अपने रुख पर कायम रहता है और मैच नहीं खेलता है, तो उसके खिलाफ आईसीसी द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# 69000 शिक्षक भर्ती पर फिर भड़का आरक्षित वर्ग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास के बाहर जुटे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की 69000 शिक्षक भर्ती को लेकर आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों का सब्र एक बार फिर टूटता नजर आया। सोमवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास के बाहर जुट गए और न्याय की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए।

उच्चतम न्यायालय में सुनवाई न हो पाने से नाराज अभ्यर्थियों ने नारेबाजी करते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उपमुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थी 'केशव चाचा न्याय करो' जैसे नारे लगा रहे थे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2018 में शुरू हुई थी, लेकिन परिणाम घोषित होने के बाद आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थियों को नियुक्ति से वंचित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 13 अगस्त 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के पक्ष में फैसला सुनाते हुए नियमों के अनुसार नियुक्ति के आदेश दिए थे।

# डोकलाम के सच से डरी सरकार राहुल को संसद में नहीं बोलने देती

नई दिल्ली, वार्ता



■ नियम व प्रक्रियाओं का हवाला देकर रोका

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार डोकलाम में जुड़े सत्य के खुलासे से बहुत डरी हुई है और अब वह लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नियम और प्रक्रियाओं का हवाला देकर रोक रही है।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह सरकार अपनी अक्षमता के सत्य के सामने आने से इतनी डरी हुई है कि इसने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लोकसभा में बोलने से रोकने के लिए अपने सबसे वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों का समूह बनाकर तैनात कर दिया है। वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे की पुस्तक का प्रकाशन रोकने के लिए जमीन-आसमान एक कर दिया है और अब जो अंश सामने आ रहे हैं वे उनकी तथाकथित राष्ट्रवादी प्रतिबद्धताओं को उजागर करते हैं। अब वे विपक्ष के नेता को घेर रहे हैं और चुप करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद में नियम और प्रक्रियाओं का हवाला देकर उनकी गलत व्याख्या की जा रही है। सदन तथा देश की जनता को चीन के खिलाफ संघर्ष में सरकार की हिमालई भूलों के बारे में जानने से वंचित किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने आगे लिखा कि यह 21वीं सदी के फासीवाद का मामला है, जहां पहले जनता में असहमति को दबाया जाता है और फिर विरोधियों को चुप कराने के लिए नियमों का दुरुपयोग किया जाता है।

## उत्तर प्रदेश के लिए व्यापक और दूरगामी प्रावधान किए गए

# बजट 2026-27 से यूपी को सर्वाधिक लाभ: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार ने इस बजट में उत्तर प्रदेश के लिए व्यापक और दूरगामी प्रावधान किए हैं। उन्होंने बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने विकास की जो यात्रा तय की है, उसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश देश की प्रगति में निर्णायक योगदान दे रहा है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जो सुदृढ़ नीतियों और सुशासन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा 'नेशन फर्स्ट' की भावना को प्राथमिकता दी है। अधिकारों के साथ-साथ नागरिक कर्तव्यों की बात करना भी उतना ही आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौलिक अधिकारों की चर्चा तो होती है, लेकिन कर्तव्यों की उपेक्षा कर दी जाती है, जबकि हर भारतीय को अपने कर्तव्यों का बोध कराना जरूरी है। वर्तमान बजट इसी सोच को मजबूती देता है। योगी ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। किसान, युवा, महिलाएं और गरीब वर्ग इस बजट के केंद्र में हैं। एमएसएमई सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे उत्तर प्रदेश के छोटे और मध्यम उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है और उत्तर प्रदेश इससे सर्वाधिक लाभ उठाने वाला राज्य होगा। बजट में प्रस्तावित सात रेलवे कॉरिडोर में से दो कॉरिडोर उत्तर प्रदेश को मिले हैं। आने वाले समय में इससे राज्य को बेहतर कनेक्टिविटी, तेज रेल सेवाओं और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि का लाभ मिलेगा। साथ ही, अंतर्देशीय जलमार्गों (वॉटरवेज) के उपयोग से भी प्रदेश को फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि ललितपुर में 1200 एकड़ भूमि पर बायोफार्मा सेक्टर को विकसित किया जा रहा है। ग्लोबल बायोफार्मा के लिए केंद्र सरकार ने बड़े बजट का प्रावधान किया है। इसके अलावा भारत को डाटा सेंटर हब बनाने के लिए 22 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसका सीधा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में सबसे अधिक ग्राम पंचायतें उत्तर प्रदेश में हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इससे युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने में मदद मिलेगी।

### जिलाधिकारी और पुलिस राजस्व अधिकारी मामलों को गंभीरता से लें: सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारियों, राजस्व अधिकारियों और पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी मामलों को गंभीरता से लें, लोगों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनें और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष अवैध अतिक्रमण से जुड़े कई मामले भी रखे गए। मुख्यमंत्री ने सभी फरियादियों की बात धैर्यपूर्वक सुनते हुए संबंधित प्रार्थना पत्र स्वीकार किए और आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



रु. 150430
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश



चांदी रु. 291770
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लौटी तेजी, प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा चढ़े

मुंबई, वार्ता



बजट के दिन रही भारी गिरावट के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 943.52 अंक (1.17 प्रतिशत) चढ़कर 81,666.46 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक 262.95 अंक यानी 1.06 फीसदी की तेजी के साथ 25,088.40 अंक पर बंद हुआ। बजट के दिन रविवार को विशेष सत्र में दोनों सूचकांक करीब दो प्रतिशत लुढ़क गए थे। शेयर बाजारों की शुरुआत आज गिरावट के साथ हुई, लेकिन बाद में अच्छी लिवाली देखी गई। रुपये में तेजी से बाजार में निवेश धारणा को समर्थन मिला। रुपया फिलहाल 41.50 पैसे की वृद्धि के साथ 91.52 रुपये प्रति डॉलर पर है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.64 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। वाहनों की बिक्री के मजबूत आंकड़े आने से सेक्टर में तेजी रही। तेल एवं गैस, धातु, एफएमसीजी, रियलटी, रसायन, बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के समूहों में भी लिवाली हावी रही। आईटी और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक टूट गए। सेंसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड का शेयर साढ़े सात प्रतिशत से अधिक मजबूत हुआ। अडानी पोर्ट्स में पौने चार प्रतिशत और बीईएल तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में सवा तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, इंडिगो और अल्ट्राटेक सीमेंट में दो से तीन प्रतिशत तक की बढ़त देखी गई। एशियन पेंट्स, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, एनटीपीसी, इटरनल, मारुति सुजुकी, आईसीआईसीआई बैंक, सनफार्मा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत तक मजबूत हुए। भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

# जनवरी में फिर बढ़ी विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार

**मुंबई।** उत्पादन और नए ऑर्डरों में मजबूत वृद्धि के दम पर देश के विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार माह-दर-माह आधार पर जनवरी में एक बार फिर बढ़ गई। एचएसबीसी द्वारा जारी भारतीय विनिर्माण क्षेत्र का खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई), जो दिसम्बर 2025 में 22 महीने के निचले स्तर 55.0 पर रहा था, जनवरी में 55.4 दर्ज किया गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना क्षेत्र की गति. विधियों में बढ़ोतरी को दिखाता है, जबकि इसका 50 से नीचे रहने गिरावट बताता है। वहीं 50 का स्तर स्थिरता दर्शाता है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश की विनिर्माण कंपनियों ने जनवरी में गतिविधियों में दोबारा सुधार देखा। इसके पीछे मुख्य कारक थे - नए ऑर्डरों, उत्पादन और रोजगार में वृद्धि। लागत हल्की बढ़ी है जबकि विक्रय मूल्य में कमी आई है। इससे उत्पादकों का लाभ अनुपात थोड़ा प्रभावित हुआ है। नए ऑर्डरों पहले के मुकाबले तेज वृद्धि के बाद भी कारोबारी भरोसा सुस्त बना हुआ है और भविष्य में उत्पादन को लेकर उम्मीद जुलाई 2022 के बाद के निचले स्तर पर है। एचएसबीसी द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में उपभोक्ता उत्पाद का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। वहीं, पूंजीगत वस्तुओं में सबसे धीमा सुधार देखा गया।

# चावल, चीनी, दालें महंगी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालें और चीनी भी महंगी हुई जबकि गेहूं नरमी देखी गई। वहीं, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 97 रुपये बढ़कर 3,847 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 13 रुपये फिसलकर 2,861 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 22 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 228 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 182 रुपये और मसूर दाल 166 रुपये मजबूत हुई। मूंग दाल का भाव 133 रुपये और उड़द दाल का 44 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। विदेशों में अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.78 प्रतिशत टूटकर 53.09 सेंट प्रति पौंड बोला गया। मलेशिया में बाजार बंद रहे। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 167 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। सोया तेल 112 रुपये और सूरजमुखी तेल 82 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल भी 63 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति की कीमत 155 रुपये और सरसों तेल की 114 रुपये प्रति क्विंटल क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 112 रुपये प्रति क्विंटल चढ़े हुए। चीनी की कीमत भी 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**जाति जनगणना....**

संदेह नहीं है कि संबंधित प्राधिकरण विषय विशेषज्ञों की मदद से ऐसी मजबूत व्यवस्था विकसित करेंगे, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि की आशंका न रहे। अदालत ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए कुछ मुद्दे प्रासंगिक हैं और पहले ही रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष रखे जा चुके हैं। इन टिप्पणियों के साथ सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया और केंद्र सरकार से कहा कि वह कानूनी नोटिस और याचिका में दिए गए सुझावों पर उचित विचार कर सकती है। 2027 की जनगणना देश की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना होगी। यह 1931 के बाद पहली बार होगी जब व्यापक स्तर पर जाति आधारित गणना की जाएगी। साथ ही, यह भारत की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना भी होगी, जिससे आंकड़ों के संग्रह और विश्लेषण में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। यह याचिका शिक्षाविद आकाश गोयल द्वारा दायर की गई थी, जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्ता गुप्ता ने पक्ष रखा। याचिका में मांग की गई थी कि जाति संबंधी जानकारी दर्ज करने, उसे वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रश्नावली को सार्वजनिक किया जाए, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। याचिकाकर्ता का आरोप था कि जनगणना संचालन निदेशालय ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि नागरिकों की जाति पहचान दर्ज करने के लिए कौन-से मानदंड अपनाए जाएंगे, जबकि इस बार जाति गणना का दायरा अनुसूचित जाति और जनजाति से आगे बढ़ाया जा रहा है।

**जामिया के...**

परिषद के फैसले के मुताबिक काम करने के बावजूद, विश्वविद्यालय प्रशासन ने कथित तौर पर द्वेष की वजह से प्रोफेसर को निलंबित कर दिया। अधिवक्ता ने दलील दी कि प्रोफेसर हुसैन पर कोई गलत काम करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता। उच्च न्यायालय ने अपील का निपटारा करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही को समय पर पूरा करने की जरूरत पर जोर दिया और संबंधित विश्वविद्यालय अधिकारियों को तुरंत आदेश की जानकारी देने का निर्देश दिया।

**राहुल बोले:...** गई। शाम 4 बजे भी कार्यवाही शुरू होते ही फिर हंगामा हुआ और 11 मिनट बाद कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। राहुल गांधी को राजनाथ ने 11 बार, शाह ने 7 बार टोका। इसके अलावा किरेन रिजिजू ने 2 बार और अनुराग ठाकुर ने 6 बार रोका। राहुल गांधी ने सदन में कहा कि डोकलाम में चीनी टैंक भारत की सीमा में पहुंच गए थे। मैं यह बात एक मैगजीन के आर्टिकल के हवाले से कह रहा हूं। जिसमें पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की किताब (मेमायर) को कोट किया गया है। राजनाथ सिंह खड़े हुए और बोले कि अगर ये बातें प्रकाशित हुई हैं तो इसका जिक्र करें नहीं तो छोड़ दें। राहुल बोले 'आप सब ध्यान से सुनें कि मैं क्या पढ़ रहा हूं इससे पता चल जाएगा कि कौन देशभक्त है और कौन नहीं। 4 चीनी टैंक भारत की धरती पर आ रहे थे। वे कुछ 100 मीटर ही दूर थे। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि राहुल जी आप सदन में नेता विपक्ष हैं। सांसद प्रियंका ने एक बात कही थी, तो उन्होंने आथेंटिक स्तर पर प्रस्तुत किया था। आपसे भी यही अपील है। राहुल ने कहा कि ये सौ प्रतिशत आथेंटिक है। राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल बताएं कि क्या यह प्रकाशित हुआ है या नहीं केवल इतना बताएं। लोकसभा में एनडीए और विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। ओम बिरला ने कहा कि रक्षा मंत्री सही कह रहे हैं। आप सदन में इसका जवाब दें। आप सदन में है, विपक्ष के नेता हैं सही नियम से चलें।

# शंकराचार्य से मिले अलंकार अग्निहोत्री

## एससी-एसटी एक्ट को लेकर सात फरवरी को दिल्ली कूच करने की घोषणा

वाराणसी।



उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में सिटी मजिस्ट्रेट पद से इस्तीफा देकर सुर्खियों में आए अलंकार अग्निहोत्री ने रविवार शाम को केदार घाट स्थित विद्या मठ में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात की।

शंकराचार्य के मौन व्रत पर होने के कारण उनकी बातचीत इशारों में ही हो पाई। अलंकार अग्निहोत्री ने एससी-एसटी एक्ट को लेकर सात फरवरी को दिल्ली कूच करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जनाधार लगातार कम हो रहा है। निलंबन के प्रकरण पर वे संवैधानिक तरीके से कोर्ट के माध्यम से जवाब देंगे। आंदोलन एससी-एसटी एक्ट के खिलाफ होगा, जो दिल्ली में बड़ा रूप लेगा। फर्जी मुकदमों में लोगों को फंसाया जा रहा है। सात फरवरी को देश के विभिन्न संगठनों और संस्थाओं के लोग दिल्ली कूच करेंगे। 6 फरवरी तक एससी-एसटी एक्ट को काला कानून मानकर वापस नहीं लिया गया, तो देश की राजधानी दिल्ली के लिए हम सभी 7 फरवरी को कूच करेंगे। शंकराचार्य जी मौन होने के कारण उनसे इस मुद्दे पर अभी विस्तार से बात नहीं हो पाई। अग्निहोत्री ने कहा कि महाराज जी मौन व्रत पर थे, इसलिए बहुत अधिक बात नहीं हो पाई। सनातन धर्म में किसी भी अच्छे कार्य से पहले बड़ों का आशीर्वाद लेना आवश्यक बताया गया है। एससी-एसटी एक्ट की विभीषिका पूरे देश को झेलनी पड़ रही है। 85 प्रतिशत लोग इस एक्ट को नहीं चाहते। सामान्य वर्ग केंद्र सरकार से काफी नाराज है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कूच को लेकर रणनीति तैयार की जा रही है। इस संदर्भ में महाराज जी से बातचीत नहीं हो पाई। मेरी कोई राजनीतिक आकांक्षा नहीं है, देश कल्याण की भावना मेरे अंदर है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की जो नियमावली आई थी, अगर वह लागू हो जाती तो सिविल वॉर जैसी स्थिति बन सकती थी। इन सबके मूल में एससी-एसटी एक्ट है।

### देश संविधान से चलता है, किसी शंकराचार्य के बयान से नहीं: ओमप्रकाश राजभर

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर मंगलवार को वाराणसी स्थित सर्किट हाउस पहुंचे। शंकराचार्य के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, ष्देश संविधान से चलता है, किसी शंकराचार्य के बयान से नहीं। संविधान किसी के कहने से नहीं बदल सकता। किसी व्यक्ति के बयान से कुछ नहीं होता। गौ माता को 'राज्य माता' का दर्जा देने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यह विषय जब मंत्रिमंडल के समक्ष आएगा, तब उस पर विचार किया जाएगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मोपेड सवार की मौत से मचा कोहराम

## बेकाबू अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से हुआ दर्दनाक हादसा

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भंगेला चौकी के पास रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में विक्की सवार युवक की जान चली गई। विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने विक्की में जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिजनों में चीख-पुकार मची हुई थी।

जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी निवासी दिनेश पुत्र धर्मपाल रविवार रात अपनी विक्की पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह भंगेला चौकी के समीप पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दिनेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दिनेश को तत्काल खतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान ही उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही गांव खेड़ी में शोक की लहर दौड़ गई और अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले में भंगेला चौकी पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों की ओर से थाने में कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए कार्यवाही शुरू की। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर लेकर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस फिलहाल अपने स्तर से अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

# पेट्रोल पंप पर कर्मचारी की दबंगई, वीडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर।** बताया जाता है पुरकाजी बाईपास पर स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप की एक वीडियो वायरल हो रही है, हालांकि वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस इस छानबीन में लगी रही कि मामला किस क्षेत्र का है। जांच करने पर पुलिस का कहना है कि यह मामला बाइपास सीएनजी पेट्रोल पंप का है वीडियों में कार सवार कुछ लोग एक मरीज के साथ पेट्रोल पंप पर पहुचें और सीएनजी डलवाने के बाद उन्होने अपनी कार को साइड में लगा दिया। इसके बाद कार सवार लोग मरीज को वाहन में बैठाने का प्रयास करने लगे। वीडियो में यह भी दिखाई दे रहा है कि पंप पर कार्यरत कर्मचारियों ने कार सवार लोगों से दुव्यर्वहार शुरू किया। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया। गाली गलौच का भी आरोप लगाया गया है।

# शातिरों से सवा करोड़ के वाहन बरामद

## फर्जी कागजों पर लोन कराकर कराते थे वाहनों का पंजीकरण

**5 लाख नगद, 4 ट्रक, बाइक और 8 फर्जी आधार कार्ड बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/बुढ़ाना।** पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे सक एक करोड पन्द्रह लाख की नगदी, चार ट्रक, दो बाइके, एक मोबाईल फोन तथा आठ फर्जी आधार कार्ड बरामद किए है। पुलिस उनके कब्जे से छह आरसी और एक फर्जी नम्बर प्लेट बरामद करने का दावा कर ही है। पुलिस का यह भी दावा है कि पकडे गए बदमाश चोरी और फाइनेंस पर खरीदे गए वाहनों के इंजन और चैसिस नम्बर बदलकर धोखाधडी से वाहनों को बेचते थे।

पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में प्रेसवार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा और एसपी ग्रामीण आदित्य बंसल ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने सूचना के आधार पर मेहरबान अली उर्फ कारी पुत्र यासीन अली व अफजाल पुत्र रोशन निवासी मरकज मस्जिद शाहघांसी दरवाजा थाना झिंझाना शामली को गिरफ्तार किया गया। एसएसपी ने बताया कि यह गिरोह चोरी किये वाहनों व फाइनेंस पर खरीदे गये वाहनों के इंजन व चेसिस नम्बर बदलकर धोखाधडी से वाहनों को बेचने का काम करते थे। एसएसपी ने यह भी जानकारी दी कि पकडे गए दोनो आरोपी पहले से ही दिल्ली, हरियाणा व यूपी में कई मामले दर्ज हैं।

पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे फर्जी आधार कार्ड तैयार करते हैं व वाहनों को फाइनेंस पर खरीदकर उनके इंजन व चेसिस नंबर बदलकर बाद में उनका रजिस्ट्रेशन अरुणाचल प्रदेश व अन्य राज्यों से कराकर उन्हें बेंचते हैं तथा अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करते है। वे फर्जी आधार कार्ड के माध्यम से बैंक खाते खुलवाकर लोन करवाते हैं और इन्हीं फर्जी दस्तावेजों का उपयोग वाहन पंजीकरण में करते हैं।

आरसी तैयार होने के बाद जिस वाहन की आरसी बनती है उसी प्रकार का दूसरा वाहन खरीदकर उस पर फर्जी आरसी के अनुसार इंजन नंबर, चेसिस नंबर व रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित कर देते हैं। जिससे फाइनेंस व चोरी वाला वाहन पकड़ में नहीं आता। इस प्रकार तैयार किए फर्जी आरसी व बदले इंजन चेसिस नंबर वाले वाहनों को वे सब मिलकर लोगों को असली बताकर बेंच देते हैं। जिससे उन्हें भारी आर्थिक लाभ भी प्राप्त होता है।

# क्रिकेट में भारत से हार के डर से पीछा हटा पाक: संगीत सोम

**मुजफ्फरनगर।** अपने ब्यानों के लिए चर्चित रहने वाले सरधना क्षेत्र के भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा कि क्रिकेट मैच में हार के डर से पाकिस्तान ने भारत के साथ खेलने से मना किया है, क्योकि उन्हे पता है कि वह भारत से कभी नहीं जीत सकते।

संगीत सोम सोमवार को व्यापारी नेता विजय प्रताप सिंह के निजी कार्यक्रम में पहुंचे थे उन्होने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारत के साथ क्रिकेट मैच में पाकिस्तान की हार निश्चित है इसी डर से पाकिस्तान पहले ही मैच से किनारा कर चुका है।

उन्होने कहा कि हारने पर पाकिस्तान में खिलाडियों की पिटाई होती है इसलिए पहले से ही पाकिस्तान ने एक तरह से हार मान ली। बजट पर पूछे गए सवाल पर उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी वर्गो और गरीबों का ध्यान रखते है उनकी दूरदर्शिता का ही परिणाम है बजट।

# प्रदूषण से निपटने को गांवों में शुद्ध पानी और हवा के लिए काम करेंगे उद्यमी

## प्रशासन की मध्यस्थता वाली बैठक में दोनों पक्षों के बीच बनी सहमति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदूषण को लेकर उठ रहे सवालों के घेरे में आए उद्योगों और किसान संगठनों के बीच जिला प्रशासन की मध्यस्थता में बैठक में आरडीएफ जलाने और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदूषण की शिकायतों पर खुलकर चर्चा हुई।

दरअसल उद्योगों के आरडीएफ जलाने की आड़ में म्यूनिसिपल सोलिड वेस्ट जलाए जाने के आरोपों के बाद जन्मे विवाद पर उद्योगों की ओर से किए गए उपायों और सुधार कार्यों की समीक्षा के लिए अफसरों ने उद्यमियों और किसान संगठनों के साथ बैठक में प्रदूषण यातायात, सफाई और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में एडीएम प्रशासन संजय सिंह ने बताया कि दिसंबर माह में हुई पिछली बैठक में जिन बिंदुओं पर सहमति बनी थी, उन पर उद्योगों ने कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में फैक्ट्रियों के आसपास टाइल्स लगवाने, नियमित सफाई, धूल नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव, पौधारोपण और गांवों में शुद्ध पेयजल के लिए आरओ वाटर कूलर लगाने जैसे सुझाव रखे गए हैं।बैठक में मुख्य रूप से किसान नेता राकेश टिकैत, भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी, योगेश शर्मा के अलावा पेपर मिल एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, राजेश जैन, विपुल भटनागर, अंकित बिंदल आदि उद्योगपति और किसान नेता व अधिकारी मौजूद रहे।

**बोले राकेश टिकैत-कार्यवाही क्या हुई धरातल पर दिखाएं :** जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण को लेकर चिंता जताई और उद्योगों से अपेक्षा की कि वे केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्यवाही धरातल पर दिखाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जीवन को प्रदूषण के खतरनाक प्रभाव से बचाने के लिए उद्योगों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है।

**उद्यमियों ने गिनाएं किए गए काम, कहा आधी समस्याओं का किया हल:** उद्योगों की ओर से उत्तर प्रदेश पेपर मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष और बिंदल डुप्लैक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पंकज अग्रवाल ने बताया कि पिछली बैठक में किए गए वादों पर अमल किया गया है।भोपा रोड और जानसठ रोड पर स्थित फैक्ट्रियों के आसपास सफाई अभियान चलाया गया, सिल्ट हटाई गई और यातायात व्यवस्था को सुचारू किया गया, जिससे जाम की समस्या में कमी आई है। उन्होंने कहा कि जहां खाई और प्रदूषण की शिकायतें थीं, उनमें से करीब आधी समस्याओं का समाधान कर लिया गया है।उन्होंने यह भी बताया कि अब वाहनों को फैक्ट्री परिसर के भीतर ही प्रवेश दिया जा रहा है ताकि सड़कों पर जाम न लगे। उद्योगों की ओर से स्पष्ट किया गया कि केवल आरडीएफ का ही उपयोग किया जा रहा है और कहीं भी एमएसडब्ल्यू नहीं मंगाया जा रहा।उद्योगों की ओर से वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उन्नत तकनीक वाली मशीनरी लगाने का भी आश्वासन दिया गया है। इन सभी कार्यों को सीएसआर फंड के माध्यम से कराने की बात सामने आई।अगली बैठक होली के बाद 16 अप्रैल को आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

# शब-ए-बरात पर आतिशबाजी और फ़िज़ूल बातों से बचने की नसीहत

## उलेमाओं ने बताई माह-ए-शाबान की फजीलत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शब-ए-बरात की अहमियत पर रोशनी डालते हुए उलेमाओं ने माह-ए-शाबान के महत्वपूर्ण फ़ज़ाइल बयान किए। उन्होंने कहा कि पैग़म्बर-ए-इस्लाम ने माह-ए-शाबान की निस्बत अपनी तरफ़ की है और फ़रमाया है कि शाबान मेरा महीना है। आप रसूलुल्लाह इस महीने में कसरत से रोज़े रखते थे। शाह वालीउल्लाह इस्लामिक अकादमी में आयोजित मजलिस की शुरुआत मास्टर दानिश क़ुरैशी ने नात-ए-नबी पढ़कर की।

मौलाना मुफ़्ती ज़हीर अहमद क़ासमी अलीगढ़ ने माह-ए-शाबान के महत्वपूर्ण फ़ज़ाइल बयान किए। क़ारी मुहम्मद ख़ालिद बशीर क़ासमी ने कहा कि माह-ए-शाबान और विशेष रूप से शब-ए-बरात के संबंध में कुछ ख़ास लोग फ़ज़ाइल व अहमियत का इनकार करते हैं और कुछ लोग अवाम में कई अमलों पर ज़ोर देते हैं दोनों ही बातें सही नहीं हैं। इस दौरान मुफ़्ती हकीम अब्दुस्सत्तार क़ासमी, क़ारी ज़रीफ़ अहमद, महबूब आलम एडवोकेट, मास्टर अख़्तर ख़ान, परवेज़ रसूल क़ुरैशी ने शब-ए-बरात के मौक़े पर आतिशबाज़ी, बाइक स्टंट, क़ब्रों पर चिराग़ां और अन्य ख़ुराफ़ात से परहेज़ करने की हिदायत देते हुए शांति और कानून का पालन करने पर ज़ोर दिया।

# प्रेमिका के सहयोग से पुराने आशिक को किया था कत्ल

## विधवा व उसके प्रेमी को पुलिस ने भेजा जेल, आपत्तिजनक हालत में देखकर उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 'एक फुल दो माली' की कहानी में प्रेमी ने प्रेमिका के साथ मिलकर दूसरे प्रेमी को मौत के घाट उतारा और पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया। आरोपी प्रेमी उस वक्त आक्रोशित हो गया था जब उसने अपनी प्रेमिका को पहले प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया, हालांकि पुलिस की कहानी और लोगों में चर्चा यह बता रही है कि योजना के तहत आरोपी ने अपनी प्रेमिका के सहयोग से युवक को घर बुलाया और उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। चर्चा यह भी है कि आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद प्रेमी को गुस्सा आया और उसको हमेशा के लिए अपने रास्ते से हटा दिया। कुल मिलाकर युवक को चाहे आपत्तिजनक हालत में देखकर गुस्सा आया या फिर योजना के तहत युवक को बुलाकर उसकी हत्या की गई, इससे यह साफ हो रहा है कि हत्या में युवती की मुख्य भूमिका रही। पुलिस लाइन के सभागार में आयोतिज प्रेस वार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा और सीओ मंडी संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि एक फरवरी को नई मंडी के सरवट फाटक के नाले में एक अज्ञात शव मिला था जिसकी पहचान संजीव उर्फ जीवन पुत्र बलवीर निवासी हरिनगर पुरकाजी के रूप में कर ली गई थी।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए भागदौड शुरू की और इस मामले में सादिक पुत्र असगर निवासी ग्राम हरसौली थाना शाहपुर और सोनिया पत्नी स्व. रोहित पुत्री अनिल निवासी हरसौली को गिरफ्तार किया। एसएसपी ने जानकारी दी कि मृतक जीवन और सोनिया के बीच करीब बारह वर्षो से संबंध थे। सोनिया अपने मामा के घर हरिनगर पुरकाजी में आती रहती थी और पडौसी सादिक से भी उसके संबंध हो गए थे। सादिक और सोनिया के संबंध होने के बाद सादिक को यह जानकारी मिली कि उसकी प्रेमिका जीवन नामक युवक से भी मिलती है तो उसने जीवन की हत्या की योजना बना डाली, क्योकि सादिक को सोनिया और जीवन का मिलना नागंवार लगा था। एसएसपी ने बताया कि 31 जनवरी की रात्रि को सोनिया ने फोन करके जीवन को बुलाया। इसके बाद सोनिया जीवन को घर ले गई और योजना के तहत सादिक ने पीछे से रस्सी डालकर उसका गला दबा दिया और सोनिया ने उसके दोनो पैर पकड लिए। एसएसपी का कहना है कि दोनो ने मिलकर जीवन को मार डाला और शव को नाले में फेंक दिया। पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है।

# बीच सड़क पर चैन घुमाने वाला युवक हवालात में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इंस्टाग्राम पर फॉलोवर बढ़ाने के लिए जहां युवक व युवतियां अपनी जान की बाजी लगाने से भी पीछे नहीं हट रहे है तो कुछ युवक दबंगता दिखाने के लिए हथियारों का प्रदर्शन करते सोशल मीडिया पर नजर आ रहे है।

सोमवार को भी एक ओर मामला मीनाक्षी चौक आर्य समाज रोड पर देखने को मिला जहां एक युवक वाहन की चैन घुमाकर लोगों पर आपना रोब गालिब करता नजर आ रहा है। इतना ही नहीं एक वाहन सवार व्यक्ति को भी गाली देने की वीडियो वायरल हो रही है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी को हवालात में डाल दिया है। आज सवेरे सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई जिसमें एक युवक हाथो में चैन लिए उसको बीच सड़क में घुमा रहा है जिससे आने-जाने वाले लोगों को गालियां भी दी गई। यह वीडियो अधिकारियों के संज्ञान में आई जहां पुलिस ने युवक का पीछा किया और विदित चौधरी पुत्र सुबोध कुमार निवासी एटूजेड कॉलौनी क्लब हाउस के पास नई मंडी को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि युवक सार्वजनिक स्थल पर अराजकता फैलाने और कानून व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर रहा था। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्यवाही कर रह है जो हथियारों का प्रदर्शन कर रहे है या फिर लोगों में खौफ फैलाने के लिए किसी चीज का प्रयोग कर रहे है। ऐसे ही मामले में विदित चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के हाथों में मोटर साईकिल की चैन थी और वह बीच सड़क में तेजी के साथ चैन को घुमाकर लोगों को भयभीत कर रहा था और यह सारा मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।





मुजफ्फरनगर: पुलिस लाइन में पत्रकारों को जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

# पीआरडी जवान ने लगाया अवैध वसूली का आरोप

## जिलाधिकारी कार्यालय में दिया शिकायती पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** होमगार्ड तो कभी पीआरडी के जवान अपने ही विभाग पर रिश्वत मांगने जैसे गंभीर आरोपो को लेकर जिलाधिकारी और एसएसपी कार्यालय में देखे जा सकते है। ऐसे कई मामले पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में आए जहां होमगार्ड ने ड्यूटी लगाने के नाम पर पैसे मांगने या अन्य मामले को लेकर उत्पीडन जैसे आरोप लगाए। सोमवार को भी एक महिला पीआरडी जवान ने अपने ही विभाग पर अवैध रूप से धन मांगने का आरोप लगाया है। इस मामले की शिकायत अधिकारियों से की गई।



सोमवार को पीआरडी की महिला जवान पुलिस और जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंची। पीआरडी जवान ने एक लिखित शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका नाम अंशू तोमर है। साथ ही यह भी आरोप लगाया कि ग्राम्य विकास विभाग के वरिष्ठ सहायक सतीश कुमार और अन्य अधिकारी ने ब्लॉक स्तर पर ड्यूटी लगाने के एवज में उससे एक हजार रूपये की मांग की है। पीआरडी जवान का यह भी आरोप है उसको लगातार मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। बता दे कि इस तरह की शिकायते पहले भी अधिकारियों के दरबार में पहुंच चुकी है।

# बिचौलिया सहित कई लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** दहेज उत्पीडन से परेशान विवाहिता ने बिचौलिया व पति सहित कई लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। बिचौलिया पर रिश्ते में पैसे लेने का आरोप और पति पर संबंध न बनाने का आरोप लगाया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने एक तहरीर देते हुए ससुराल के लोगों पर दहेज उत्पीडन, मारपीट व यौन उत्पीडन जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया था। पीड़िता मरियम पुत्री शईद अहमद निवासी लद्दावाला थाना शहरकोतवाली नेअपनी पीडा सुनाते हुए बताया था कि इस शादी का बिचौलिया साजिद पुत्र महमूद निवासी लद्दावाला है और उसी ने रिश्ता मौ. असलम पुत्र मौ. अनवार निवासी खादरवाला से तय कराया था। शादी के समय बताया गया कि युवक का बड़ा कारोबार है और उसका करोडो का प्लाट भी बताया था। पीड़िता ने बिचौलिया पर आरोप लगाया कि बिचौलिया ने उनसे 25 हजार रूपये रिश्ता कराने की पेशगी की और उनको भरोसा दिया था। 8 नवंबर 2023 को शादी हुई, लेकिन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पति जावेद ने बीमारी का बहाना बनाकर उससे संबंध नहीं बनाए। पीड़िता ने ससुर पर भी गंभीर आरोप लगाए। पुलिस ने बिचौलिया सहित कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।




# पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने तहसीलदार के विरुद्ध दिया धरना

## सड़कों पर उतरकर की नारेबाजी, एसडीएम को दिया ज्ञापन, 12 फरवरी को बड़े आंदोलन की हुई घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने तहसीलदार बुढ़ाना के विरुद्ध पूर्व घोषणा के अनुसार मोर्चा खोलकर पहले तो ब्लाक परिसर में मीटिंग कर आंदोलन की रणनिति तैयार की ओर फिर हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर सड़कों पर उतरकर तहसीलदार हाय हाय के नारे लगाए। फिर तहसील परिसर में एसडीएम आफिस के बाहर दरा बिछाकर धरना प्रदर्शन कर मौके पर पहुंचे न्यायिक एसडीएम श्रीकांत विश्वकर्मा को डीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर तहसीलदार के विरुद्ध कार्यवाही न होने पर 12 फरवरी को बड़ा आंदोलन करने की घोषणा की जबकि एसडीएम ने 3 दिन में सब मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। ज्ञापनध में कहा गया कि कुछ दिन पूर्व कुछ लोगों की समस्या को लेकर पूर्व



प्रमुख विनोद मलिक द्वारा तहसीलदार बुढाना से समय लेकर मिलने की बात कही गयी थी। समस्या करीब 1 वर्ष से भी ज्यादा समय से तहसीलदार स्तर पर लम्बित थी। इसे लेकर तहसीलदार से मिले थे। जिसमें पूर्व प्रमुख विनोद मलिक द्वारा फोन पर वार्ता व मौखिक रूप से भी वार्ता हुई परन्तु तहसीलदार ने पीडितों से कार्य करने की एवज में पैसो की मांग की। जिसमें कृषक काजल पत्नी सुशील ग्राम कुरालसी 2021 से दाखिल खारिज नहीं हुआ है। देशबन्धु पुत्र रविदत्त आदि निवासी मौहम्मदपुर राय सिंह जान बुझकर गलत हिस्सा करा गया फिर पैसे मांगे गये यह कार्य लगभग एक वर्ष से लम्बित है।

राजबीर पुत्र आशाराम अपनी पोत्री ऐंजल के जाति प्रमाण पत्र के लिये 3 महीने से लगातार चक्कर लगा रहे है इसे गुंडा व बदमाश बताकर ऑफिस से बाहर निकाल दिया। काल. ूराम पुत्र मांगेराम निवासी मौहम्मदपुर राय सिंह अपने पुत्र हिमांशु व पुत्री हिमांशी का जाति प्रमाण पत्र बनवाये के लिये आये थे और उसे भी जाति सूचक शब्द जुल्हाटे कहते हुये गुण्डा मवाली कहकर ऑफिस से बाहर निकाल दिया और गुस्से में कागज नीचे फर्श पर फेंक दिये। हरि ओम पुत्र सेवाराम निवासी ग्राम कुरालसी का चकरोड का मामला खसरा नंबर 119 के लिए टीम गठित की गयी जिसके द्वारा आज तक कोई कार्य नहीं किया गया व 50 हजार रूपयो की मांग की गयी। जिसके कारण आज तक कोई कार्यवाही नही हुयी। तहसीलदार द्वारा पीडितो के साथ अभ्रद व्यवहार किया जाता है। इसलिए सब तथ्यो पर 3 दिन के अन्दर सख्त कार्यवाही करें। अगर कार्यवाही न हुई तो वे तहसीलदार को उनके कार्यालय में नहीं बैठने देंगे। जिसमें एक बडा आन्दोलन 12 फरवरी को होगा। जिसमें हजारों लोग भाग लेगें और आन्दोलन का नेतृत्व गठवाला खाप के बाबा चौधरी बलजीत सिंह मलिक, बाबा चौधरी राजेन्द्र सिंह मलिक व थाम्बेदार बाबा चौधरी श्याम सिंह मलिक करेगें। जिसकी पूर्णतया जिम्मेदार प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में हुसैनपुर कलां प्रधान सरवर खान, लविश जांगिड, बालकिशोर त्यागी, सुमित राठी, मनोज कुमार, रितेश राठी, साजिद राणा, डाक्टर सुभाष चंद्र, अजय राठी, धारा सिंह, रामोतार, गजेंद्र, वेदपाल राठी, पूर्व जिपं सदस्य अब्दुल जब्बार व मनोज प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

## बुढ़ाना पुलिस का काला कारनामा......

# सीओ से चौकी इंचार्ज से 10 हजार रुपये दिलाने की मांग

### पीड़ित से 10 हजार रुपये लेने के बाद भी बाप बेटे को भेजा था जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस का एक ऐसा काला कारनामा सामने आया है जिसमें बुढ़ाना एसडीएम कोर्ट से आदेश होने के बावजूद भी पुलिस ने पीड़ित पिता और पुत्र को जेल भेज दिया और उनसे दस हजार रुपये की रकम भी डकार ली और अलग से मारा पीटा भी। अब पीडित पिता और पुत्र ने सीओ बुढाना से अपनी रकम वापस दिलाए जाने की गुहार लगाई है। सीओ ने पीड़ित को जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। मिली जानकारी के अनुसार आसिफ पुत्र तैय्यब निवासी ग्राम रसूलपुर दभेडी ने बताया कि उसका एक चक गांव में खतौली बुढाना मार्ग पर स्थित है। जिसके पीछे दक्षिण दिशा में एक खसरा हसीना के नाम पर दर्ज है जो उससे अलग है मगर हसीना का पुत्र इस्लाम पुत्र शमशाद उसके कार्य में बाधा डाल रहा है और पुलिस को 112 पर फोन कर झूठी सूचना देकर उसके विरूद्ध झूठी शिकायत कर उसे परेशान कर रहा है। मौके पर आकर गाली गलोचकर झगडे पर उतारु रहता है। वो अन्य लोगों से भी उसे धमकियां दिलवाकर कहता है कि यदि उसने अपने चक में घर बनाना बंद नही किया तो उसे जान से हाथ धोना पड़ेगा। उसके पक्ष में एसडीएम कोर्ट से भी आदेश हो चुका हैं फिर भी वो नही मान रहा है। वे उसके चक में रास्ता निकालना चाहते हैं जो कि गैर कानूनी है। अब आरोप के मुताबिक जब एसडीएम कोर्ट से आदेश आए तो आसिफ ने अपने चक में काम करना शुरु कर दिया तो आरोपी इस्लाम ने उसकी झूठी शिकायत उमरपुर पुलिस चौकी पर कर दी तो



पुलिस ने पीडित के पिता की मदद करने के बजाए उसके पिता तैय्यब को पकड़कर उसके पुत्र आसिफ को बुलाकर थाने में मारपीट कर 10 हजार रुपये लेकर दोनों पीड़ित पिता पुत्र का शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया। इस बारे में पीडित ने बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह को शिकायत कर पुलिस से अपने रुपये दिलाए जाने की गुहार लगाई है। उधर आरोपी अब फिर से पीडित को अपने चक में काम शुरु करने पर इस बार बड़े केस में जेल भिजवाने की धमकी दे रहा है। कुल मिलाकर पुलिस आरोपी को पकड़ने के बजाए पीड़ित पक्ष को ही डरा धमका रही है। जो कि चर्चा का विषय बना है। एसडीएम कोर्ट के आदेश के बाद भी उसे पुलिस द्वारा काम नहीं करने दिया जा रहा।

## विश्व वेटलैंड दिवस पर हैदरपुर वेटलैंड में जैव विविधता संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**मीरापुर।** विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर हैदरपुर वेटलैंड (रामसर साइट), गंगा बैराज के निकट जिला गंगा समिति द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वेटलैंड संरक्षण के साथ-साथ परंपरागत ज्ञान और सांस्क्रतिक विरासत के महत्व को रेखांकित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत नेचर वाक, बर्ड काउंटिंग एवं बर्ड वाचिंग से हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने हैदरपुर वेटलैंड में पाई जाने वाली समृद्ध जैव विविधता और प्रवासी पक्षियों का अवलोकन किया। विशेषज्ञों ने पक्षियों की प्रजातियों, उनके आवास और संरक्षण की आवश्यकता पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल तथा विशिष्ट अतिथि मीरापुर विधायक मिथलेश पाल उपस्थित रहीं। इसके पश्चात जैव विविधता संरक्षण के प्रतीक के रूप में कछुआ विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे वेटलैंड संरक्षण का संदेश दिया गया। डा. वीरपाल निर्वाल द्वारा कछुवा शावक की तीन प्रजातियों के बच्चो को गंगा में कछुवो के संवर्धन के लिए गंगा में छोडा गया। इस अवसर पर हैदरपुर वेटलैंड पक्षी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया, जिसमें क्षेत्र में पाए जाने वाले स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई। प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया तथा वेटलैंड के महत्व, रामसर साइट की अवधारणा और हैदरपुर वेटलैंड की वैश्विक पहचान पर प्रस्तुति दी गई। ईडीसी द्वारा किए जा रहे संरक्षण कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा हुई। विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए,

### भूमि विवाद में अनुसूचित जाति के किसान से मारपीट

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर में भूमि विवाद के चलते अनुसूचित जाति के एक किसान के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल किसान को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिर" तार कर जेल भेज दिया है।

ग्राम कुतुबपुर निवासी संतराम का गुलजार पुत्र खलील तथा आजाद पुत्र मोहम्मद से काफी समय से भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि उक्त लोग जमीन हड़पने की नीयत से आए दिन संतराम से झगड़ा करते रहते थे। बताया गया कि कुछ दिन पूर्व गांव के वसीम और आसिफ ने संतराम को बहाने से बिजलीघर पर बुलाया, जहां उसके साथ मारपीट की गई और घायल अवस्था में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल संतराम को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद पीड़ित के पुत्र सौरभ ने थाने में तहरीर देकर वसीम, आसिफ, गुलजार, आजाद तथा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी आसिफ पुत्र शरीफ को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और उन्हें भी शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मुझेड़ा सादात में खेतों की विद्युत लाइन के तार चोरी

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुझेड़ा सादात व गढी मुझेड़ा निवासी किसानों ने थाने में तहरीर देकर अवगत कराया कि अज्ञात चोरों द्वारा खेतों से होकर गुजरने वाली विद्युत लाइन के तार चोरी कर लिए गए हैं। पीड़ितों के अनुसार खुर्शीद पुत्र जुम्मा के खेत से लेकर अनीश उर्फ अकबर, मांगू, इमरान, मुन्ना, शान मोहम्मद, इकबाल व सिरजू के खेतों से होते हुए संतरपाल पुत्र सीरिया के खेत तक विद्युत आपूर्ति के लिए डाले गए दोनों तार अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। बताया गया कि सोमवार की सुबह जब किसान अपने खेतों पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि सिंचाई के लिए लगी विद्युत लाइन के तार मौके से गायब थे। किसानों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन तारों का कोई सुराग नहीं लग सका। इस घटना से क्षेत्र के किसानों में रोष और चिंता का माहौल है। किसानों का कहना है कि वर्तमान समय में गेहूं, मटर, सरसों और गोभी जैसी फसलों की सिंचाई के लिए पानी की अत्यंत आवश्यकता है। यदि समय पर सिंचाई नहीं हो सकी तो फसलों को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है। पीड़ित किसानों ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और शीघ्र विद्युत लाइन बहाल कराने की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश की जा रही है।

## जीवन कांड को लेकर खफा हुए अनुज कश्यप

**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय कश्यप निषाद युवा मोर्चा एवं पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अनुज सुधाकर कश्यप ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बतलाया कि नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के सरवट में जीवन उर्फ संजीव कश्यप का शव नाले में बोरे में बंद पाया गया। उनके कान पर चोट के निशान थे। जिससे यह स्पष्ट है कि उनकी हत्या की गई है। जीवन जो विधानसभा पुरकाजी के गांव हरिनगर का निवासी था को इस तरह से मारा जाना कश्यप समाज के लिए एक गहरी चिंता का विषय है। आजकल कश्यप समाज पर हो रहे अत्याचारों की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। कभी किसी को जिंदा जलाया जाता है तो कभी किसी की हत्या कर शव को फेंक दिया जाता है। हम यह सवाल उठाते हैं कि क्या यह सब सिर्फ कागज़ों में लिखी व्यवस्था बनकर रह गया है। क्या कानून व्यवस्था केवल भाषणों और काग़ज़ों तक सीमित रह गई है। हम सरकार और प्रशासन से अपील करते हैं कि ऐसी घटनाओं पर तुरंत रोक लगाई जाए। अगर इन अपराधों को रोकने के



लिए हमारे समाज का सहयोग चाहिए तो हम पूरी तरह से तैयार हैं। हम नहीं चाहते कि हमारे समाज के लोग इस तरह के अत्याचारों का शिकार हों। हमें उम्मीद है कि सरकार इस गंभीर मुद्दे को शीघ्र सुलझाएगी और ठोस कदम उठाएगी। यदि यह सिलसिला यहीं रुकता नहीं है तो कश्यप समाज सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होगा। योगी की जीरो टालरेंस नीति और ला एंड आर्डर की बातें अब सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं हो सकती। क्या यह मेरे कश्यप समाज के लोगों के साथ होने वाले अत्याचारों को इसी तरह सहन किया जाता रहेगा। अगर यह नहीं रुकता है तो हम कश्यप समाज के सभी संगठनों से निवेदन करते हैं कि हमें सड़कों पर उतरना होगा। सरकार की मंशा साफ है और हमें इसे समझने की आवश्यकता है।

## स्कूल जाती छात्रा से छेड़छाड़, बाइक से जानबूझकर मारी टक्कर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली कोतवाली क्षेत्र में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गांव की एक 11वीं कक्षा की छात्रा के साथ सरेराह छेड़छाड़ और जानबूझकर टक्कर मारने का मामला सामने आया है।

घटना में छात्रा घायल हो गई, जबकि आरोपी युवक मौके से फरार हो गया।पीड़ित परिवार द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, 15 वर्षीय छात्रा रोज की तरह साइकिल से स्कूल जा रही थी।

आरोप है कि गांव का ही एक युवक लंबे समय से उसका पीछा कर रहा था और उस पर बातचीत करने का अनुचित दबाव बना रहा था। छात्रा द्वारा विरोध करने पर युवक ने उसे समाज में बदनाम करने की धमकी भी दी थी।

सोमवार को रास्ते में आरोपी ने छात्रा को रोककर अभद्र टिप्पणी की। जब छात्रा ने विरोध किया तो युवक ने अपनी बाइक से उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। घटना से छात्रा और उसका परिवार मानसिक रूप से सहमा हुआ है। परिजनों का कहना है कि आरोपी की हरकतों के चलते बेटी का स्कूल जाना भी मुश्किल हो गया है। मामले को लेकर छात्रा के भाई ने खतौली कोतवाली में आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। खतौली पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है और पीड़ित परिवार को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया है।

## एसडी इंजीनियरिंग में स्किल बेस्ड प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में प्रख्यात कंपनी TechMNHub द्वारा छात्र-छात्राओं के लिये "स्किल बेस्ड" प्लेसमेन्ट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस ड्राइव में कॉलेज के विभिन्न पाठ्यक्रमों से कुल 97 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से बहु-स्तरीय मूल्यांकन के उपरांत 13 विद्यार्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया।

यह चयन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कौशल-केंद्रित रही, जिसमें विद्यार्थियों की केवल अकादमिक जानकारी ही नहीं बल्कि उनकी व्यावहारिक सोच, संवाद क्षमता, समस्या समाधान कौशल और सीखने की इच्छा को प्राथमिकता दी गई। इस अवसर पर TechMNHub के संस्थापक एवं सीईओ निखिल तोमर एवं सह-संस्थापक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी माधव कात्यायन ने बताया कि TechMNHub का उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक कार्य अनुभव प्रदान कर उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है, जिससे वे आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बन सकें। TechMNHub द्वारा आयोजित इस प्रक्रिया की शुरुआत ओरिएंटेशन सेशन से हुई, जिसमें विद्यार्थियों को प्लेटफॉर्म के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और कार्य-अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद केस-बेस्ड परीक्षा के माध्यम से छात्रों की तार्किक एवं व्यावहारिक क्षमताओं का मूल्यांकन किया गया।

अंतिम चरण में विशेषज्ञों द्वारा साक्षात्कार लिया गया जिसमें विभिन्न डोमेन्स से संबंधित विषय जैसे-सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, वीडियो एडिटिंग एवं फोटोग्राफी, एंकरिंग व पब्लिक स्पीकिंग, इवेंट मैनेजमेंट और कंटेंट क्रिएशन रहे। जो भविष्य में वास्तविक प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने में लाभकारी सिद्ध होंगे। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने कहा आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में TechMNHub जैसी प्रतिष्ठित कंपनी के साथ इस प्रकार की पहल हमारे छात्रों को उद्योग से सीधे जोड़ने का कार्य करती है।

कॉलेज पहले सक ही ऐसे कौशल-आधारित कार्यक्रमों को निरंतर प्रोत्साहित करता आया और भविष्य में भी करता रहेगा। निदेशक डॉ0 सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि एस0 डी0 कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का निरंतर प्रयास रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ उद्योग-उन्मुख कौशल भी प्रदान किए जाएँ। TechMNHub द्वारा आयोजित यह चयन प्रक्रिया छात्रों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रकार के प्लेटफॉर्म विद्यार्थियों को वास्तविक चुनौतियों से परिचित कराते हैं और उन्हें प्रोफेशनल दुनिया के लिए तैयार करते हैं। हमें विश्वास है कि चयनित विद्यार्थी आने वाले समय में संस्थान का नाम गौरवान्वित करेंगे।

## यूजीसी के विरोध में संयुक्त स्वर्ण संघर्ष मोर्चा ने निकाली रैली

**मोरना।** संयुक्त स्वर्ण संघर्ष मोर्चा द्वारा यूजीसी कानून के विरोध मे एक रैली का आयोजन मोरना मे किया गया।जिसमें बड़ी संख्या मे स्वर्ण समाज के व्यक्तियों ने भाग लेकर विरोध प्रकट किया।व क्षेत्राधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। मोरना मे सोमवार को पुलिस चौकी पर इकठा हुए संयुक्त सवर्ण संघर्ष मोर्चा के ठाकुर सुमीत चौहान, अंकित, वीरेन्द्र, धर्मवीर सिंह,मैनपाल सिंह चौहान, प्रीतम,अंगुर सिंह, शरद शर्मा, अंकित चौहान, तारे सिंह, पप्पू मास्टर, अमित कुमार, अंजु कुमार आदि ने क्षेत्राधिकारी के नाम एक ज्ञापन थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह को देकर बताया की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा हाल ही में लागू किए गए ऐसे प्रावधान से सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की गंभीर आशंका उत्पन्न हो गई है।यूजीसी कानून के अंतर्गत सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों पर झूठे एवं निराधार आरोप लगाए जाने की संभावना है।जिससे बच्चों का शैक्षिक, सामाजिक व मानसिक भविष्य प्रभावित हो सकता है।कानून के दुरपयोग व सामाजिक तनाव वैमनस्य एवं जातिगत संघर्ष पैदा हो सकता है।

कार्यकर्ताओं ने चरण सिंह चौक से एक रैली मुख्य मार्गो पर निकाली यूजीसी कानून के विरोध मे केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी।

**सूचना**

मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित हाईस्कूल परीक्षा 2018, जिसका अनुक्रमांक 0521466 है, का प्रमाण पत्र-सहअंक पत्र वास्तव में कही खो गया है। यह परीक्षा मैने जनता इंटर कॉलेज कुटेसरा की छात्रा के रूप में उर्त्तीण की थी।

**सोनम पुत्री संयोगिता व अमन निवासी अमन हाऊस, लक्कड .पट्टी कुटेसरा मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित इंटरमीडिएट परीक्षा 2020, जिसका अनुक्रमांक 0446488 है, का प्रमाण पत्र-सहअंक पत्र वास्तव में कही खो गया है। यह परीक्षा मैने जयहिंद इंटर कॉलेज चरथावल की छात्रा के रूप में उर्त्तीण की थी।

**सोनम पुत्री संयोगिता व अमन निवासी अमन हाऊस, लक्कड .पट्टी कुटेसरा मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरे साले ईशान व अयान झगडालू किस्म के व्यक्ति है जो लोगो से पैसे उधार ले लेते है और ये मेरे साथ भी धोखाधड़ी करते है। मेरा अपने साले ईशान व अयान पुत्रगण इमरान निवासी ग्राम मोरना हाल निवासी मौहल्ला खालापार मुजफ्फरनगर से आज के बाद किसी प्रकार का कोई मतलब वास्ता नही रहा है और आज के बाद मैंने अपने साले ईशान व अयान से रिश्तेदारी खत्म कर दी है और मेरी पत्नी इसरा का भी अपने भाईयों ईशान व अयान से भाई-बहन का रिश्ता खत्म हो गया है। आज के बाद मेरे साले ईशान व अयान अगर किसी व्यक्ति से कोई पैसा उधार लेते है तो उसकी मेरी व मेरी पत्नी की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह स्वयं जिम्मेदार रहेगे।

वाजिद खान पुत्र कल्लन खान
निवासी मौहल्ला सद्दीकनगर
कस्बा व थाना खतौली
जिला मु. नगर

**INFORMATION**

I, Mukarram Ali, and my wife Mehroj Bano, Dadheru Kalan, Muzaffarnagar (U.P.). request correction of passport name mistakenly recorded as Mukarrum Ali and Mahraz Banoo.

**सूचना**

मेरा पुत्र आयुष्मन शर्मा गलत चाल चालन मे पड़ गया है। वह मेरे कहने सुनने मे नहीं है मैंने पुत्र आयुष्मन शर्मा से सभी संबंध विच्छेद कर लिए हैं और चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है

**शरद शर्मा पुत्र आनन्द शर्मा निवासी -ग्राम शुक्रताल बांगर थाना भोपा तहसील जानसठ जिला मुज़फ्फरनगर**

**बैठक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक-5-2-2026 को स्थान प्रस्तावित समिति कार्यालय मौ. अनस पुत्र रियासत अली ग्राम खेड़ी फिरोजाबाद तहसील जानसठ जिला मुज़फ्फरनगर समय दोपहर 1:00 बजे प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति ग्राम खेड़ी फिरोजाबाद वि.ख. मोरना तहसील जानसठ जिला मुज़फ्फरनगर के गठन हेतु बैठक का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत खेड़ी फिरोजाबाद के समस्त लोगो से अनुरोध है की उक्त बैठक मे ज्यादा से ज्यादा लोग भाग लें एवं समिति की सदस्यता हेतू स्वयं के आधार कार्ड एवं फोटो सहित आवेदन करें

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं 000996/ 25.01.2022 में गलती से पुत्र का नाम MOULIK ARORA दर्ज हो गया था

जबकि सही नाम MAULIK ARORA है

नाम संशोधन हेतु आवेदन पत्र विभाग मे प्रस्तुत किया गया है भविष्य मे इसी नाम से जाना जाए

**नितिन अरोरा**
**पुत्र स्व. विजय अरोरा**
**म.नं.- 435, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर**
**मो- 9997000143**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र वसीम व उसकी पत्नी शबनम मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। आये दिन लडाई झगडा करते है तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते रहते है। इसी से परेशान होकर मैने अपने पुत्र वसीम व उसकी पत्नी शबनम को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। अपने कृत्य व लेन-देन के लिए ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मौ.जुल्फुकार पुत्र मरहूम मकसूद**
**निवासी 1109 रामपुरी**
**थाना कोतवाली**
**जिला- मुजफ्फरनगर**

## श्री राम कॉलेज में भारत बौद्ध इंडियन नॉलेज सिस्टम परीक्षा का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित भारत बौद्ध इंडियन नॉलेज सिस्टम विषय की परीक्षा का आयोजन श्रीराम कॉलेज, स्वायत्तशासी, मुजफ्फरनगर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा का आयोजन कॉलेज के ब्लॉक-बी, द्वितीय तल में प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक किया गया।

परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में संबंधित पाठ्यक्रम की समझ, वैचारिक ज्ञान एवं बौद्धिक क्षमता का मूल्यांकन करना था। भारत बौद्ध इंडियन नॉलेज सिस्टम परीक्षा का संचालन डॉ. प्रेरणा मित्तल, वरिष्ठ अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में किया गया। यह परीक्षा पूरी तरह से संस्थागत नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप, निष्पक्ष, अनुशासित एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराई गई। परीक्षा के लिए कुल 71 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 63 छात्र उपस्थित रहे तथा 8 छात्र अनुपस्थित रहे। छात्रों की उपस्थिति संतोषजनक रही, जिससे परीक्षा आयोजन की पूर्व तैयारियों एवं समय-सारणी के प्रभावी प्रसार को दर्शाया गया। परीक्षा का संचालन डॉ. प्रेरणा मित्तल, वरिष्ठ अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में किया गया। परीक्षा प्रभारी के रूप में श्रीमती नीतू सिंह एवं श्री विकास कुमार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परीक्षा कक्षों में बैठने की समुचित व्यवस्था, अनुशासन, निगरानी एवं संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

परीक्षा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक पूर्ण हुई। इस अवसर पर श्री राम कॉलेज, मुजफ्फरनगर की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने कहा कि इंडियन नॉलेज सिस्टम हमारी समृद्ध भारतीय ज्ञान परंपरा को विद्यार्थियों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इस प्रकार की परीक्षाएँ विद्यार्थियों में भारतीय संस्क्रति, मूल्यों एवं बौद्धिक चेतना को विकसित करती हैं। कॉलेज में परीक्षा का आयोजन पूरी पारदर्शिता, अनुशासन एवं नियमानुसार किया गया। हमें प्रसन्नता है कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई।अंत में कॉलेज प्रशासन द्वारा परीक्षा से जुड़े समस्त अधिकारियों, शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ के प्रयासों की सराहना की गई, जिनके कुशल समन्वय एवं सतर्कता से परीक्षा का आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सका।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र सं. 13447/2.12.2021 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण नाम अविका त्यागी दर्ज नही कराया गया। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम यही है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**शुभम त्यागी**
**ग्राम व पोस्ट मुबारिकपुर**
**मु.नगर मो. 7456939557**

## हिंदू महासभा के अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन बुढाना कस्बे के मौहल्ला भारत चौक पर सार्वजनिक रूप से अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर मिठाई बाटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गयी।

यह कार्यक्रम अखिल भारत हिंदू महासभा मुजफ्फरनगर के जिला उपाध्यक्ष सचिन पाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से कार्यकर्ताओ में शिवम गहलोत, कमल पाल, विपिन पाल, निखिल पाल, अजय पाल, विकास कुमार, बालेंद्र प्रजापति, मोहित कुमार, मोहित जांगिड़ और मंडल अध्यक्ष डाक्टर गौरव त्यागी आदि कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## मुस्लिमों के लिए अहम है शब-ए-बारात : सिराज मलिक

**( भाग्य शर्मा )**

**शाहपुर।** कस्बे के मशहूर वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी एवं गवर्नमेंट ठेकेदार सिराज मलिक ने शाह टाइम्स संवाददाता भाग्य शर्मा को शब-ए-बारात के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि शब-ए-बारात के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों और कब्रिस्तानों में जाकर अपने और पूर्वजों के लिए खुदा से इबादत करते हैं। घरों को विशेष रूप से सजाया जाता है।

मस्जिद में नमाज पढ़कर अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगी जाती है। इस दिन घरों में पकवान जैसे हलवा, बिरयानी, कोरमा आदि बनाया जाता है। वहीं इबादत के बाद इसे गरीबों में बांटा जाता है। इस दिन मस्जिदों और कब्रिस्तानों में खास तरह की सजावट की जाती है। कब्रों पर चिराग जलाकर उनके लिए मगफिरत की दुआएं मांगी जाती हैं।

इस्लाम में इसे चार मुकद्दस रातों में से एक माना जाता है, जिसमें पहली आशूरा की रात, दूसरी शब-ए-मेराज, तीसरी शब-ए-बारात और चौथी शब-ए-कद्र होती है। क्यों खास है शब-ए-बारात? इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार, शब-ए-बारात की रात हर साल में एक बार शाबान महीने की 14 तारीख को सूर्यास्त के बाद शुरू होती है। शब-ए-बारात का अर्थ है शब यानी रात और बारात यानी बरी होना। शब-ए-बारात के दिन इस दुनिया को छोड़कर जा चुके पूर्वजों की कब्रों पर उनके प्रियजनों द्वारा रोशनी की जाती है और दुआ मांगी जाती है। मान्यता के अनुसार इस रात को अल्लाह अपने चाहने वालों को हिसाब-किताब रखने के लिए आते हैं। इस दिन जो भी सच्चे मन से अल्लाह से अपने गुनाहों के लिए माफी मांगते हैं। ऐसा करने से अल्लाह उनके लिए जन्नत के दरवाजे खोल देते हैं। शब-ए-बारात मुस्लिम समुदाय के प्रमुख पर्वों में से एक है। यह इबादत की रात होती है। इस साल देश भर में शब-ए-बारात का त्योहार आज 3 फरवरी को मनाया जाएगा। यह त्योहार चांद के दिखने पर निर्भर होता है। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार शब-ए-बारात शाबान महीने की 15 वीं तारीख की रात को मनाई जाती है। इस्लाम धर्म में माह-ए-शाबान बहुत मुबारक महीना माना जाता है। यह दीन-ए-इस्लाम का आठवां महीना होता है। कहा जाता है कि शब-ए-बारात में इबादत करने वाले लोगों के सारे गुनाह माफ हो जाते हैं। इसलिए लोग शब-ए-बारात में लोग रात भर जागकर अल्लाह की इबादत करते हैं और उनसे अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। ऐसा करने से अल्लाह उनके लिए जन्नत के दरवाजे खोल देते हैं।

## उत्तर प्रदेश राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है अटल आवासीय विद्यालय

**मुजफ्फरनगर।** शिक्षा के माध्यम से श्रम वीरों के बच्चों की सेवा करने का बीड़ा राज्य सरकार ने उठाया है। अटल आवासीय विद्यालय उत्तर प्रदेश राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है, शिक्षा से बड़ी कोई सेवा नहीं है और वह भी खास तौर से श्रम वीरों के बच्चों की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मानते हैं कि जो श्रम वीर अपने बच्चों को शिक्षा किन्हीं कर्म से नहीं दे पाते उनको शिक्षा मिलनी चाहिए इसके लिए उनका अधिकारियों को कल निर्देश रहता है कि वह पूर्ण श्रम वीरों के बच्चों को जरूर अटल आवासीय विद्यालय योजना के अंतर्गत चल रहे स्कूलों में भरती करने का काम वार्ता के आधार पर करें।देश के प्रत्येक मंडल में केंद्र सरकार के सहयोग से एक-एक अटल आवास विद्यालय योजना की स्थापना की गई है, जिसमें प्रति विद्यालय लगभग 1000 बच्चों का दाखिला किया जाता है।मुजफ्फरनगर जनपद के तहसील जानसठ के गांव नगला बुजुर्ग में अटल आवासीय विद्यालय योजना के अंतर्गत एक स्कूल की स्थापना की गई थी जिसमें लगभग 800



बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जहां पर उनके रहने सहने का पूर्ण इंतजार है तथा शिक्षा भी नि:शुल्क है।

इस अटल आवासीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या बराबर के अनुपात में रखी गई है तथा वहां पर हर विषय की पढ़ाई कराई जाती है। विद्यालय में रसायन विज्ञान जीव विज्ञान और समग्र विज्ञान की प्रयोगशालाएं भी स्थापित की गई है ताकि बच्चों को विज्ञान के बारे में पर्याप्त जानकारी मिल सके। इसके अतिरिक्त विद्यालय में एक समृद्ध पुस्तकालय भी है जहां पर बच्चे बैठकर अपना अध्ययन करते हैं कक्षाओं में बच्चों को पढ़ने के लिए डिजिटल बोर्ड लगाए गए इस आवाज से स्कूल में रह रहे बच्चों की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम है खेलकूद के लिए एक अलग से परिसर है और छात्राओं के लिए अलग से खेल शिक्षक की नियुक्ति हुई की गई है छात्रों की सुरक्षा के लिए भी पर्याप्त इंतजाम है विद्यालय के अंदर हर कोने में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं ताकि बच्चों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। बच्चों को ड्रेस के अलावा मुफ्त स्टेशनरी भी प्रदान की जाती है मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आवेदन करने वाले छात्राओं को भी लाभ दिया जाता है। हर वर्ष दिसंबर माह से छात्राओं के प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

# तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ताओं की आर-पार

■ भ्रष्टाचार के कारण जनता को नहीं मिल रहा न्याय

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली तहसील के राजस्व कार्यालयों एवं न्यायालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमित. ताओं और जनहित के मामलों में हो रही गंभीर लापरवाही के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन सोमवार को दूसरे दिन भी पूरी मजबूती के साथ जारी रहा। खतौली बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया, नारेबाजी की और जुलूस निकालकर तहसील प्रशासन पर अवैध लेनदेन को संरक्षण देने के गंभीर आरोप लगाए।

बार एसोसिएशन ने मांगों के पूर्ण निस्तारण तक अनिश्चितक. ालीन हड़ताल जारी रखने का ऐलान किया, जिसके चलते राजस्व न्यायालयों में समस्त न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप रहा।

आंदोलन की अगुवाई बार अध्यक्ष नवीन कुमार उपाध्याय एवं महासचिव प्रदीप कुमार एडवोकेट ने की। अधिवक्ताओं का आरोप है कि तहसील के राजस्व न्यायालयों, आरके कार्यालय सहित विभिन्न विभागों में मामलों का समयबद्ध निस्तारण नहीं हो रहा है। यहां तक कि अविवादित मामलों की पत्रावलियां भी महीनों तक लंबित रखी जा रही हैं, जिससे वादकारियों को मानसिक व आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। न्यायालयों से पारित आदेशों को राजस्व अभिलेखों में समय से दर्ज नहीं किया जाता, जबकि विवादित मामलों में अंतिम बहस पूरी होने के बावजूद आदेश जानबूझकर टाल दिए जाते हैं।

धरना स्थल पर अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि धारा 80 के तहत कृषि भूमि से जुड़े मामलों में दलालों और भूमाफियाओं से मिलीभगत कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। बार अध्यक्ष नवीन कुमार उपाध्याय ने फुलत गांव में आम के बाग पर धारा 80 लगाए जाने के मामले को संदिग्ध बताते हुए गहरी साठगांठ की आशंका जताई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक तहसील कार्यालयों और राजस्व न्यायालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार व अव्यवस्थाओं का ठोस समाधान नहीं किया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र व व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन में एडवोकेट सरदार जितेंद्र सिंह, सचिन आर्य, जगदीश आर्य, दिमाग सिंह, सुल. `मान, सुभाष, राजेंद्र सैनी, सावन कुमार, राजबीर सिंह गुज्जर, मनोज कुमार, आनंद कुमार, मुकेश कुमार शर्मा, तेज प्रताप सिंह, पदम सिंह, अशोक सैनी, राजेश कुमार, गंगा शरण, शकुंतला देवी, सत्य प्रकाश सैनी, रतन सैनी, राम रोशन दास, रेखा देवी, सुबोध कुमार, विपिन कुमार, सीताराम, हरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।


खतौली: तहसील परिसर में प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

# कॉलेज के प्रबंधकों के पास असीमित अधिकार हैं, सकारात्मक रूप में करें प्रयोग :संयुक्त शिक्षा निदेशक

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्वामी कल्याण देव एस डी इंटर कालेज में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय प्रबंधक सभा उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में सहरारनपुर मंडलीय प्रबंधक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जिसमें शामली, सहरानपुर व मुजफ्फरनगर जिले के विभिन्न कालेजों की प्रबंध समिति के प्रबंधको ने भाग लिया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि सहरानपुर मंडल के संयुक्त शिक्षा निद. `शक राणा सहस्त्रांशु कुमार सुमन ने कहा की प्रबंधको के पास असीमित अधिकार हैं। सकारात्मक रूप मे अपने आधिकारों का प्रयोग कर शैक्षिक क्षेत्र मे उन्नति का कार्य करें। अनुभव से प्राप्त ख्रष्टिकोण को योजनाओं का रूप देकर कालेज में शिक्षा के प्रति वातावरण बनाएं। कालेज समाज की धरोहर है। सामाजिक सेवा के रूप मे कार्य करें। सम्मेलन में जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश श्रीवास ने कहा कि कालेज को चलाना प्रबंधक की जिम्मेदारी है वह अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझते हैं। स्टाफ के साथ व अधिकारियो के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें, शिक्षा के साथ खेलकूद स्वास्थ्य आदि सृजनात्मक कार्य करते रहें।जिस रूप में भी शैक्षिक विकास हो,बच्चों को बेहतर माहौल मिले उसी रूप मे कार्य करें। सम्मेलन में प्रबंधको ने छह सूत्रीय एक ज्ञापन देकर हुए बताया कि प्रदेश की नौकरशाही की निरंकुशता व राजनैतिक दबाव में विद्यालयों की प्रबन्ध समितियों का विभिन्न प्रकार से शोषण किया जा रहा है। शासनादेश की अनदेखी कर कतिपय शिक्षा अधिकारियों द्वारा मनमानी व्याख्या की जा रही है जिससे



प्रदेश भर में इन विद्यालयों में अराज. कता, अनुशासन-हीनता व्याप्त हो गयी है। परिणाम स्वरूप प्रदेश भर के माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों की संख्या बेहद कम हो गयी है और इन विद्यालयों पर शासन द्वारा भारी-भरकम धन व्यय करनें के बाद भी इनकी उपयोगिता पर समाज में सन्देह व्याप्त हो गया है। सम्मेलन में मुख्य रूप से कुल भूषण जैन,राकेश शर्मा, केके शर्मा,नरेशचंद त्यागी, ओमदत्त आर्य, बिशम्बर,आनन्द कुमार, अनुज कुमार उर्फ़ वरुण सहरावत, डॉ. करणवीर सिंह, प्रवेन्द्र राणा, विरेंद्र सिंह, नरेन्द्र राठी, सतेन्द्र प्रधान, कपिल गर्ग आचार्य गिरीशचंद उप्रेती, संजीव कुमार मौजूद रहे। संचालन अजय रॉयल द्वारा किया गया।

# अधिवक्ता पुलिस के रवैये को लेकर सीओ से मिले

**बुढ़ाना।** विगत दिवस स्थानीय कोतवाली का एक वीडियो वायरल होने के बाद उपजे विवाद को लेकर कुछ अधिवक्ता बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी के नेतृत्व में सोमवार के दिन बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिक. ारी गजेंद सिंह से उनके कार्यालय पर मिले। जिसमें अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी ने बताया कि हमारे एक अधिवक्ता साथी बाबू सिंह राठी जो कि पूर्व में बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष भी रह चुके हैं वे विगत दिवस महिला अधिवक्ता के साथ अपने पीडित क्लाइंट को लेकर बुढाना पुलिस से मिले थे। जिस पर पुलिस ने उनके क्लाइंट के साथ दुर्व्यवहार किया था। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उसमें क्लाईंट की किसी भी तरह की गलती नहीं थी। जो जायज काम था वह भी पुलिस नहीं कर रही थी। जिसको लेकर पुलिस और क्लाइंट में नोंक-झोंक हुई थी।

जिस पर सीओ ने बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री को मौके पर बुलवाकर दोनों पक्षों के बीच चल रही खींचतान को समाप्त कराया और अपने सफल प्रयास से मामले का पटाक्षेप किया। सीओ में मिलने वालों में मुख्य रूप से बार महासि. चव ओमपाल सिंह मलिक और पूर्व बार संघ अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सर्राफ से पांच अंगूठी छीनकर युवक फरार

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सराफा बाजार में आज शाम उसे वक्त हड़कंप मच गया जब खरीदार बनकर आए एक युवक ने दुकानदार से पांच अंगूठी झड़प ली और उसे चकमा देकर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सोनी और चांदी की कीमतों में घातक भारत का दौरा लगातार जारी है आज शाम सराफा बाजार स्थित शर्मा ज्वेलर्स नामक दुकान पर एक युवक बहन की शादी के लिए अंगूठी खरीदने आया था दुकानदार ने उसे जब दुकान में रखी कुछ अंगूठियां दिखाई तो उसने कहा कि उसके घर वाले आने वाले हैं तब तक वह और डिजाइन मंगवा ले दुकानदार ने अन्य दुकानों से मंगा कर उसे अंगूठी दिखाई तो अचानक उक्त युवक सोने की पांच अंगूठी छीनकर देखते ही देखते फरार हो गया दुकानदार ने शोर मचाया तो आसपास के लोग युवक के पीछे भी भेज लेकिन वह छोटी-छोटी गलियों का लाभ उठाकर फरार हो गया सोने की अंगूठियां छीन कर फरार होने की सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस भी सराफा बाजार पहुंची और उसने आसपास के सीसीटीवी कैमरा की मदद से लुटेरे की तलाश शुरू कर दी है बताया गया है कि उक्त युवक 5 फुट 8 इंच लंबा था।

# व्यापारी नेता राजेश संगल ने बजट को बताया विनाशकारी



**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बुढाना के तहसील अध्यक्ष राजेश संगल ने इस बार के बजट को विनाशकारी बताते हुए भारी रोष जताया है। उन्होंने कहा कि बीते दिन जो बजट जारी किया गया है उस बजट में छोटे व्यापारी, छोटे किसान, मजदूरों व गृहणियों का कोई भी ख्याल नहीं रखा गया। बस इस बार के बजट में बडे पूंजीपतियों को ही राहत दी गयी है जो कि अपने आप में बड़ा ही विस्मयकारी है। बजट के पास करते समय किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और गृहणियों का भी ख्याल रखना चाहिए था। कुल मिलाकर बजट से व्यापारियों, किसानों, मजदूरों और गृहणियों को किसी भी तरह की राहत न मिलना बड़े ही अफसोस की बात है।

# कृभकों द्वारा सहकारी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन




**पुरकाजी।** कृभको द्वारा सहकारी समिति शेरपुर पर सहकारी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह के द्वारा की गई। कार्यक्रम में अपर जिला सहकारी अधिकारी शोभाराम शर्मा ने कृषकों को समिति से मिलने वाले लाभ की जानकारी प्रदान दी। कृभको के क्षेत्रीय अधिकारी रोहित यादव कृभको के द्वारा कृभको के समस्त उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में समिति संचालक नीरज, अमित , रमेश कुमार ग्राम प्रधान विजेंद्र सिंह समिति सचिव आनंदपाल, विकास कुमार व भारी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

# भारी उत्साह के साथ मनाई गई 649 वी श्रीरविदास जयन्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** नगर सहित क्षेत्र भर में भारी श्रद्धा और उत्साह के साथ 649 वी श्री रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई है ।

इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना और भजन कीर्तन के साथ प्रसाद वितरित किया गया तथा कस्बे मे कर ढोल धमाको और विभिन्न डी जे के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी जो उत्तरी चमारान और दक्षिण चमारान दोनो श्री रविदास मंदिरो से प्रारम्भ होकर कस्बे के मुख्य गली मौहल्लों और मैन बाजार से गुजरती हुई पुराने हाईवे से होती हुई अपने - अपने गतत्व स्थानो पर सम्पन् हुई ।

रविवार को सन्त शिरोमणी श्री संत रविदास जी की 649 वी जयन्ति पर कस्बे के मौहल्ला उत्तरी चमारान तथा दक्षिणी चमारान में स्थित श्री रविदास मंदिरो में रातभर भजन कीर्तन का दौर चलता रहा तथा . सवेरे हवन यज्ञ के साथ विशेष पूजा अर्चना के साथ प्रसाद वितरित किया गया तथा दोपहर उपरान्त दोनो मंदिरो के सौजन्य से संयुक्त रूप से विभिन्न सुंदर आकृषक झांकियों से सुसज्जित बैण्ड बाजे ढोल ढमाको तथा डीजो पर भक्ति गीतो के साथ धूमधाम के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जो कस्बे के मुख्य गले मोहल्ले तथा में बाजार से होती हुई पुराने हाईवे से गुजरती हुई देर शाम अपने-अपने गतत्व स्थानो पर सम्पन हुई ।इसके



अलावा पुरकाजी के ग्रामीण अंचलों भूराहेडी . फलौदा . बरला फलौदा भैसानी खाईखेडी भोजाहेडी . अब्दुलपुर . कम्हेडा तुगल पुर . हरिनगर . झबरपुर शेर पुर खेडकी . बढीवाला क्षेत्र सहित ग्राम सेठपुरा आदि में भी संत शिरोमणि श्री रविदास जी की 649 वी जयंती भारी श्रद्धा और उत्साह के साथ शोभा यात्रा निकालकर धूमधाम से मनायी गयी है ।

भोजाहेडी मे भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन ने रविद. ास जी की शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया इस मौके पर अमित गौतम सौरभ हिमांशु अरविंद मेघराज मोनु प्रदीप मुकेश अटरू भंवर सिंह अर्जुन जगपाल सुशील प्रदीप चितरंजन आदि मोजुद रहे।

# छात्र छात्राएं दयानंद इंटर कॉलेज में हुए सम्मानित



**बुढ़ाना।** कस्बे के दयानन्द इण्टर कालिज में विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान बनाने वाले छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक तेजपाल सहरावत ने भी विद्यालय की ओर से उचित इनाम देकर सम्मानित किया गया। बीती एक ?रवरी को बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव बिटावदा में एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे के दयानन्द इण्टर कालिज बुढाना की छात्रा ने अपना स्थान बनाया। जिसमें प्रतियोगिता कराने वाली कमेटी ने छात्रा को साईकिल उपहार स्वरूप भेंट की। इसके बाद आज विद्यालय में भी विद्यालय की ओर से भी छात्रा को सम्मानित किया गया। वही दूसरी ओर कक्षा 11 के छात्र अक्षय राठी ने डेड लफ्टिग के यूथ नेशनल कैप में अपना स्थान बनाया अर्थात अक्षय राठी का नैशनल यूथ कैप के लिए सलेक्शन हो गया। वहीं तीसरे छात्र वाशु ने भी डेड लफ्टिग में नेशनल में गोल्ड मेडल हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए तीनों विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रबंधक ने उचित इनाम देकर सम्मानित किया तथा अन्य छात्रों को इनसे प्रेरणा लेने के लिए कहा। विद्यालय की संचालिका श्रीमती उमेश सहरावत ने कहा कि अब दयानन्द इण्टर कालिज बुढाना के विद्यार्थी पढाई में उच्च स्थान बनाने के साथ साथ खेलों में भी अपना विशिष्ट स्थान बना रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने सभी विद्यार्थियों से कहा कि यदि कोई भी विद्यार्थी किसी भी प्रकार की प्रतियोगिता में स्थान बनाता है तो उसे भी इसी प्रकार सम्मानित किया जाएगा। अध्यापक सोनू कुमार ने सभी विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने मस्त रहने का मूल मंत्र दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक तेजपाल सहरावत, विद्यालय की संचा. लिका उमेश सहरावत, विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार, शारीरिक शिक्षक अनुज वेदवान, सोनू कुमार, हरेन्द्र ,अमित, सुनीता, विदुषी और नितिन सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# ग्रामीण के घर में निकला रसल वाइपर सांप

**भोपा।** क्षेत्र के गांव में खतरनाक रसल वाइपर सांप ग्रामीण के घर में मिलने से हड़कंप मच गया। जिसके बाद सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने खतरनाक रसल वाइपर सांप को पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया भोपा थाना क्षेत्र के गांव अथाई निवासी विनोद ने बताया कि पिछले कई दिनों से उसके घर में एक सांप दिखाई पड़ रहा था कि सोमवार को सांप की तेज?ुंकार सुनकर परिवार के सदस्य डर गये। सांप तेज सीटियां बजाने की आवाज कर रहा था। जिस पर क्षेत्र के वन विभाग कार्यालय पर सूचना दी गयी। वन कर्मचारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि सेकंशन अक्किसर दीपक कुमार के आदेश पर वह अपने साथी वाचर मनोज के साथ मौके पर पहुंचे तो खतरनाक रसल वाइपर सांप को देखकर सन्न रह गये। बड़ी सावधानी से खतरनाक रसल वाइपर सांप को काबू में कर लिया गया। जिसके बाद उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया है। कर्मवीर सिंह ने बताया कि रसल वाइपर सांप भारत की खतरनाक प्रजाति में से हैं जो बहुत जहरीला होता है जिसके काटने पर व्यक्ति की मौत होने की संभावना अधिक रहती है।

# हुसैनपुर कलां में निकाली गई शोभा यात्रा

**बुढ़ाना।** गांव हुसैनपुर कलां में सोमवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती श्रद्धा, उत्साह व सामाजिक समरसता के माहौल में धूमधाम से मनी। जिसका उद्घाटन भीम आर्मी के जिला संगठन मंत्री व आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हाजी नसीम अंसारी ने फीता काटकर और पारितोषिक देकर किया।

गांव में भव्य शोभायात्रा निक. ाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लिया। शोभा यात्रा के दौरान गांव का माहौल भक्तिमय बना रहा। यह झांकी संत शिरोमणि रविदास कमेटी के तत्वावधान में निकाली गई। शोभायात्रा में संत शिरोमणि रविदास और संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं।

झांकियों के माध्यम से संत रविदास के जीवन, उनके विचारों



और सामाजिक समरसता के संदेश को प्रदर्शित किया गया जिसे देखकर लोग भाव विभोर नजर आए।

शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ निकली यात्रा में श्रद्धालु नाचते-गाते चल रहे थे। संत रविदास के संदेशों को लेकर लगाए गए बैनर और तख्तियां लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही थी। इस यात्रा के दौरान युवाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाए जो शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहे।

# रविदास जयंती पर लगे मेले में दंगल का शुभारंभ

**छपार।** बसेडा में रविदास जयंती पर लगे मेले में पांच दिवसीय दंगल का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधान पवन देशवाल ने किया। दंगल में दूर दराज से आए पहलवान अपना दमखम दिखाते हैं।गांव में बरला -भोकरहेडी मार्ग पर पांच दिवसीय विशाल में दंगल का आयोजन किया गया। दंगल गत वर्षो की भांति दूसरे प्रदेश दिल्ली, हरियाणा, पंजाब व उत्तराखंड से पहलवान अपना ज़ोहर दिखाने आते हैं। दंगल के शुभारंभ पर ग्राम प्रधान ने पहली कुश्ती में दोनों पहलवान अरमान निवासी कूकडा व अंकुश बसेडा का दर्शकों को परिचय कराया। बड़ी



दिलचस्प कुश्ती में अरमान ने अंकुश को हरा दिया। दंगल देखने के लिए आस पास के दर्जनों गांवों भेसरहेडी, नन्हेडा, गादला, खिंदडिया, सिमरती, तेजलहेडा, खाईखेडी आदि से ग्रामीण आते हैं। दंगल में रेफरी मीरहसन का निर्णय अंतिम होता है।पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रहती है।रमन देशवाल समाजसेवी, पूर्व प्रधान धर्मबीर सिंह, संजू, मुनीर, प्रवीण देशवाल, सौरभ शर्मा,सोनू आदि लोग व्यवस्था में मौजूद रहे।

## महिला से छेड़छाड़ करने वालों को भेजा जेल

**बुढ़ाना।** पुलिस ने सरेराह एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले नवयुवक को गिरफ्तार करने के बाद लिखापढ़ी कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र की सफीपुर पटी के एक मौहल्ले की एक महिला अपने घर से किसी काम के लिए कुछ ही दूरी पर स्थित अपने घेर में जा रही थी। जहां पर रास्ते में अनस नाम के युवक ने महिला को अकेली देखकर छेडछाड शुरु कर छींटाकशी की। जब महिला ने घेर में जाकर अपने ससुर को यह बात बताई तो ससुर ने अनस को भला बुरा कहा तो अनस ने ससुर के साथ गाली गलौच व हाथापाई तक की। अनस ने ससुर को यह भी धमकी दी कि यदि उसने पुलिस से शिकायत की तो वह उसे छोडेगा नही। कुछ देर बाद अनस और उसका पिता शमशाद दो अज्ञात लोगों के साथ उनको रास्ते में मिला तो चारों ने ससुर को रास्ते में रोक लिया और गंदी गालियां देकर बोले कि हम तुझे और तेरे परिवार को भी देख लेंगे। तू हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पुलिस ने आरोपी अनस के खिलाफ दो दिन पहले मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोपी अनस को सटीक सूचना पर एक स्थान से गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया है।

# होली चाईल्ड में बोर्ड परीक्षार्थियों को मिला शिक्षकों का आर्शीवाद

**मुजफ्फरनगर।** होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा के सभागार में सत्र 2025-26 बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया, अंकुर बंसल, अनिल शास्त्री, आदित्य दहिया, जितेन्द्र कुमार, धीरज बालियान, रीना चौहान, रजनी शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

बच्चों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया ने कहा कि प्रिय बच्चों आप हमारे विद्यालय की शान है, ईश्वर आपको सद्बुद्धि, परिश्रम और सफलता का मार्ग दिखाये, आप ज्ञानवान बने, संस्कारी बने और देश का नाम रोशन करें। परीक्षा में जाने से पूर्व परीक्षा की अच्छे से तैयारी करना जरूरी है। प्रश्नों को लिख-लिखकर उनका अभ्यास करें। गीतकार कुशल द्वारा बच्चों को प्रेरणादायक गीत गाकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। पेपर मिलने के उपरान्त पेपर को अच्छे से पढना है तथा प्रश्नों को क्रमागत रूप से करें, जो प्रश्न आपसे अच्छे से आता है उसे पहले करें। अगर कोई प्रश्न आपसे नहीं आता तो उसका स्थान छोड दें तथा उसे बाद में करें। कोई भी प्रश्न अधूरा न छोडें तथा कॉपी में साइड में स्कैल की सहायता से हासीया बनाकर प्रश्न करने शुरू करें।

प्रश्न करते समय प्रश्नोत्तर क्रमांक अवश्य लिखे। इसी कडी में विद्यार्थियों को आशीर्वाद देने आये एम. डी.एस. विद्या मंदिर के संचालक अनिल शास्त्री ने विद्यार्थियों को निर्देश देते हुए बताया कि आप ओ0एम0आर0 शीट में कोई भी कॉलम दोबारा काला न करें, नहीं तो वह गलत माना जायेगा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले आपको गुरूओं का आशीर्वाद लेना बहुत जरूरी है और आप सभी विद्यार्थी अपने पूर्ण वेशभूषा में परीक्षा देने जायें और समय से पहले घर से निकले, जिससे आप समय पर परीक्षा केन्द्र पर पहुंच सकें। परीक्षा के तैयारी के लिए बडे प्रश्नों को लिख-लिखकर अभ्यास करें। परीक्षा कॉपी में अपनी लिखाई की सुन्दरता पर विशेष ध्यान दें तथा अनावश्यक



काट-छांट न करें।अंकुर बंसल ने योग्यता के बारे में बताया कि योग्यता उसे कहते है जो हर मुश्किल काम आसान बना देती है। उन्होंने कक्षा 12 के बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कक्षा-12 के बाद हायर एजुकेशन में जायेगें, उसके लिए आपको समय-समय पर विभिन्न विश्व विद्यालयों के प्रवेश परीक्षा फॉर्म पर अपने दृष्टि रखनी होगी तथा समय-समय पर प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। आपको हायर एजुकेशन में प्रवेश लेने के लिए अपने जरूरी कागजात पहले से तैयार करा लेने चाहिए, जिसमें जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण आदि। अंत में सभी अतिथियों, अध्यापकों व प्रधानाचार्य ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया और संकल्प दिलवाया कि- ''मैं ईमानदारी से पढाई करूंगा/करूंगी, अपने माता-पिता और गुरूओं का सम्मान करूंगा/करूंगी और एक अच्छा इन्सान बनने प्रयास करूंगा/करूंगी''।

# योगी शासन में सुशासन व जनसेवा हो जिले में सर्वोपरि : बालियान

**बुढ़ाना।** वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल बालियान ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बतलाया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है।

सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि प्रदेश में कानून का राज हो और आम आदमी को न्याय मिले। भाजपा कार्यकर्ता जनपद मुजफ्फरनगर में अधिकारियों द्वारा शक्तियों का दुरुपयोग और आम उत्पीड़न नहीं होने देंगे। जनपद के सभी जिम्मेदार जन प्रतिनिधि, नेता और कार्यकर्ता प्रशासन और पुलिस विभाग के प्रत्येक अच्छे कार्य की प्रशंसा करेंगे और गलत कार्यो की निंदा कर पुरजोर विरोध करेंगे। जनपद के विकास और प्रगति के लिए सभी को एकजुट होकर काम



करने की आवश्यकता है। हमें सुशासन और जन सेवा के उच्च मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहना होगा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सुशासन और जन सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। हमें उम्मीद है कि जिला प्रशासन और भाजपा कार्यकर्ता मिलकर राज्य के विकास और प्रगति के लिए काम करेंगे।

# चोरों ने फिर चुराया ट्रांसफार्मर का सामान

**छपार ।** अज्ञात चोरों ने बिजली की टयूवैल से ट्रांसफार्मर को नीचे गिरा कर उसके अंदर से काएल व तेल चोरी कर लिया। पुलिस ने जेई की तहरीर पर दो दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव भेसरहेडी निवासी कमरूदीन के खेत में बिजली की टयूवैल है। 31जनवरी की रात्रि में अज्ञात चोरों वहां रखे 25 केवी के ट्रांसफार्मर को नीचे गिराकर उसके अंदर का सामान व तेल चोरी कर लिया। सूचना पर पहुंचे बसेड़ा बिजलीघर के जेई सचिन सेनी ने ट्रांसफार्मर को नीचे पड़ा पाया जिसका अंदर का कीमती सामान गायब था। उसने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।





# दारुल उलूम हुसैनिया में सालाना जलसा किया आयोजित

## चार बच्चों की हुई दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे में स्थित मदरसा दारूल उलूम हुसैनिया गढ़ी मियां में सोमवार को सालाना जलसे का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर चार होनहार बच्चों की दस्तारबंदी की रस्म अदा की गई। जलसे में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

जलसे को खिताब करते हुए मौलाना सलमान बिजनोरी, मुफ्ती इमरान देवबंद, मौलाना आफताब, मौलाना इमरानुल्लाह, हजरत मौलाना अकील साहब ›गढ़ी दौलत॰, मौलाना कुरबान ›दिल्ली॰ एवं मौलाना वासिल साहब ने इस्लामी तालीम और सामाजिक सुधार पर रोशनी डाली। हजरत मौलाना आकिल साहब ने अपने संबोधन में कहा कि आज का मुसलमान शादियों में फिजूलखर्ची कर रहा है और दहेज जैसी कुरीति समाज में बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि निकाह को आसान बनाना और फिजूलखर्ची से बचना समय की जरूरत है। उन्होंने आगे फरमाया कि इस्लाम के बताए हुए रास्ते पर चलने में ही भलाई है। इस्लाम में हिंसा करने वालों की कोई जगह नहीं है, क्योंकि इस्लाम अमन, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है। उन्होंने देश में अमन-चौन, आपसी सौहार्द और भाईचारे के लिए विशेष दुआ कराई। दुआ के दौरान पूरा माहौल रूहानी हो गया और मौजूद लोगों ने आमीन कहकर दुआ में शिरकत की। उलेमाओ ने कहा कि कुरआन की हिफाजत करने वाले बच्चे समाज की अमानत हैं और उनकी दस्तारबंदी माता-पिता व उस्तादों की मेहनत का नतीजा है। इस दौरान मुस्लिम समाजके सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## डीएम के पास पहुंचा लाइनमैन

**झिंझाना।** लगभग पांच दिन पूर्व, बिडौली चौकी क्षेत्र में एक ही समय पर बिना हेलमेट के दो चालान काटे जाने के मामले को लेकर विवाद शुरू हुआ था। लाइनमैन ने आरोप लगाया था कि चौकी पर वर्षों से गलत तरीके से बिजली चलाई जा रही हैं। इसी विवाद के बाद चौकी प्रभारी और लाइनमैन रिजवान के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई, जिसकी एक ऑडियो क्लिप वायरल हुई है। इस ऑडियो में चौकी प्रभारी लाइनमैन को केवल जोड़ने के लिए कहते सुनाई दे रहे हैं और उसे देख लेने की धमकी भी दे रहे हैं।

पुलिस की कार्रवाई से डरे हुए लाइनमैन ने सोमवार को जिला. धिकारी, शामली एवं पुलिस अधीक्षक, शामली को एक शिकायती पत्र भेजा है। इसमें उसने पुलिस पर झूठे मुकदमों में फंसाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है।

लाइनमैन ने बताया कि उसे पुलिस की तरफ से खतरा महसूस हो रहा है और उसे आशंका है कि उसे किसी झूठे मामले में फंसाया जा सकता हैं। इस प्रकार, चालान को लेकर उठे विवाद ने एक गंभीर मोड़ ले लिया है, जिसमें एक ओर वायरल ऑडियो में धमकी के आरोप हैं तो दूसरी ओर लाइनमैन द्वारा उच्च अधिकारियों से सुरक्षा की गुहार लगाई गई है।



# बर्ड वॉचिंग में दी पक्षियों की जानकारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर आर्द्रभूमि और पारंपरिक ज्ञान, सांस्कृतिक विरासत का उत्सव के अन्तर्गत सोमवार को शामली वन प्रभाग द्वारा कैराना स्थित मामौर झील पर पक्षी जागरूकता, आर्द्रभूमि संरक्षण एवं बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन एवं विद्यार्थियों को आर्द्रभूमियों के संरक्षण, पक्षियों की सुरक्षा, जैव विविधता तथा प्राकृतिक जलस्रोतों के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिक. ारी जगदेव सिंह, क्षेत्रीय वन अधिक. ारी ऊन, क्षेत्रीय वन अधिकारी कैराना सहित शामली वन प्रभाग के समस्त वनकर्मी उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रसिद्ध पर्यावरणविद मुस्तकीन मल्लाह, मामौर स्थित मदरसे के बच्चे, वीर अब्दुल अहमद पब्लिक स्कूल एवं जामिया एकेडमी कैराना के छात्र-छात्राएं तथा शिक्षकगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। आर्द्रभूमि संरक्षण विषयक व्याख्यान में बताया कि आर्द्रभूमियां प्राकृतिक जल भंडारण, भू-जल पुनर्भरण, बाढ़ नियंत्रण तथा पक्षियों और अन्य वन्यजीवों के लिए सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने आर्द्रभूमियों पर अतिक्रमण, प्रदूषण तथा जल स्तर में कमी जैसी चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला और इनके संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता को आवश्यक बताया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं नागरिकों को पक्षियों के जीवनचक्र, उनके प्राकृतिक आवास, प्रवासी पक्षियों की भूमिका तथा पर्यावरण संतुलन में उनके योगदान की जानकारी दी गई। आमजन से अपील की गई कि वे जलस्रोतों में कचरा न डालें, प्लास्टिक का प्रयोग कम करें, आर्द्रभूमि क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों की सूचना वन विभाग को दें तथा ग्रीष्म ऋतु में पक्षियों के लिए जल और दाना उपलब्ध कराएं।पर्यावरणविद मुस्तकीन मल्लाह ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि स्थानीय पारंपरिक ज्ञान और छोटे-छोटे प्रयास भी आर्द्रभूमि एवं पक्षी संरक्षण में प्रभावी सिद्ध हो सकते हैं। वहीं अनीस मास्टर ने बच्चों को प्रकृति से जुड़ाव रखने, पक्षियों के प्रति संवेदनशील बनने और आर्द्रभूमियों की रक्षा करने का संदेश दिया।

## पाक नंबर से धमकी, साइबर पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी युवक को पाकिस्तानी मोबाइल नंबर से जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में भय और दहशत का माहौल है। गांव सुन्ना निवासी युवक अभय पुत्र रविचंद्र ने बताया कि विगत 27 जनवरी की सुबह करीब 11रू05 बजे पीडित के मोबाइल पर एक अज्ञात विदेशी नंबर .923097821960 से कॉल आया। कॉल उठाते ही दूसरी ओर से अज्ञात व्यक्ति ने अभद्र और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए पहले बदतमीजी की और फिर अभय हुड्डा तथा उनके पूरे परिवार को जान से मारने की सीधी धमकी दे डाली। धमकी भरे शब्दों से परिवार गहरे मानसिक दबाव में आ गया।पीड़ित अभय हुड्डा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को साइबर सेल और पुलिस प्रशासन को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। उन्होंने शिकायत में बताया कि कॉल करने वाला नंबर पाकिस्तान के कंट्री कोड से जुड़ा हुआ है, जिससे किसी सीमा पार से संचालित साजिश या संदिग्ध गतिविधि की आशंका जताई जा रही है।युवक ने पुलिस को धमकी भरे कॉल से जुड़े सभी साक्ष्य और स्क्रीनशॉट उपलब्ध कराए हैं। साइबर सेल पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# छात्र हत्याकांड प्रकरण, गिरफ्तारी की मांग पर अड़े परिजन

## हत्या आरोपियों के पुलिस हिरासत में फोटो दिखाने के बाद किया दफन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में दिनदहाड़े कक्षा 12 के छात्र की चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या किए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक शव को दफनाने से मना कर दिया। इस दौरान पुलिस और कैराना विधायक नाहिद हसन के बीच घंटों तक वार्ता चली। बाद में थाना प्रभारी द्वारा मुख्य आरोपी के हिरासत में लिए जाने के फोटो दिखाए जाने पर परिजन माने और शव को सपुर्द-ए-खाक किया गया।गांव इस्सोपुरटील निवासी सलीम का 18 वर्षीय पुत्र अरशद गांव के मुरली मनोहर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र था। गत रविवार को अरशद को उसके दोस्त विराट का फोन आया, जिसके बाद विराट उसे बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गया। करीब आधे घंटे बाद ब्ल्ग्रो रोड पर एक दुकान के बाहर अरशद का खून से लथपथ शव पड़ा मिलने की सूचना मिली। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि अरशद की चाकुओं से गोदकर हत्या की गई थी। शव के पास ही एक तमंचा भी पड़ा मिला।घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी सतीश कुमार मौके पर पहुंचे और डायल 112 पुलिस की मदद से शव को कस्बे के सरकारी अस्पताल भिजवाया। वहीं सीओ कैराना हेमंत कुमार व एएसपी सुमित शुक्ला ने भी



घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। छात्र की हत्या की सूचना पर सपा विधायक नाहिद हसन भी थाने पहुंचे और पुलिस के उच्चाधिकारियों से वार्ता कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।मृतक के पिता सलीम ने गांव के ही हिमांशु, कार्तिक, विराट व लगन सहित दो अज्ञात युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने देर रात मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। सोमवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा। शव को देखते ही महिलाओं में कोहराम मच गया और रो-रोकर उनका बुरा हाल हो गया।

परिजन और ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़ गए और शव दफनाने से इनकार कर दिया। सूचना पर विधायक नाहिद हसन भी गांव पहुंचे। काफी देर तक पुलिस और विधायक के बीच वार्ता चलती रही, लेकिन भीड़ मानने को तैयार नहीं हुई। इसके बाद थाना प्रभारी सतीश कुमार ने मुख्य आरोपी के हिरासत में लिए जाने के फोटो भीड़ और विधायक को दिखाए। तब



जाकर परिजन शांत हुए और शव को कब्रिस्तान ले जाकर सपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सपा विधायक नाहिद हसन का कहना है कि वह मामला विधानसभा में उठाएंगे।थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि मुख्य आरोपी हिमांशु सहित तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है।

# गंदेवड़ा में मनाया गया जल अर्पण दिवस

## विधायक अशरफ अली खान ने किया फीता काटकर शुभारंभ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), जनपद शामली द्वारा ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति औरंगाबाद उर्फ गंदेवड़ा यूनिट के सहयोग से ग्राम गंदेवड़ा में जल अर्पण दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशरफ अली खान ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अशरफ अली खान ने कहा कि जल जीवन का आधार है और इसके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की हर घर जल योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान साबित हो रही है, जिससे गांव-गांव तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि स्वच्छ जल का सदुपयोग करें और अनावश्यक रूप से जल की बर्बादी से बचें। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की उपयोगिता, जल संरक्षण के उपायों तथा जल स्रोतों को सुरक्षित रखने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही जनपद शामली में हहर घर जलह योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों और अब तक हुई प्रगति से भी ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता फूल सिंह यादव ने बताया कि जनपद के अधिकतर गांवों में पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू की जा चुकी है तथा शेष गांवों में कार्य तेजी से प्रगति पर है। सहायक अभियंता मनोज कुमार पाल और जूनियर इंजीनियर कपिल शर्मा ने योजना की तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि जल गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है, जिससे ग्रामीणों को शुद्ध व सुरक्षित पानी मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को शपथ भी दिलाई गई और जल बचाने के लिए दैनिक जीवन में अपनाए जाने वाले सरल उपायों पर चर्चा की गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया और जल संरक्षण के प्रति निरंतर जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ऊन में मनाया गया नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव कार्यक्रम। महिला कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी, शामली अरविंद कुमार चौहान के आदेशों के अनुपालन में मौहम्मद मुशफेकीन जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ऊन में 15 नवजात कन्याओं का कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में बालिकाओं के जन्म को उत्सव के रूप में मनाना,उनके अधिकारों के प्रति समाज को जागरूक करना तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संदेश को प्रत्येक परिवार तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्राभारी डॉ. तरुण चौधरी ने की। कार्यक्रम में 15 नवजात कन्याओं से केक कटवाकर जन्मोत्सव मनाया गया। जिनमें कुमारी वंशिका पुत्री श्रीमति प्रीति, कुमारी ईशिता पुत्री श्रीमति कविता, कुमारी आयुषी पुत्री श्रीमति रविता, कुमारी आरुषि पुत्री श्रीमति वैजंती और कुमारी वंदना पुत्री श्रीमति बबली शामिल हैं। कार्यक्रम में ने बेबी किट,



फलों की टोकरी, कम्बल, बेबी बिब उपहार इत्यादि देकर नवजात बालि. काओं का स्वागत किया गया। माताओं को पोषण, स्वास्थ्य, प्रसवा. ेत्तर देखभाल तथा बालिकाओं की शिक्षा व सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

इस कार्यक्रम में सागर वर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट और कुलदीप शर्मा जेंडर स्पेशलिस्ट द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया और पात्र लाभार्थियों को आवेदन में सहयोग किया गया।कार्यक्रम में बीसीपीएम नवीन पथिक,आशा बहु, अनेक महिलाएं उपस्थित रही।कार्यक्रम में बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत लोगो को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं दण्डात्मक प्राविधानों के बारे में जानकारी देते हुए बाल विवाह मुक्त समाज की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में साइबर हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन सेवाएं, 112 आपात कालीन पुलिस सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवाएं, 1098 चाइल्ड लाईन, 181 विमेंस हेल्प लाइन, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों, तथा स्थानीय महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और समाज को बालिकाओं के अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लगभग 110 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## धोखाधड़ी के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** जमीन की धोखाधडी और जातिसूचक गाली देने के मामले में पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वादी सोनू पुत्र रामकुमार की तहरीर पर यामीन निवासी ग्राम मंस. ूरा व उसके अन्य 6 साथियों के खिलाफ धोखाधडी कर जमीन हडपने, रूपए वापस मांगने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौंच तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुक. दमा दर्ज किया गया था। पुलिस इस मामले में गिरफ्तार किए गया अभियुक्त फैसल निवासी मोहल्ला आर्यपुरी कैराना के खिलाफ कार्यवाही कर रही है।



# रविदास मंदिर से शोभायात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती पर्व के अवसर पर शहर के टंकी रोड स्थित रविदास मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में अनेकों झांकियां शामिल रही। शोभायात्रा का अनेकों स्थानों पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा के माध्यम से आपसी सौहार्द और देश की एकता का संद. ेश दिया गया।

सोमवार को शहर के टंकी रोड स्थित संत रविदास मंदिर में गुरू रविदास समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में 649वीं जयंती पर्व धूमधाम से मनाया गया। गत दिवस हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जबकि सोमवार को मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल, समिति के अध्यक्ष





सतेन्द्र धीरयान, सभासद संदीप कुमार ने किया। शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर धीमानपुरा, शिव चौक, गांधी चौक, बडा बाजार, बरखंडी रोड, नंदूप्रसाद, पंसारियान, गौशाला रोड, बैंड मार्किट, बडीआल आदि को होते हुए वापस मंदिर में जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा का अनेकों स्थानों पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल झांकियों के माध्यम से देश की एकता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सतेन्द्र कुमार, कंव. रपाल, राजेश कुमार, सतेन्द्र धीरयान, राजबहादुर, सभासद संदीप कुमार, गुलजार मंसूरी, रोबिन गर्ग, कालू कुरैशी, विनोद तोमर, संदीप निर्वाल, नरेन्द्र कुमार, देवेन्द्र कुमार, बिजेन्द्र कुमार, वीरपाल, श्रवण कुमार, महावीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# आईआईएमटी के वार्षिकोत्सव उड़ान में मचाया धमाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी उमाही में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव उड़ान 2026 का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मां शाकंभरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर विमला वाई, चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ, सचिव संकल्प कुलश्रेष्ठ, श्रीमती मुक्ता कुलश्रेष्ठ व डॉ अंजू वालिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।

कार्यक्रम में भगवान विष्णु के दशावतार पर आयुषी, सानिया, अनुष्का अर्निका, नम्रता, मानसी, मीनाक्षी, राधिका, खिजर, वंश यादव, हेमंत ने प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर विमला वाई ने अपने संबोधन में उड़ान को विस्तृत रूप देते हुए बताया कि पंखों को खोल कर देखो जमाना तुम्हारी उड़ान देखता है, जमीन को ना देखो आसमान तुम्हारी उड़ान देखता है, और थककर कभी बैठ ना जाना तुम्हारी मेहनत का रंग पूरा जहान देखता है। द्वितीय चरण के मुख्य अतिथि कमिश्नर सहारनपुर मंडल डॉ रुपेश कुमार व मोहिंदर सिंह रहे। मुख्य अतिथि डॉ रूपेश कुमार ने अपने संबोधन में छात्रों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्रों द्वारा बहुत सुंदर प्रस्तुति दी गई है इससे छात्रों का शिक्षा के साथ साथ सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने टॉपर छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। जिसमें बीबीए में राशि सिंघल, बीकॉम में श्वेता गर्ग ,बीएससी मैथ में मधु, बीएससी बायोलॉजी में भारत बोध, बीपीईएस में सिमरन कश्यप, बीए में अवनी तथा बी.एड में अंजली कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी टॉपर छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर मेडल पाने वाले छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा पत्रकारिता व शिक्षा के क्षेत्र मे काम करने वाले मनसब अली परवेज, डा मुस्तकीम राव,खेमचंद सैनी,अहसन परवेज, अशोक रोहिला,वत्सराज त्यागी,देवेंद्र धवलहार, हेमंत अरोडा आदि को भी सम्मानित किया गया




कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रस्तुति में काली तांडव, क्लासिकल डांस, शिव तांडव, गुजराती नृत्य, जलियांवाला बाग, भगत सिंह, पंजाबी भांगड़ा, भरतनाट्यम, हरियाणवी व बहुत सी प्रस्तुतियां दी गई। मुख्य रूप से उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता,डा कमल कृष्ण,

डॉ पूजा तोमर, श्रीमती मीनाक्षी काकरान, डॉ नेहा त्यागी,शाजिया अंसारी सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# सम्मेलन में हिन्दू एकता पर दिया बल

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अवसर पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रख हिंदू एकता पर बल दिया।

सोमवार को ग्राम पटनी स्थित सरदार पटेल इंटर कॉलेज प्रांगण में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता संघ के प्रांत सह संपर्क प्रमुख वेदपाल ने भारतीय संस्कृति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जातियों को भुलाकर हिंदू एक रहे, अगर हम बिखरे रहेंगे तो सफल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने जातियों के नाम पर बटने के बजाय एकजुट होने का संकल्प लेने की बात कही। वहीं उन्होंने बांग्लादेश में हिंदूओ पर हो रहे अत्याचार की कड़ी निंदा की। उन्होंने शाहबजादो के बलिदान का वर्णन करते हुए नयी युवा पीढ़ी को समझाते हुए कहा कि संघ ऐसे समाज का निर्माण करना चाहता है जो अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करें। संघ के जिला कार्यवाहक रामकिशन ने कहा कि भारत सनातन संस्कृति की वह शक्ति है जो सम्पूर्ण विश्व को अपने अंदर समाहित किए है। हमारे पूर्वजों ने हिंदू धर्म को बचाने के लिए बहुत बलिदान दिया।




कार्यक्रम में नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी, दिनेश, मांगेराम, शि. वनंदन शर्मा, मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, अनुपम जैन, हिमांशु गर्ग, आशु सैनी, पवन सेन, विनय कश्यप, बालकृष्ण शर्मा, प्रकाश चंद, राज. कुमार सैनी, अजय सैनी, सचिन कांबोज, तेजपाल प्रधान, विनोद रावल, हरिश्चंद्र प्रधान, ईसम सिंह दुबे, प्रमोद सैनी, मास्टर राकेश शर्मा, सुधीर सिंह, विमल शर्मा, चौधरी अशोक, रमेश कश्यप, यशपाल रोहिला, नीलकमल गुप्ता व गौरव जैन आदि सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर जैन ने की।

## आद्र भूमि दिवस मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** ग्राम चकवाली तहसील रामपुर मनिहारान में आद्रभूमि दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में व भाषण प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया।

एसडीओ वीरेंद्र सिंह रावत व क्षेत्रीय वन अधिकारी सुश्री वैशाली चौधरी व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नकुल चौधरी द्वारा कार्यक्रम में बच्चों को आद्रभूमि संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। पर्यावरण जागरूकता रैली का उदघाटन गांव चकवाली के ही भारतीय सेना के जवान बृजपाल ने किया। इस अवसर पर व्रक्षारोपन भी किया गया।

इस दौरान वन विभाग रामपुर मनिहारान का समस्त स्टाफ व शिक्षिका सुनीता पंवार,पूजा, मास्टर बंटी, गौरव, शिवम, ग्राम रोजगार सेवक नीरज उपस्थित रहे।

# शब ए बरात में दुआएं होती हैं कबूल: मुफ्ती असजद

शाह टाइम्स संवाददाता



**बेहट।** नगर सहित देहात इलाकों में शाबान की 15 वीं तारीख के मौके पर में शब–ए–बारात का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया जा रहा है।

शब–ए– बारात के मौके पर बयान करते हुए मुफ्ती असजद ने बताया ने कि शाबान महीने की पन्द्रहवीं रात को शब–ए–बारात कहते हैं। उन्होंने कहा कि हुजूर सअव ने इस रात की फजीलत ब्यान फरमाई है। उन्होंने बताया कि हजरत आयशा फरमाती है कि हुजूर सवअ ने फरमाया कि शाबान की पन्द्रहवी – रात को क्या होता है। जिस पर हजरत आयशा ने कहा कि आप ही बता दें। हुजूर सअव ने फरमाया कि इस रात में तकदीरी फैसले होते हैं और इन्हें फरिश्ते के हवाले कर दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि एक हदीस में हजरत आयशा फरमाती है कि एक रात हुजूर स.अ.व. उनके पास नहीं थे तो वह उन्हें देखने के लिए निकली तो देखा कि वह मस्जिद में है और सजदे में सिर रखे अल्लाह से दुआ कर रहे हैं। नमाज से फारिग होने के बाद स. अ.व. ने फरमाया कि आज रात बंदों के आमाल अल्लाह की बारगाह में पेश होते हैं। मैं चाहता हूं के मेरा आमाल नाम इस हाल में पेश हो कि मैं अल्लाह की इबादत कर रहा हूं। हजरत आयशा ने फरमाया कि इस रात में स.अ.व. को मुसलमानों के कब्रिस्तान में देखा कि वह मुसलमानों के लिए दुआएं मगफिरत कर रहे हैं। एक हदीस में है कि अल्लाह इस रात बहुत सारे बन्दों की मगफिरत फरमाते हैं।

एक हदीस में यह है कि अल्लाह इस रात में आसमानी दुनियां की तरफ अपनी रहमतों की तवज्जो फरमाते हैं और एलान होता रहता है कि कोई भी आदमी अपने गुनाह बख्शवाना चाहता है तो उसके गुनाह माफ कर दूंगा। मुफ्ती असजद ने बयान करते हुए बताया हुजूर ने फरमाया कि जब यह रात आए तो मुसलमानों को इस रात में अल्लाह की इबादत करनी चाहिए। इस रात में एक जगह इकट्ठा होकर इबादत ना करें फर्दन फर्दन इबादत करें। अपने और सभी के लिए दुआएं मांगे मुल्क ओर सारे संसार की शांति की दुआ करें। अपने मुर्दो के लिए इसाले शवाब करें। इस महीने की पन्द्रह तारीख को रोजा रखे।

# भव्य जागरण में संत रविदास की भक्ति में डूबे अनुयायी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिहारीगढ।** कस्बा बिहारीगढ़ स्थित श्री रविदास मंदिर में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के पावन अवसर पर रविवार रात्रि भव्य जागरण, भजन एवं वाणियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु रविदास जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार गुरदयाल सिंह व उनका बेटा कुलदीप सिंह रहे। उनके आगमन पर आयोजकों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सरदार गुरदयाल सिंह ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर रात्रि जागरण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इसके पश्चात गुणगान कार्यकर्ता पार्टी द्वारा भजन–कीर्तन प्रस्तुत किए गए, जिनमें गुरु रविदास जी की वाणियों और संदेशों का सुंदर गुणगान किया गया। भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और पूरा परिसर भक्ति रस में डूब गया।



मुख्य अतिथि सरदार गुरदयाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास का अवतरण एक ज्योति पुंज के रूप में हुआ, जिन्होंने समाज को मानवता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज को संत रविदास जी के मूल विचारों पर चलने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग और अनुयायी उपस्थित रहे। इनमें पूर्व प्रधान त्रिलोक सिंह राठौर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाबूराम राठौर, परमाल राठौर, अशोक राठौर, पूर्व डीसीडीएफ चेयरमैन वेदपाल गौतम, परसा मिस्त्री, राजकुमार, श्याम सिंह, अकिंत नरथवाल, मनजीत सिंह, जयमल सिंह, मैनपाल सिंह, राज. कुमार सैनी, डॉक्टर रणधीर सिंह सैनी, सुरेन्द्र धीमान, सोनू धीमान, एड. बहादुर सिंह, रणधीर सिंह, चान्दनी राठौर, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व समाजसेवी शामिल रहे।

रात्रि जागरण के दौरान श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लिया और गुरु रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## एक नजर

### विकसित भारत के संकल्प को आधार देगा बजट: जसवंत



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** केंद्रीय बजट 2026–27 पर संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने ऐतिहासिक बजट पेश किया है।ये बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को सशक्त आधार देगा।बजट सबका साथ सबका विकासऔर सबका विश्वास की भावना को मजबूत करेगा। बजट युवाओं,किसानों, श्रमिकों और उद्धमियों को आत्मनिर्भर बनाने की ठोस रूपरेखा प्रस्तुत करता है।पाँच लाख की आबादी वाले शहरों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल से यूपी के अनेक नगरों को सीधा लाभ मिलेगा।

### बजट में महंगाई से राहत नहीं: श्वेता

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** केंद्रीय बजट 2026–27 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए महिला कॉग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि महंगाई पर



कोई ठोस राहत नहीं, यह बजट आम जनता, विशेषकर महिलाओं और मध्यम वर्ग के लिए महंगाई से राहत देने में पूरी तरह विफल रहा है।महिलाओं के लिए केवल घोषणाएँ, जमीनी लाभ नहीं। महिला सशक्तिकरण की बातें तो की गई, लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के लिए ठोस बजटीय प्रावधान नजर नहीं आते। युवाओं और महिलाओं के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा करने का कोई स्पष्ट रोडमैप इस बजट में नहीं है।

### शब ए बरात इबादत की रात: मुफ्ती रय्यान



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** हजरत मुफ्ती रय्यान साहब ने कहा कि शब ए बारात इबादत की रात है इसमें शोर शराबे या पटाखेबाजी की गुंजाईश नही है। हजरत मुफ्ती रय्यान साहब ने कहा कि शब ए बारात मुकद्दस रमजान से पहले शाबान के महीने में आती है। यह इबादत की रात होती है। इसमें मुसलमानों को चाहिए की खूब इबादत करें। कुरआन की तिलावत, तस्बीह, नफ्ली नमाज अदा करें और अपने रब से खूब दुआएं मांगे।मुफ्ती रय्यान ने कहा कि इस अफजल रात को पटाखेबाजी, शोर शराबे या बाइकों पर घूमने में जाया नही करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर किसी को अपनी हिम्मत के मुताबिक इबादत करनी चाहिए।

मुफ्ती रय्यान ने कहा कि फज्र की नमाज फर्ज है उसका खास एहतमाम किया जाना चाहिए। शब ए बारात बहुत फजीलत वाली रात है जिसके बारे में बहुत सी रिवायते हैं।

# सकारात्मक मंच साबित हुआ शैक्षिक कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**अंबेहटा।** आर्यन इंटरनेशनल स्कूल में आज एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल के तहत ट्विनिंग और पेयरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय, नकुड के साथ साझेदारी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करना, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाना तथा नवीन शिक्षण पद्धतियों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अनुभवों का आदान–प्रदान करना था।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर सार्थक चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने आधुनिक शिक्षण तकनीकों, छात्रों के समग्र विकास और पाठ्यक्रम सुधार जैसे विषयों पर विचार–विमर्श किया। आर्यन इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या अमिता चौधरी ने सभी बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और शिक्षा के क्षेत्र में सतत प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।



नकुड पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनूप सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम दोनों विद्यालयों के शिक्षकों और छात्रों के लिए एक सकारात्मक मंच साबित हुआ, जहां अनुभव साझा करने से नई दिशाएं मिलीं। समापन के अवसर पर सभी ने सकारात्मक विचारों के साथ भविष्य में ऐसे और शैक्षणिक आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सहयोगी कार्यक्रम शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और आने वाले समय में और अधिक विद्यालयों को जोड़ने की योजना है।

इस दौरान पल्लवी जैन, नीरु सिंह, प्रतिक्षा, एकता, अनुज कुमार, रविश राठी, अरविंद कुमार, शाहरुख, अम्बरीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सदिंग्ध अवस्था में पड़े मिले युवक की उपचार के दौरान मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नागल।** रविवार की रात गागलहेडी मुजफ्फरनगर स्टेट हाईवे पर गांव कोटा के निकट सड़क पर संदिग्ध अवस्था मे पडे घायल युवक की उपचार के दौरान चिकित्सालय में मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव मीरपुर मोहनपुर निवासी अशरफ पुत्र इरशाद रविवार रात को अपने गांव के नफीस के साथ गागलहेड़ी की ओर से बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। गांव कोटा के निकट बस स्टैंड नागल निवासी एक युवक ने अशरफ को सड़क पर बेहोशी की हालत में पडा देखा जिसके सिर से खून बह रहा था। उसके पास कोई नहीं था तभी उसने राहगीरों की मदद से उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया और परिजनों को सूचना दी। चिकित्सको ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे हरियाणा के मुलाना अस्पताल ले गए जहां पर उसकी मौत हो गई। परिजन अशरफ की मौत को संदिग्ध मान रहे हैं । उसके साथी नफीस से पूछताछ की लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहा है।

अशरफ के अभी तीन माह पूर्व दो जुड़वा बेटे हुए है वह मजदूरी कर अपना घर का लालन पोषण कर रहा था। थाना प्रभारी राजकुमार चौहान ने बताया कि मामले की कोई तहरीर थाने नहीं आई है।

## सीनियर्स को विदाई

**गंगोह।** प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल मे सीनियर विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

**सूचना**

मैने अपनी पुत्री मानसी को नाफरमानी व गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमति पूनम पत्नि सुरेन्द्र निवासी ग्राम बरथा जानखेडा, थाना नानौता, जिला सहारनपुर।**

# मातृशोक से शोकाकुल परिवार के बीच पहुंचे फरहाद आलम, दी सांत्वना

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** क्षेत्र से एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता गांव बैंगनी निवासी डॉ. विकास धीमान के परिवार के बीच मातृशोक के चलते समाज वादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा ने पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी।

**सूचना**

मेरे विद्यालय रिकार्ड में मेरी माता का नाम रहमत RIHMAT और पिता का नाम मौ. इरशाद MO IRSHAD दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। मेरी माता का सही नाम रहमत इलाही REHMAT ILAHI व पिता का सही नाम इरशाद IRSHAD है।

**MOHD ASAD S/o IRSHAD निवासी मौहम्मद नगर, मौहम्मदिया मस्जिद के पास, सहारनपुर।**

**सूचना**

मैंने अपने बड़े भाई मौहम्मद नदीम से गलत संगत में पड़ने व नाफरमानी के चलते पारिवारिक व सामाजिक रिश्ते समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में मेरा व मेरी माताजी का उसके किसी भी कार्य व लेनदेन से कोई लेना–देना नहीं है।

**मौ. अजीम पुत्र स्व. नईम अहमद, निवासी- आदर्श नगर मिगलानी बिल्डिंग, थाना कुतुबशेर, सहारनपुर।**



चिलकाना क्षेत्र निवासी से हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता विकास धीमान की माता जी का चौबीस जनवरी दिन शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया था। जिनका दो फरवरी दिन सोमवार को दसवें की रस्म की गयी।

शोकाकुल परिवार से समाज वादी पार्टी के शोएब सलमानी, मो. हसिन गौर, आफताब गौर, इकराम भाई, अफजाल, सादिक, सलमान भी मिले, तथा परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान डॉ. विकास धीमान पत्रकार, सेवाराम, समय सिंह रोशनलाल, अंकुर धीमान, मांगेराम, सुन्दर लाल, अनुज धीमान, अंकित धीमान, रजनीश धीमान, शक्ति धीमान, दीपक धीमान, अमित धीमान व सन्नी धीमान आदि रहे।

# नानौता, बेहट, गागलहेडी व चिलकाना में मनाई संत शिरोमणि रविदास जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानौता।** चेयरमैन पति अफजाल खान व निसार खान ने केक काटकर संत रविदास महाराज का जन्मदिन मनाया नानौता व क्षेत्र में संत शिरोमणि रविदास जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई।

नानौता ब्लाक के ग्राम बुंदूगढ, आभा व नानौता के मोहल्ला कानूनगोयान सरावज्ञान आदि क्षेत्रों में संत रविदास जयंती के अवसर पर मुख्यातिथि चैयरमेन पति व वरिष्ठ आसपा नेता अफजाल खान ने संत रविदास महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर ही जीवन उन्नतिशील हो सकता है। समाजसेवी निसार खान ने कहा कि संत रविदास व बाबा साहेब अंबेडकर ने हमेशा समानता और एकता की बात की है। जयंती के आयोजक पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया संचालन बसपा नेता नरेंद्र ओलरी ने किया। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस अवसर पर आसपा विधानसभा अध्यक्ष पृथ्वी सिंह, अजब सिंह, बबलू कुमार, पवन, राजू, श्याम सिंह, रतीपाल, अरविंद कुमार, कर्म सिंह, राज सिंह माजरा, इसाम सैफी समाजसेवी, रूक्मा चौधरी, अय्यूब मलिक, इसरार मलिक, सलीम सैफी, नियाज चौधरी, सलीम शाह, अलीम खान, राशिद मलिक आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**बेहट।** नगर बेहट में संत शिरोमणि रविदास महाराज की 649 वें जन्मोत्सव को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स जन्मोत्सव के कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला पंचायत सदस्य तथा समाजसेवी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के गले में पटके के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान विभिन्न झांकियों के साथ शोभायात्रा भी निकाली गई जो मन्दिर परिसर से समाप्त होकर कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से होती हुई वापस रविदास मंदिर परिसर में आकर ही समाप्त हुई। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने सर्वप्रथम संत गुरु रविदास महाराज के चित्र पुष्प पर अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैया ने कहा कि हमें सभी धर्म के संतो और महापुरुषों का सम्मान कर बड़े ही धूमधाम से उनके जन्मोत्सव और पुण्यतिथि को मनाना चाहिए स महापुरुष कभी भी एक समाज के नहीं हुए हैं उन्होंने अपने सत्संगों से सभी धर्मों,जातियों और सर्व समाज को जागरूक एवं उनके उत्थान करने का कार्य किया है,।







जिला पंचायत सदस्य चौधरी रामू एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव कर्णवाल उर्फ बोबी ने कहा कि हमें सदैव संत गुरु रविदास जी द्वारा किए गए कार्यों और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर कार्य करना चाहिए उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास जी ने सदैव अपना जीवन सच्चाई और मानव सेवा के लिए समर्पित किया है हमे उनके बताए मार्ग पर चलकर देश और समाज की सेवा करनी चाहिएध। कार्यक्रम के बाद सुन्दर सुन्दर झांकियों के साथ मन्दिर परिसर से शोभा यात्रा भी निकाली गई जो कस्बे के अनेक मोहल्लों से होती हुई मन्दिर परिसर में ही आकर समाप्त हुई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी भरी पुलिस और पीएसी बल के साथ शोभायात्रा के साथ मुस्तैद रहे । इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश गाबा,जिला पंचायत सदस्य हंसराज गौतम शीशपाल, टीपू सुल्तान, राजकुमार एम ए काजमी सुधीर कर्णवाल लाखन, मुकेश शिफॉउल मलिक, सुरेश कुमार विजय नायडू, सहित अनेक समाजसेवी राजनैतिक लोग मौजूद रहे।

**गागलहेड़ी।** गागलहेड़ी में संत शिरोमणि रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई व कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई व्यापारियों ने फूलों से स्वागत किया हे। सोमवार दोपहर कस्बा स्थित रविदास मंदिर से आरम्भ हुई भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता जगपाल सिंह ने फीता काट कर किया। उन्होंने सन्त शिरोमणि रविदास के जीवन चरित्र व उनके द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यो को विस्तार से बताते हुए कहा कि हमे उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए व उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करने को कहा रविदास मंदिर से आरम्भ हुई शोभायात्रा ज्योतिबा फूले चौक, महाराजा अग्रसेन चौक होते हुए वापस मंदिर पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में शामिल झांकिया आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। बैंड की धार्मिक धुनों ने लोगो का मन मोहा। भाजपा नेता योगेश कुमार, भूषण कुमार, जोगेंद्र जोगा, डॉ. धर्मेंद्र पैगवाल,सुखबीर सिंह, मोहन मास्टर, जनेश्वर, मांगेराम, अजय, नरेश, भोपाल, अनिल, धर्मेंद्र, जितेंद्र, मनमोहन, सुमित, विकास, पंकज आदि मौजूद रहे और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा।

**चिलकाना।** क्षेत्र के कई गांवों में श्री गुरु रविदास जयंती का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ परम्परागत तरीके से मनाया गया। पुलिस प्रशासन की देख रेख में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभी गांवों में पर्व शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुआ।

सोमवार को कुछ गांवों जहां धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई वहीं कुछ गांवों में परपंरागत तरीके से भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित कर पर्व मनाया गया। ग्राम बुड्ढाखेड़ा में निकाली गई शोभायात्रा में धार्मिक धुन पर बजते ढोल नगाड़े, बैंड बाजे व धार्मिक झांकियां सभी लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे।

इसी प्रकार कातला खुर्द, पटनी, आल्हनपुर, दौलतपुर, अबुदल्लाहपुर अहाडी, पटना व मरोडगढ़ आदि गांवों में भी धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई। वहीं कातला कलां एवं ग्राम छोटी पठेड़ में रविदास मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन कर पर्व मनाया गया।

# किसान नेता सहित चार लोगों के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज

**युवती ने अश्लील वीडियो बनाकर परिवार को ब्लैकमेल कर धन उगाही करने का भी लगाया आरोप**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** किसान नेता नौशाद त्यागी सहित चार लोगों के खिलाफ युवती को प्रेम जाल में फंसाकर गैंगरेप करने एवं अश्लील वीडियो बनाकर परिवार को ब्लैकमेल कर धन उगाही करने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि अंबहेटा गांव निवासी किसान नेता नौशाद त्यागी ने उसे प्रेम जाल में फंसाया और उसके साथ अनैतिक संबंध बनाए। इस दौरान उसकी अश्लील वीडियो भी बनाई गई। जिसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके तीन साथियों ने भी उसके साथ अनैतिक संबंध बनाए। युवती का आरोप यह भी है कि आरोपियों ने बदनाम करने की धमकी देकर उसके परिवार से धन उगाही भी की। पीड़ित युवती ने पुलिस को बताया कि लगातार मानसिक उत्पीड़न और ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर उसने हिम्मत जुटाई और पुलिस के पास पहुंची। पुलिस का कहना है कि मामला बेहद गंभीर है, तहरीर के आधार पर नौशाद त्यागी, नाजिम, मन्नान और अब्दुल रहमान के विरुद्ध गैंगरेप, ब्लैकमेलिंग समेत संगीन धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठिक की गई हैं।

# युवती पर किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**देवबन्द।** युवती द्वारा किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया हैं किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किये जाने की गुहार लगाई है।

इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर हिमाचल प्रदेश की युवती 17 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर ले गई। पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हिमाचल प्रदेश निवासी एक युवती ने इंस्टाग्राम पर बेटी से दोस्ती की और उसे प्रेमजाल में फंसा लिया। आरोप है कि 22 जनवरी वह बहला फुसलाकर उसे अपने साथ ले गए। जानकारी होने पर उसने फोन पर युवती से संपर्क किया और बेटी को वापस भेजने को कहा तो वह टाल मटौल करती रही और अब उसने मोबाइल भी बंद कर लिया। पुलिस का कहना है मामले की जांच की जा रही है।

# पिछड़े व दलित समाज ने आरक्षण की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**देवबन्द।** जातीय जनगणना में पिछड़ी एवं दलित वर्ग की अलग-अलग उपजातियों की एक जाति में गिनती करने व पिछड़े वर्ग की आबादी के अनुपात में आरक्षण देने की मांग समेत अन्य मांगों को लेकर अति पिछड़े व महादलित समाज के लोगों ने सामाजिक न्याय पार्टी (जनादेश) के बैनर तले धरना प्रदर्शन कर महाम. हिम राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

नगर के देवीकुंड मैदान में जनपद भर से बड़ी संख्या में अति पिछड़े व महादलित समाज के महिला पुरुष पहुंचे और आरक्षण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सामाजिक न्याय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कश्यप ने कहा कि अगस्त 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने दलितों की कमजोर जातियों को आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए एससी/एसटी आरक्षण का वर्गीकरण करने का आदेश दिया था। लेकिन





आयोग बनने के बाद भी उत्तर प्रदेश में अभी तक अति पिछड़ों का अलग आरक्षण नहीं दिया गया है, जो खुला अन्याय है। युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शेखर कश्यप ने कहा कि वह सरकार से अपना हक मांग रहे हैं। यदि आरक्षण नहीं दिया गया तो धरना प्रदर्शन के बजाए आंदोलन किया जाएगा। युवा जिलाध्यक्ष रोशन कुमार व जिलाध्यक्ष ईसम सिंह आदि ने भी विचार रखे और समाज के लोगों से एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की। प्रदर्शन के उपरांत उपजिलाधिकारी युवराज सिंह के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन भेजा गया। जिसमें जातीय जनगणना में पिछड़ी एवं दलित वर्ग की अलग-अलग उपजातियों की एक जाति में गिनती करने व पिछड़े वर्ग की आबादी के अनुपात में आरक्षण देने की मांग की गई। पिछड़े वर्ग को एससी/एसटी की तरह लोकसभा व विधानसभा की सीटों में आरक्षण देने और पिछड़े वर्ग को दलित वर्ग की कमजोर जातियों तक आरक्षण का लाभ पहुंचाने, निशुल्क शिक्षा दिलाने तथा एससी/एसटी एक्ट की तरह अति पिछड़ष एक्ट बनाने की भी मांग की गई। इस दौरान रामभरोसे कश्यप, संचालन प्रमोद कश्यप, मनोज सैनी, राहुल प्रजापति, रोहित कोरी, दिनेश पाल, पप्पू कश्यप, दिनेश कश्यप समेत बड़ी संख्या में महिला व पुरुष शामिल रहे।

# स्वामी परस्वरूपानंद के पांचवें निर्वाण दिवस पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री रामकृष्ण सेवा सदन कैंसर अस्पताल में स्वामी परस्वरूपानंद के पांचवें निर्वाण दिवस पर सुंदरकांड पाठ कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये।

श्री बालाजी ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री रामकृष्ण सेवा सदन कैंसर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में अस्पताल की संचालक महामंडलेश्वर साध्वी आशु गिरि माताजी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वामी परस्वरूपानंद का जीवन मानव सेवा को समर्पित रहा है। उन्होंने वर्ष 1975 में श्री रामकृष्ण सेवा सदन कैंसर हास्पिटल की स्थापना की थी। आज इस हास्पिटल से क्षेत्रवासी ही नहीं बल्कि दूरदराज



से आने वाले मरीज भी लाभांवित हो रहे है। गंभीर बीमारी से लोगों को निजात दिलाने में स्वामी जी द्वारा स्थापित किया गया यह अस्पताल अहम भूमिका निभा रहा है। ट्रस्ट सदस्य बिल्लू व दीपक आदि श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड पाठ किया। इस मौके पर सेठ कुलदीप कुमार, अंकित जैन, प्रमोद गुप्ता, मनोज सिंघल, सुमन सिंघल, ममता वर्मा, पूजा गर्ग, गीता अग्रवाल आदि लोग शामिल रहे।

# जातीय आधारित बोर्ड हटवाकर पुलिस ने समाज के लोगों को किया शांत

**देवबन्द।** संत गुरु रविदास शोभयात्रा के दौरान विद्युत पोल पर लगाए गए जातीय आधारित बोर्ड लगाये जाने को लेकर समाज के लोगो की नाराजगी के चलते पुलिस ने बोर्ड उतरवाकर समाज के लोगों के आक्रोश को शांत किया।

राजूपुर पुलिस चौकी के अंतर्गत पडने वाले रामूपुर गांव में श्री गुरु रविदास जयंती के अवसर पर गांव के मंदिर में भंडारा चल रहा था। इस दौरान किसी ने रास्ते में पडने वाले विद्युत पोल पर जातीय आधारित बोर्ड लगा दिया। कुछ लोगों ने सरकारी संपत्ति पर इस तरह का बोर्ड लगाए जाने की सूचना पुलिस को दी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर राजूपुर पुलिस चौकी से पुलिस रात में ही गांव पहुंची और सरकारी संपत्ति पर बोर्ड लगे होने का हवाला देते हुए उसे उतरवा दिया। बोर्ड हटवाए जाने का अनुसूचित समाज ने विरोध किया। इस दौरान ग्रामीणों की पुलिस से नोकझोंक भी हुई। हालांकि बाद में पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। पूर्व प्रधान रणवीर सिंह ने बताया कि बोर्ड लगाने को लेकर मामला हुआ था। पुलिस ने रात में आकर बोर्ड को उतरवा दिया था। सीओ अभितेष सिंह ने बताया कि रविदास जयंती पर रामूपुर गांव स्थित मंदिर में भंडारा चल रहा है। किसी व्यक्ति ने सरकारी संपत्ति पर एक बोर्ड लगा दिया था, जिसे उतरवाया गया है। किसी तरह का हंगामा होने की बात से उन्होंने इंकार किया।

# जमीयत ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के हालिया सार्वजनिक बयानों को गंभीर घृणा आधारित, सांप्रदायिक रुप से भड़काऊ एवं सांविधानिक मूल्यों का खुला उल्लंघन बताते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की।

जमीयत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने जारी अपने बयान में बताया हैं कि सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई याचिका में असम के मुख्यमंत्री के 27 जनवरी को दिए गए उस भाषण का विशेष रुप से उल्लेख किया गया है जिसमें उन्होंने दावा किया कि चार से पांच लाख मियां वोटर्स को मतदाता सूची से बाहर कर दिया जाएगा। यह भी कहा कि वह और उनकी पार्टी सीधे मियां लोगों के खिलाफ है। मौलाना मदनी ने कहा कि मियां शब्द असम में मुसलमानों के लिए अपमानजनक और बेइज्जती करने वाले तरीके से प्रयोग किया जाता है। असम के मुख्यमंत्री का भाषण इस लिहाज से हैं कि वह एक ऊंचे सांविधानिक पद पर आसीन हैं किसी भी तरह से केवल अभिव्यक्ति के दायरे में नहीं आता बल्कि इसका एकमात्र और प्रमुख उद्देश्य एक समुदाय के विरुद्ध नफरत, दुश्मनी और दुर्भावना को बढ़ावा देना है। मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि ऐसे बयानों से सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा है और एक विशेष समुदाय को सामूहिक रुप से निशाना बनाया है, जो अपने पद की गरिमा के साथ गद्दारी है। उन्होनें बताया कि सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि वह



सांविधानिक पदों पर बैठे लोगों के भाषणों के लिए एक कठोर नियामक दिशा-निर्देश तय करे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी व्यक्ति सांविधानिक पद की आड़ में सांप्रदायिक नफरत फैलाने, उकसाने या किसी समुदाय को बदनाम करने का अधिकार न रखता हो।

# सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया

## स्लाटर हाउस ने नाली और रास्ते की भूमि पर कर रखा था अतिक्रमण

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** तहसील धामपुर क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जनता दर्शन कार्यक्रम में प्राप्त एक शिकायत के आधार पर ग्राम याकूबपुर, परगना स्योहारा, तहसील धामपुर में स्थित ओमार इंटरनेशनल स्लॉटर हाउस द्वारा सरकारी नाली और रास्ते की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनता दर्शन में शिकायत मिली थी कि संबंधित स्लॉटर हाउस द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर सार्वजनिक नाली और रास्ते को बाधित किया गया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा निर्धारित तिथि पर राजस्व टीम का गठन किया गया। टीम ने ओमार इंटरनेशनल स्लॉटर हाउस के प्रतिनिधि की उपस्थिति में मौके पर पहुंचकर नियमानुसार पैमाइश की,



जिसमें शिकायत सही पाई गई।

पैमाइश के बाद नियमानुसार संबंधित संस्था को सरकारी संपत्ति से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था, लेकिन निर्धारित समयावधि में अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद प्रशासन ने कठोर कार्रवाई का निर्णय लिया।

सोमवार को राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की सहायता से सरकारी नाली और रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

इस संबंध में एसडीएम स्मृति मिश्रा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी नाली, रास्ता या अन्य सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जा करना कानूनन अपराध है और भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सार्वजनिक रास्तों और नालियों से अतिक्रमण हटने से आमजन को राहत मिलेगी।

# महिलाओं की किश्त हड़पने पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** क्षेत्र में संचालित एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी की शाखा में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। कंपनी में सीएसएम के पद पर तैनात सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की ऋण किश्तों की राशि हड़पने और कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, संबंधित फाइनेंस कंपनी का मुख्य कार्यालय हैदराबाद में स्थित है, जबकि उसकी एक शाखा धामपुर नगर क्षेत्र में संचालित थी। कंपनी द्वारा महिलाओं के स्वयं सहायता समूह गठित कर उन्हें छोटे-छोटे रोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिसकी वसूली किश्तों में की जाती है। आरोप है कि धामपुर शाखा में सीएसएम के पद पर नियुक्त आकाश पाल समूह की महिलाओं से ऋण की किश्तें वसूलने का कार्य करता था। इसी क्रम में 01 अक्टूबर 2025 को स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से लगभग 1 लाख 93 हजार रुपये की किश्त राशि एकत्र की गई, लेकिन यह रकम कंपनी के खाते में जमा नहीं की गई। शिकायत के अनुसार, जब कंपनी द्वारा किश्तों की जानकारी ली गई तो संबंधित सीएसएम द्वारा टालमटोल की जाने लगी। कुछ समय बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया और वह बिना सूचना दिए कार्यस्थल से अनुपस्थित हो गया। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा उसके आवास पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन वह वहां भी नहीं मिला। परिजनों की ओर से भी कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई।

शाखा के ब्रांच मैनेजर ने कोतवाली धामपुर में शिकायत दी थी। पुलिस द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बुलाकर बयान दर्ज किए गए।

**NAME CHANGE**

I ASHMA HAVE CHANGE MY NAME TO ASMA AND MY FATHER'S NAME SAFIQ ALAM CHANGE TO SHAFIQ ALAM IN FUTURE I WILL BE KNOWN AND CALLED ASMA D/O SHAFIQ ALAM R/O C/O ASHOK SHARMA, 1/1011/1 SHARDANAGAR, NEAR REGMAL MILL, SAHARANPUR

**NAME CHANGE**

I Parvez Alam siddqui have change my name to Parvez Alam Siddiqui in future I will be known and called Parvez Alam Siddiqui S/o Sageer Hasan R/o 4/2069 Link Road Near Sita Ram Mandir Jwala Nagar Saharanpur UP 247001

# बजट संतुलित और सराहनीय: संजीव

**बिजनौर।** केंद्र सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की दवाइयों को सस्ता करना आमजन के हित में बड़ा कदम है। वहीं शराब, पान मसाला, गुटखा, बीड़ी और सिगरेट पर जीएसटी बढ़ाने से स्वास्थ्य संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का नया टैक्स नहीं लगाया गया है, जिससे जनता और व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। जीएसटी के सरलीकरण से व्यापारियों को राहत मिलेगी और कारोबार करने में आसानी होगी। संजीव अग्रवाल ने कहा कि कुल मिलाकर बजट संतुलित और सराहनीय है, जो जनहित के साथ-साथ व्यापारिक विकास को भी गति देगा।

# शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत

**हल्दौर।** मौहल्ला जमनावाला की धर्मशाला में संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा बैंड बाजे के साथ बड़ी धूमधाम से निकाली गई। समाजसेवी संजीव कुमार ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शोभायात्रा बैंड-बाजे के साथ विभिन्न मार्गों से होकर निकाली गई और नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। संत शिरोमणि रविदास, डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा बुद्ध आदि की झांकी आकर्षक का केंद्र बनी रही। युवाओं ने अखाड़े में हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रृद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष आशु कुमार, विकास कुमार, सौरभ कुमार, सिद्धार्थ नाथ, रवि कुमार, वंश, राजवीर सिंह, नीरज कुमार, सागर सिंह, शीशराम सिंह, मुन्नू सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि रहे। वहीं नगर के मौहल्ला अल्लाहवाला, खेड़ा, ग्राम अम्हेड़ा आदि देहात क्षेत्र में भी संत शिरोमणि रविदास जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।

# युवाओं ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

**शेरकोट।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के अवसर पर नगर में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक सौहार्द के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मौहल्ला फतेहनगर में विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में शामिल आकर्षक धार्मिक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

झांकियों के माध्यम से संत रविदास जी के जीवन, उनके विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। वहीं यात्रा के साथ चल रहे युवा अखाड़े में युवाओं द्वारा किए गए हैरतअंगेज करतबों और शारीरिक प्रदर्शन ने दर्शकों को अचंभित कर दिया। रास्ते भर लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में सौरभ कुमार, शक्ति सिंह, राजू माहशय, कपिल, नरेश, सभासद विपिन, सुखबीर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं मोहल्ला समनासराय में भी धार्मिक झांकियों और युवा अखाड़े के साथ अलग से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें अभिषेक कोहली, रणजीत सिंह दारा, विजयपाल सैनी, धर्मवीर चौहान, शुभम बिरला, शिव कुमार आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

**सूचना**

मैंने अपना नाम PHATI से बदल कर FATIMA BEGUM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

FATIMA BEGUM
W/O SAEED AHMAD
H-N-413 PHULAS
AKBARPUR DEOBAND
(SAHARANPUR)

# श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर कार्यक्रम

**धामपुर।** जंक्शन कॉलोनी के श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का प्रथम वार्षिक उत्सव विभिन्न कार्यक्रमों के रूप में श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से आयोजित किया गया। इस दौरान मंदिर के चारों ओर स्थापित किए गए केसरिया ध्वज और ध्वजाओं के कारण कार्यक्रम स्थल केसरिया मय बना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान



बॉबी तथा नूरपुर क्षेत्र की ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान को सामूहिक जयकारों के बीच विशेष सम्मान प्रदान किया गया। धार्मिक संस्था धामपुर जंक्शन पूजा स्थल निर्माण एवं प्रबंधन ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. शंकर लाल शर्मा तथा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा बबलू एवं सचिव राशु चौहान और कोषाध्यक्ष योगेश कुमार के संरक्षण निर्देशन एवं संयोजन में आयोजित इस प्रथम वार्षिक उत्सव समारोह का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। समाजसेवी एवं ट्रस्ट अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा बबलू एवं कामिनी शर्मा, योगेश कुमार एवं मंजू देवी, विकास अग्रवाल एवं मोना अग्रवाल, प्रमोद सिंह चौहान एवं इंदु सिंह चौहान, मुकेश कश्यप एवं अन्नू रानी कश्यप, दुर्गेश राठौड़ एवं शिखा राठौड़, दिनेश भारती एवं वर्षा रानी, श्याम अग्रवाल एवं सोनी अग्रवाल, पवन शर्मा एवं छवि शर्मा, रोहित गौतम एवं आंचल भारद्वाज रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने बजट को फर्जी और निराशाजनक बताया

**बिजनौर।** जिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026 की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे आम जनता, विशेषकर गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील तथा विफल बताया है। श्रीमती हैनरीता सिंह ने कहा कि यह बजट फर्जी है। भाषण बहुत लंबा ढेड़ घंटे से अधिक, लेकिन असली समस्याओं पर पूर्ण चुप्पी। बजट में महंगाई नियंत्रण, रोजगार सृजन या आर्थिक संकट से निपटने की कोई ठोस योजना नहीं है। बल्कि बजट पेश होने से ठीक पहले ही एलपीजी सिलेंडर कमर्शियल के दामों में लगभग 50 रुपए की बढ़ोतरी कर आम आदमी की कमर तोड़ दी गई है। घरेलू सिलेंडरों पर राहत के नाम पर कोई घोषणा नहीं, जबकि महंगाई पहले से ही जनता को परेशान कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि बजट घोषणा के तुरंत बाद शेयर बाजार में भारी गिरावट आई, जो बाजार की इस बजट पर नकारात्मक प्रतिक्रिया को दर्शाता है। मोदी सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हो चुकी है। मैन्युफैक्चरिंग गिर रही है, निवेशक पूंजी निकाल रहे हैं, किसान संकट में हैं, युवा बेरोजगार हैं और वैश्विक स्तर पर आर्थिक झटकों की आशंका है। फिर भी बजट में इन मुद्दों का कोई उल्लेख नहीं। श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण की अनदेखी आंकड़ों का आंकलन नहीं किया गया, बल्कि अनदेखा कर दिया गया। रुपए की लगातार गिरावट इसके उभार के लिए कोई योजना नहीं। पिछले बजट का खर्च न होना शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय जैसे जरूरी क्षेत्रों में आवंटित बजट खर्च नहीं किया गया, बल्कि कई योजनाओं से कटौती कर दी गई। सबका साथ, सबका विकास का ढोंग वादे पूरे नहीं हुए केवल कटौतियां की गईं। युवा, महिलाएं, किसान और गरीब निराश महंगाई के बोझ तले दबे हैं। 'बुलेट ट्रेन' या '2000 करोड़ नौकरियां' जैसे बड़े-बड़े दावे खोखले साबित हो चुके हैं। मध्यम वर्ग को केवल निराशा यह बजट गरीबों को और गरीब बनाता है, जबकि मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग को झुनझुना थमा दिया गया है।

श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने इसे 'फुस्स सुतली बम' जैसा बजट बताया, जो आम जनता को केवल निराशा देता है।

# भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत बरूकी बस स्टैंड पर सम्पन्न हुई। क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई।

भारतीय किसान यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेश सिंह ने कहा कि पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे के बरूकी बस स्टैंड के फ्लाईओवर के दोनों ओर सर्विस रोड पर नहर की पुलिया का तत्काल प्रभाव से निर्माण चालू करने, दुर्घटनाओं को दावत दे रही पुरानी पुलिस चौकी को हटाने, बंदरों एवं आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने, बरूकी के दोनों साप्ताहिक बाजार पूर्व की भांति सहकारी समिति के प्रांगण एवं पानी की टंकी के प्रांगण में भरवाने, पंजाब नेशनल बैंक की शाखा द्वारा बैंक ग्राहकों के खाता पासबुक में एंट्री कराई जाए। मौके पर एनएचएआई के



अधिकारी पहुंचे और उन्होंने 7 फरवरी को नहर के पुल पर काम शुरू करने का आश्वासन दिया। अब्दुल मजीद की अध्यक्षता एवं चौधरी धर्मवीर सिंह के संचालन में सम्पन्न हुई पंचायत मोमिन खान, बनवारी लाल, नरपाल सिंह, रमेश कुमार आदि लोगों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### इंग्लैंड ने श्रीलंका को डीएलएस से छह विकेट से हराया

**पल्लेकेले, वार्ता।** टॉम बैंटन (नाबाद 54) रनों की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को वर्षा प्रभावित मुकाबले में (डीएलएस प(ति) से दो गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। इसी जीत के साथ ही इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजए बढ़त बना ली है। इंग्लैंड ने रविवार रात टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पवन रत्नायके (40), कामिल मिशारा (36), पुथुम निसंका (34), कुसल मेंडिस (32) और चरित असलंका (नाबाद 28) के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 189 का स्कोर बनाया। बारिश के कारण मैच कुछ देर के लिए रुका और फिर कम ओवरों के साथ डीएलएस पद्धति से 168 रनों का नया लक्ष्य निर्धारित किया गया। इंग्लैंड के लिए आर्चर ने दो विकेट लिए। विल, लियम व रशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### श्याम लाल कॉलेज और आईजीआई की जीत से शुरुआत

**नई दिल्ली, वार्ता।** श्याम लाल कॉलेज व इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्र्स साइंस ने 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमो. रियल हॉकी टूर्नामेंट के सोमवार को खेले गए मुकाबलों में जीत के साथ शुरुआत की। यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि प्रोफेसर बालाराम पाणि, डीन ऑफ कॉलेजेस, दिल्ली यूनिवर्सिटी ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मेजबान श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य ने श्री पाणि, प्रो-सरिता त्यागी, एचओडी, डीपीईएसएस, डीयू, डा. ज्योति मान, असिस्टेंट डारेक्टर, डीयूएससी, श्री संजीव गौतम सहित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।


# भारत के मैच बहिष्कार पर आईसीसी ने पाक को चेताया




**पाकिस्तान के राजस्व पर भी रोक सहित अन्य कड़े कदम उठा सकती है अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद**

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान सरकार द्वारा भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच के बहिष्कार 'चुनिंदा भागीदारी' की घोषणा के बाद कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए आपसी सहमति से कोई समाधान तलाशेगा। ऐसा माना जा रहा है कि आईसीसी इस मुद्दे पर जल्द ही बैठक करने जा रहा है। इस बैठक में आईसीसी भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने पर प्रतिबंध लगा सकता है और आईसीसी की ओर से पाकिस्तान के राजस्व पर भी रोक सहित अन्य कड़े कदम उठा सकता। 15 फरवरी को होने वाला भारत-पाकिस्तान मुकाबला टूर्नामेंट का सबसे अधिक व्यावसायिक रूप से लाभदायक ग्रुप मैच माना जा रहा है। पाकिस्तान सरकार द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई पोस्ट के कुछ ही घंटों बाद आईसीसी ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आईसीसी की ओर से जारी एक बयान में कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि इस निर्णय से पीसीबी अपने देश पर होने वाले क्रिकेट के दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इसका असर वैश्विक क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ने की संभावना है, जिसका पाकिस्तान स्वयं सदस्य और लाभार्थी है। आईसीसी के नियमों के अनुसार किसी मैच का बहिष्कार होने की स्थिति में पाकिस्तान को अपने अंक गंवाने पड़ेगे और उसके नेट रन रेट पर असर पड़ेगा, लेकिन भारत के नेट रन रेट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके अलावा भारत को जीत के दो अंक भी मिलेंगे। बयान में कहा गया कि आईसीसी को अब तक इस मामले पर पीसीबी से कोई औपचारिक संवाद प्राप्त नहीं हुआ है। आईसीसी के बयान में कहा गया कि आईसीसी पाकिस्तान सरकार द्वारा दिए गए उस बयान को संज्ञान में ले रहा है, जिसमें उन्होंने 2026 आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप में अपनी राष्ट्रीय टीम को चुनिंदा मैचों में भाग लेने का निर्देश दिया है। आईसीसी अभी भी इस संबंध में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से आधिकारिक संवाद की प्रतीक्षा कर रहा है। हालांकि चयनात्मक भागीदारी की यह स्थिति किसी वैश्विक खेल आयोजन की मूल भावना से मेल नहीं खाती, जहां सभी क्वालिफाई कर रही टीमों से तय कार्यक्रम के अनुसार समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करने की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि आईसीसी के टूर्नामेंट खेल भावना, प्रतिस्पर्धा, निरंतरता और निष्पक्षता पर आधारित होते हैं और चयनात्मक भागीदारी प्रतियोगिताओं की भावना और पवित्रता को कमजोर करती है। हालांकि आईसीसी राष्ट्रीय नीति से जुड़े मामलों में सरकारों की भूमिका का सम्मान करता है, लेकिन यह निर्णय वैश्विक खेल या पाकिस्तान के लाखों प्रशंसकों सहित दुनिया भर के प्रशंसकों के हित में नहीं है। आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी अपने देश में क्रिकेट पर पड़ने वाले इसके महत्वपूर्ण और दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इसका असर

## बीसीसीआई ने खेल भावना पर आईसीसी के रुख का किया समर्थन



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में भारत के खिलाफ ग्रुप-चरण मैच का बहिष्कार करने के पाकिस्तान के फैसले के बाद बीसीसीआई खेल भावना पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के रुख से पूरी तरह सहमत है।

कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि भारतीय बोर्ड आईसीसी के साथ चर्चा करने तक इस पर कोई और टिप्पणी नहीं करेगा।

शुक्ला ने कहा कि आईसीसी ने एक बड़ा बयान जारी किया है। उन्होंने खेल भावना के बारे में बात की है और हम आईसीसी से पूरी तरह सहमत हैं। जब तक हम आईसीसी से बात नहीं कर लेते। बीसीसीआई इस पर कोई टिप्पणी नहीं करेगा। उनकी यह टिप्पणी पाकिस्तान सरकार की उस घोषणा के कुछ घंटे बाद आई, जिसमें कहा गया था कि उसकी राष्ट्रीय टीम 15 फरवरी को भारत के खिलाफ ग्रुप-चरण मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में पाकिस्तान सरकार ने कहा कि उसने टूर्नामेंट में टीम की भागीदारी को मंजूरी दे दी है, लेकिन भारत के खिलाफ मैच को इसमें शामिल नहीं किया है।

## बीसीसीआई ने इंडिया 'ए' टीम की घोषणा की, तिलक वर्मा की वापसी



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को आयुष बडोनी की अगुवाई में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से पहले होने वाले दो अभ्यास मैचों के लिए 15 सदस्ईय इंडिया ए टीम की घोषणा की। इंडिया ए टीम दो फरवरी को अपने पहले अभ्यास मैच में अमे. रिका का सामना करेगी, जिसके बाद वह वैश्विक टूर्नामेंट की तैयारी के मैचों के तहत छह फरवरी को नामीबिया से भिड़ेगी। टीम में शामिल किए गए खास खिलाड़ियों में से एक तिलक वर्मा हैं, जो टी-20 विश्व कप के लिए भारत की सीनियर टीम का भी हिस्सा हैं। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज हाल ही में सर्जरी के बाद टीम से बाहर था, लेकिन प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी जारी रखने के कारण उसे इंडिया ए टीम में शामिल किया गया है। इस बीच, सीनियर भारतीय पुरुष टीम भी विश्व कप की तैयारी के तहत एक अभ्यास मैच खेलेगी, जिसमें वह चार फरवरी को दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी।

**इंडिया ए टीम :-** आयुष बडोनी (कप्तान), नमन धीर, आशुतोष शर्मा, प्रियांश आर्य, एन जगदीसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, रियान, मानव, अशोक शर्मा, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), गुरजपनीत सिंह, विपराज, रवि बिश्नोई, खलील अहमद और मयंक यादव।

## विश्व कप के शुरुआती दौर से बाहर रह सकते हैं हेजल वुड



**जोश हेजलवुड इंग्लैंड सीरीज की शुरुआत में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण बाहर हो गए थे और फिर रिहैब के दौरान उन्हें दूसरी समस्या हो गई**

**सिडनी, वार्ता।** चोट से उबर रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड रिहैब के कारण आगामी टी-20 विश्व कप का शुरुआती दौरे से बाहर रह सकते है। उनकी जगह शॉन एबट को ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप टीम में ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में जोड़ा गया है। पाकिस्तान का दौरा मिस करने के बाद ग्लेन मैक्सवेल, नाथन एलिस और टिम डेविड मंगलवार को कोलंबो में टीम से जुड़ने के लिए तैयार हैं। गुरुवार को नीदरलैंड्स के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का अभ्यास मैच है और फिर 11 फरवरी को उन्हें आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच खेलना है। हेजलवुड इंग्लैंड सीरीज की शुरुआत में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण बाहर हो गए थे और फिर रिहैब के दौरान उन्हें दूसरी समस्या हो गई। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं और मेडिकल स्टाफ ने निर्णय लिया है कि वे फिलहाल सिडनी में ही रहेंगे। चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने इस बारे में कोई समय-सीमा नहीं बताई है कि वे श्रीलंका कब पहुंचेंगे। डोडेमाइड ने कहा कि हमें लगा कि जॉश के लिए श्रीलंका जाने से पहले घर पर जाने-पहचाने माहौल में अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखना अधिक व्यावहारिक और फायदेमंद होगा। नाथन के भी खेल में वापसी की प्रक्रिया पूरी करने के साथ, हमने शॉन को अपने साथ तेज गेंदबाजी कवर के तौर पर लाने का फैसला किया है ताकि अगर कम समय के नोटिस पर कुछ भी होता है तो वह उपलब्ध रहें। शॉन एक मंझे हुए और बहुमुखी खिलाड़ी हैं जिन्होंने कई विश्व कप अभियानों का अनुभव लिया है। पाकिस्तान दौरे के बाद उनका ग्रुप के साथ बने रहना समझदारी भरा फैसला था। पीठ की चोट से उबर रहे पैट कमिंस को ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्व कप से पहले ही खो चुका है। उन्होंने चोट से उबरने के लिए अभी और समय चाहिए था जिसके कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच में से चार टेस्ट मैच नहीं खेल पाए थे। बेन ड्वारश्विस को अंतिम 15 सदस्ईय स्क्वॉड में शामिल किया गया था।

## आईसीसी ने पुरुष टी-20 विश्वकप के अभ्यास मैचों का कार्यक्रम किया जारी

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के अभ्यास मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। आईसीसी की ओर से आज जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार सात फरवरी से शुरु होने वाले टूर्नामेंट से पहले विभिन्न टीमों के बीच दो से छह फरवरी तक कुल 16 अभ्यास मैच खेले जाएंगे। भारत और श्रीलंका के चार शहरों में यह अभ्यास मैच खेले जाएंगे। भारत में, बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के दो ग्राउंड मैचों की मेजबा. नी करेंगे, जबकि भारत में शेष अभ्यास मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम और चेन्नई के एम-ए चिदंब. रम स्टेडियम में होंगे। वहीं श्रीलंका में कोलंबो में एसएससी क्रिकेट ग्राउंड, आर-प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड की मेजबानी करेंगे।

## बीबीसी आईएसडब्ल्यूओटीवाई पुरस्कार के लिए दिव्या हुई शॉर्टलिस्ट



● **हर साल भारत की शीर्ष पांच महिला खिलाड़ियों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है**

**मुम्बई, वार्ता।** बीबीसी ने शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना, निशानेबाज सुरूचि सिंह तथा एथलेटिक्स ज्योति याराजी को वर्ष 2025 में उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्र्सवुमन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया है। बीबीसी आईएसडब्ल्यूओटीवाई का यह छठा संस्करण है।

इसमें उन महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है जिन्होंने बाधाओं को तोड़ा है, लाखों लोगों को प्रेरित किया है और अंतर्राष्ट्रीय खेल मंचों पर भारत की मौजूदगी को मजबूत बनाया है। इन खिलाड़ियों को खेल संपादकों, लेखकों और विशेषज्ञों की प्रतिष्ठित जूरी ने साल 2025 में उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के बाद शॉर्टलिस्ट किया है। हर साल भारत की शीर्ष पांच महिला खिलाड़ियों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। कलेक्टिव न्यूजरूम की एडिटर इन चीफ और सह संस्थापक रूपा झा कहती हैं कि अक्सर महिलाओं को शादी, उम्र, शरीर से जुड़े मानकों या विकलांगता जैसी वजहों से खेल से दूर रहने के लिए हतोत्साहित किया जाता रहा है। इस साल की एडिटोरियल थीम, एक बेहद सरल लेकिन जरूरी बात को मजबूती से सामने रखती है कि सभी खेल सकते हैं क्योंकि खेल सबका है- उसका असली असर केवल नतीजों से नहीं, बल्कि सभी को शामिल किए जाने और मिलने वाले मौकों से मापा जाना चाहिए।

## शशि थरूर ने उपमहाद्वीप में क्रिकेट के राजनीतिकरण की निंदा की



● **शशि थरूर ने नई दिल्ली में पत्रकारों से कहा कि सच कहूं तो यह काफी अपमानजनक है कि दोनों तरफ से खेल का इस तरह राजनीतिकरण किया गया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने उपमहाद्वीप में क्रिकेट के बढ़ते राजनीतिकरण की आलोचना करते हुए भारत, पाकिस्तान और बंगलादेश से जुड़े हालिया घटनाक्रमों को 'शर्मनाक' बताया और चेतावनी दी कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है।

पाकिस्तान के भारत के खिलाफ 2026 आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप ग्रुप-चरण मैच का बहिष्कार करने के फैसले और बंगलादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान से जुड़े विवाद पर श्री थरूर ने प्रतिक्रिया दी है कि खेल को राजनीतिक तनाव का शिकार बनने के बजाय जोड़ने वाली शक्ति के रूप में काम करना चाहिए। श्री थरूर ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि सच कहूं तो यह काफी अपमानजनक है कि दोनों तरफ से खेल का इस तरह राजनीतिकरण किया गया है। मुझे नहीं लगता कि मुस्तफिजुर को कोलकाता में खेलने के लिए उनके अनुबंध से वंचित किया जाना चाहिए था। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण था। श्री थरूर ने इस घटनाक्रम पर बंगलादेश की प्रतिक्रिया को जरूरत से ज्यादा बताया और कहा कि पाकिस्तान का यह कदम बंगलादेश के साथ एकजुटता दिखाने का प्रयास है। श्री थरूर ने कहा कि बंगलादेश की प्रतिक्रिया जरूरत से ज्यादा थी, लेकिन यह उसी का प्रतिबिब है। पाकिस्तान बंगलादेश के साथ एकजुटता दिखाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला अब नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है। क्षेत्र में क्रिकेट के सांस्कृतिक महत्व पर जोर देते हुए श्री थरूर ने हितधारकों से राजनी. ति को खेल से दूर रखने और उचित माध्यमों से बातचीत बहाल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमें यह समझने की जरूरत है कि खेल, जो सभी लोगों के लिए बहुत मायने रखता है, वह कम से कम खेल के मैदान पर तो हमें साथ लाने का जरिया होना चाहिए, खासकर क्रिकेट जैसा खेल। वर्तमान स्थिति को 'चेतावनी की घंटी' बताते हुए श्री थरूर ने सुझाव दिया कि आईसीसी संबंधित पक्षों के बीच तत्काल बातचीत के लिए एक मंच के रूप में कार्य कर सकती है। श्री थरूर ने कहा कि मैं ईमानदारी से मानता हूं कि यह अब उन सभी के लिए एक चेतावनी की घंटी है, जिन्हें आपातकालीन आधार पर एक-दूसरे से संपर्क करना चाहिए। आईसीसी इसके लिए एक मंच बन सकता है, जो बस यह कहे कि चलिए इस बकवास को यहीं खत्म करते हैं। उनकी टिप्पणियां पाक सरकार की घोषणा के कुछ घंटे बाद आई है कि उसकी राष्ट्रीय टीम भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले ग्रुप-चरण मैच के लिए मैदान में नहीं उतरेगी। 'एक्स' पर एक पोस्ट में पाक सरकार ने कहा कि उसने टूर्नामेंट में टीम की भागीदारी की मंजूरी दे दी है।

## रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए मुंबई टीम में ठाकुर यशस्वी जायसवाल की वापसी

● **शार्दूल ठाकुर और यशस्वी दोनों अलग-अलग कारणों से पिछले कुछ मैच नहीं खेल पाए थे**



**मुम्बई, वार्ता।** शार्दुल ठाकुर और यशस्वी जायसवाल को कर्नाटक के खिलाफ छह फरवरी से शुरु होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए 16 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है।

ठाकुर और जायसवाल दोनों अलग-अलग कारणों से पिछले कुछ मैच नहीं खेल पाए थे। ठाकुर चोट की वजह से बाहर थे, जबकि जायसवाल के न खेलने का कारण मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को भी नहीं पता था।

एमसीए इस बात से अधिक खुश नहीं था कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतिब(ता से फ्री होने के बावजूद जायसवाल ने पिछले कुछ मैच नहीं खेले। मुंबई 42 बार की रणजी चैंपियन है।

**मुंबई टीम इस प्रकार है :-** शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, मुशीर खान, अखिल हरवाडकर, सि(ेश लाड, सरफराज खान, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), साईराज पाटिल, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, ओंकार तरमाले, दिव्एश सक्सेना और सूर्यांश शेडगे।


## हरियाणा थंडर्स ने जीता पीडब्ल्यूएल का खिताब

● **नोएडा इंडोर स्टेडियम में रविवार रात खेले गए मुकाबले में हरियाणा थंडर्स ने 5-4 की रोमांचक जीत दर्ज कर पीडब्ल्यूएल का खिताब पक्का कर दिया**




**नोएडा, वार्ता।** हरियाणा थंडर्स ने रोमांचक फाइनल में मुकाबले में दिल्ली दंगल वॉरियर्स को हराकर प्रो रेसलिग लीग 2026 का खिताब अपने नाम किया। नोएडा इंडोर स्टेडियम में रविवार रात खेले गए मुकाबले में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ आखिरी मुकाबले तक चले रोमांचक फाइनल के बाद प्रो रेसलिंग लीग 2026 का चैंपियन चुना गया। आठ मुकाबलों के बाद स्कोर 4-4 से बराबर था और अब सब कुछ महिलाओं के 62 किग्रा के फाइनल मुकाबले पर निर्भर था, जहां पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता इरीना कोलियाडेंको ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स के लिए 5-4 की रोमांचक जीत और पीडब्ल्यूएल 2026 का खिताब पक्का कर दिया। हरियाणा थंडर्स को डब्ल्यूपीएल 2026 ट्रॉफी के साथ 1-5 करोड़ की पुरस्कार राशि, जबकि उप विजेता दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 75 लाख रूपए मिले। इंडिविजुअल अवॉर्ड्स में, दिल्ली दंगल वॉरियर्स के तुरान बायरामोव को 57 किग्रा पुरुष वर्ग में 7 में से 7 बाउट जीतने के लिए 2-5 लाख का प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवॉर्ड मिला, जिससे उन्होंने पीडब्ल्यूएल 2026 में कुल 59 अंक बनाए, जबकि पंजाब रॉयल्स के चंद्रमोहन टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा पॉइंट स्कोर करने वाले खिलाड़ी रहे। नेहा सांगवान (हरियाणा थंडर्स) ने आखिरी बाउट तक फाइनल को जिंदा रखने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच जीता, जबकि रौनक (दिल्ली दंगल वॉरियर्स) ने पुरुष 125 किग्रा वर्ग में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए फाइटर ऑफ द मैच जीता। इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार अक्षय ढेरे (हरियाणा थंडर्स) ने 57 किग्राम पुरुष वर्ग में शानदार प्रदर्शन के लिए जीता। चैंपियनशिप नाइट की शुरुआत दिल्ली के 74किग्रा पुरुषों के मुकाबले में बिना हारे तुरान बायरामोव के जरिए हुई, जिन्होंने शुरुआती बढ़त बनाई और मुकाबले को कंट्रोल करते हुए 8-1 से जीत हासिल की। हरियाणा ने 76किग्रा महिलाओं की वर्ग में तुरंत जवाब दिया, जहां अंडर-20 विश्व चैंपियन काजल धोचक ने यूरोपियन चैंपियन अनास्तासिया अल्पीएवा को 3-1 से हराकर मुकाबला बराबर कर दिया। 65किग्रा पुरुषों के मुकाबले में फिर से मोमेंटम बदला जब दिल्ली के कप्तान सुजीत कलकल ने आखिर में शानदार वापसी करते हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप के रजत पदक विज. ेता तुमुर ओचिर तुल्गा को 8-6 से हरा दिया। हरियाणा ने अपनी करिश्माई और कई बार की वर्ल्ड चैंपियन यूई सुसाकी के जरिए जवाब दिया, जिन्होंने सारिका पर शानदार टेक्निकल सुपीरियरिटी से जीत हासिल करके स्कोर 2-2 कर दिया। दिल्ली ने 86 किग्रा पुरुषों के मुकाबले में बढ़त फिर से हासिल कर ली, जब एशियन चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट वफ़ाईपुर हादी बख्तियार ने आशिरोव अशरफ़ को 11-0 से हराया, इससे पहले हरियाणा ने अक्षय के जरिए जोरदार वापसी की, जिन्होंने 57 किग्रा पुरुषों के मुकाबले में दिल्ली के अमित को तकनीकी आधार पर हरा दिया। इसके बाद हैवीवेट मुकाबला अहम साबित हुआ, जिसमें रौनक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनिरुद्धको 12-2 से हराया, जिससे दिल्ली 4-3 से आगे हो गई। हरियाणा ने हार नहीं मानी, और नेहा ने 57 किग्रा महिलाओं के मुकाबले में अंजलि को पिन करके फाइनल को जिंदा रखा।

## आर्सेनल महिला टीम ने जीता पहली बार फीफा चैंपियंस कप



**लंदन, वार्ता।** आर्सेनल महिला टीम ने ब्राजील की एससी कोरिथियंस पर अतिरिक्त समय में 3-2 से रोमांचक जीत के साथ पहला फीफा महिला चैंपियंस कप जीता। एमिरेट्स स्टेडियम में रविवार को खेले गए मुकाबले में सबस्टिट्यूट कैटलिन फोर्ड ने 104वें मिनट में निर्णायक गोल किया। आर्सेनल ने 15वें मिनट में ओलिविया स्मिथ के जरिए स्कोरिग शुरू की, लेकिन कोरिथियंस ने तेजी से जवाब दिया और गैबी जानोटी ने बराबरी कर ली। लोटे वुबेन-मोय ने ब्रेक के बाद हेडर से आर्सेनल की बढ़त वापस ला दी, लेकिन विक अल्बुकर्क ने ब्राजीलियाई चैंपियंस के लिए पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच को अतिरिक्त समय के लिए मजबूर कर दिया। मैच के बाद फोर्ड ने कहा कि इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराना अच्छा है। आर्सेनल की कैप्टन किम लिटिल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और उन्होंने कहा कि क्लब के घरेलू मैदान पर ट्रॉफी उठाने से यह उपलब्धि 'एक्स्ट्रा स्पेशल' हो गई। इससे पहले, यूनाइटेड स्टेट्स की गोथम एफसी ने उसी जगह पर मोरक्को की एज फार को 4-0 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

# बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को दिया गया लैपटॉप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया।

जनमंच सभागार में आयोजित कार्यक्रम का जिलाधिकारी मनीष बंसल, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरविन्द कुमार पाठक, जे.वी.जैन कॉलेज के गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. मनु गुप्ता, कार्यक्रम समन्वयक अम्बरीश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के मध्य गणित और इसके अनुप्रयोगों पर आधारित व्यवहारिक क्विक टैक्निक की भी जानकारी दी गयी। इसके तहत लघु फिल्म भी दिखाई गयी जिसके माध्यम से गणित के प्रति बच्चों की रूचि बढ़े। राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर मनोबल बढाया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से चल रही कोड योगी फाउण्डेशन के अन्तर्गत बच्चे कोडिंग सीख रहे है। कोडिंग में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 10 बच्चों को लैपटॉप वित. रित किए गये। क्विज प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गणितीय प्रश्नोत्तरी, वृतचित्र शकुन्तला देवी की प्रस्तुति, गणित के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु ऑनलाइन अभियान आदि का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चें प्रोत्साहित होते हैं



तथा बेहतर टैक्निक को जानने में मदद मिलती है। उन्होने अन्य विद्यार्थियों को इन होनहार विद्यार्थियों से प्रेरणा लेकर भविष्य संवारने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एशिया बुक आफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने वाले सहारनपुर के होनहार ग्रैण्डमास्टर प्रवण गोयल एवं ग्रैण्डमास्टर अरन्या छावड़ा द्वारा हैंड्स ऑन एक्टिविटीज करायी गयी साथ ही जे.वी.जैन कॉलेज के प्रोफेसर डॉ मनु गुप्ता द्वारा गणित विषय को रोचक बनाने तथा सर्व सुलभ गणितीय तकनीक का प्रदर्शन किया गया। अमित छावड़ा एवं सहायक अध्यापक सचिन त्यागी द्वारा विद्यार्थियों के मध्य गणित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। गणित प्रश्नोत्तरी में तनु पंवार, सूरज प्रसाद, रूद्र प्रताप सिंह, हरिओम एवं प्रणव गोयल को विजेता घोषित किया गया तथा पुरस्कृत किया गया। कोड़ योगी में हिमांशु एस.ए.एम. इंटर कॉलेज, अर्जुन पब्लिक इंटर कॉलेज, पायल गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, मोहम्मद उजेद एस.डी. इंटर कॉलेज, इल्मा गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, रिशु खालिद आर्य कन्या इंटर कॉलेज गंगोह, अंशुल सरस्वती इंटर कॉलेज, प्रियांशी रोर एच.आर. इंटर कॉलेज, लविश एस.ए.एम. इंटर कॉलेज को लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के समस्त प्रकार के विद्यालयों के कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# शोभायात्रा में डीजे से उतरते समय फिसला पैर, टायर के नीचे आकर मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिर्जापुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की भव्य शोभा यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के महज कुछ मिनट बाद शेरपुर पेलो गांव में एक दिल दहला देने वाला हादसा घट गया। डीजे वाहन से उतरते हुए एक युवा ऑपरेटर का संतुलन बिगड़ गया और वाहन का भारी टायर उसके शरीर पर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पूरा इलाका शोक की चादर में लिपट गया।

शोभा यात्रा के समापन समारोह के दौरान डीजे साउंड सिस्टम पर तेज धुनें बज रही थीं। गुलाब सिंह उम्र करीब 28 वर्ष, पुत्र श्याम सिंह, निवासी ग्राम भूरिबास, थाना नकुड़ ऊंचे डीजे वाहन से नीचे कूदने की कोशिश कर रहा था।अचानक पैर फिसल गए और वह सड़क पर गिर पडा। ठीक उसी पल वाहन आगे बढ़ा और इसका पिछला टायर गुलाब के सीने पर चढ़ गया। ग्रामीणों ने चिल्लाकर वाहन रुकवाया, लेकिन तब तक गुलाब की सांसें थम चुकी थीं। घटना स्थल पर शोभा यात्रा की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस टीम ने तुरंत संभाल लिया। मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया और डीजे वाहन को सील कर थाने में खड़ा किया।



एसओ मिर्जापुर ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच चल रही है। प्रथम दृष्टया दुर्घटना लग रही है, लेकिन हर पहलू की पड़ताल होगी।

# मुजतबा एडवोकेट को कांग्रेस हाईकमान ने दी बड़ी जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस हाईकमान ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजत. बा एडवोकेट को एक साथ पाँच राज्यो का प्रभारी बना कर पार्टी में उनका कद बहुत बड़ा कर दिया है।

**■ पांच राज्यों अरूणाचल, मिजोरम, नागालैंड, मणिपुर व मेघालय का बनाया प्रभारी**

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के निकटवर्ती मुजत. बा एडवोकेट को कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने पाँच राज्यो अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड, मणिपुर, मेघालय का प्रभारी राष्ट्रीय महासि. चव बनाया है देश भर में कांग्रेस ओबीसी के संगठन को राष्ट्रीय नेतृत्व ने यह जिमेदारी दी है। मुजतबा ऐडवोकेट ने बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर हाइकमान का आभार जताया और कहा कि देश भर में कांग्रेस अपने संगठन को बूथ लेवल से मजबूत करने में जुटी हुई है इसी कड़ी में मुझे जो जिमेदारी पार्टी ने दी है निश्चित तोर पर हर परदेश के गाँव गाँव बूथ लेवल तक संगठन को मजबूत किया जायेगा मुजतबा एडवोकेट ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने की अपील की और कांग्रेस से जुड़ने की अपील की।

# खान पान का विशेष ध्यान रखें: डा. राहुल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ हृदयरोग विशेषज्ञ डा. राहुल जी गैनदोत्रा ने कहा कि खान पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

डा. राहुल इंडियन मैडिकल एसोसिएशन की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने ने कहा कि हमे मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा का सेवन करना चाहिए, फल हरी सब्जी, बादाम, अखरोट, सीड्स, चिकन, मछली,पनीर खाने चाहिए। डॉक्टर राहुल ने कहा कि हमे रिफाईड तेल, शराब, धूम्रपान, शुगर का सेवन नही करना चाहिए। डॉक्टर संदीप दैथिक ने कहा कि कन्धे के दर्द को हल्के मे नही लेना चाहिए उसकी सही जांच और इलाज कराना चाहिए, सभी कन्धे के दर्द फ्रोजन शोलजर नही होते है। आई.एम.ए के अध्यक्ष




डॉक्टर प्रवीण शर्मा ने बताया कि आई.एम.ए के द्वारा स्कूलो मे जरुरतमंद छात्रो को स्वेटर बाटे गए और आगे भी आई.एम.ए के द्वारा सामाजिक कार्यो मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाएगा। एडवोकेट सत्येनद्र कुमार वर्मा द्वारा सभी चिकित्सको को प्रशिक्षण दिया गया। डॉक्टर नीरज आर्य ने पिछली मिटिंग के मिनटस को पढा तथा सभी अतिथियो का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक सचिव डॉक्टर कलीम अहमद ने किया। इस मौके पर कनिष्क हास्पिटल के निदेशक डॉक्टर मुकेश कुमार गुप्ता, डॉक्टर रितु गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉक्टर अनुपम मलिक, डॉक्टर रेणू शर्मा, डॉक्टर मोहन सिंह, डॉक्टर डी.के.गुप्ता, डॉक्टर डी.के. तिवारी, डॉक्टर महेश चन्द्रा,डॉक्टर विकास अग्रवाल, डॉक्टर विवेक बैनर्जी, डॉक्टर रजनीश सिंघल, डॉक्टर रविकांत निरंकारी, डॉक्टर राहुल सिंह, डॉक्टर जयपाल चन्द, डॉक्टर अरुण अनेजा, डॉक्टर शशिकांत, डॉक्टर पूनम मखीजा, डॉक्टर विनिता मल्होत्रा, डॉक्टर अनिल मलिक, डॉक्टर संदीप गर्ग, डॉक्टर प्रशान्त खन्ना, डॉक्टर शैलजा ,डॉक्टर राजेश गुप्ता, डॉक्टर अवनीश सिंघल, डॉक्टर महेश गोयल, डॉक्टर साक्षी मलिक आदि चिकित्सक उपस्थित थे।

# गरीब, किसान, मजदूरों के साथ बजट धोखा: डा. भारती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** केंद्रीय बजट पर तीखा प्रहार करते हुए समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राहुल भारती ने कहा कि यह बजट नहीं, बल्कि गरीब किसान मजदूर मध्यम वर्ग के साथ खुला धोखा है।

डा. राहुल भारती ने कहा कि यह बजट इतना जनविरोधी, दिशाहीन और छलावे से भरा है कि आम आदमी की समझ से भी परे है। किसानों को राहत नहीं, नौजवानों को रोजगार नहीं, महिलाओं को सुरक्षा नहीं और व्यापारियों को सहारा नहीं तो आखिर यह बजट किसके लिए है? डॉ. राहुल भारती ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ 5 फीसदी अमीरों की सरकार बनकर रह गई है। बजट उन्हीं के मुनाफे, ऐश और विदेशी यात्राओं के लिए है। 95 फीसदी जनता महंगाई, बेरोजगारी और टैक्स-शोषण की आग में झोंकी जा रही है। उन्होंने कहा आज हाल यह है कि न रोजगार है, न राहत, न सम्मान। भाजपा सामा. जिक न्याय की बातें करके दलित पिछड़े अल्पसंख्यक समाज को गुम. राह कर रही है।

डॉ. राहुल भारती ने कहा कि शिक्षा को बर्बाद कर दिया गया है। सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि "जब स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और छात्र ही नहीं बचेंगे तो एआई किसके लिए होगा?

# कुरआन के बताए रास्ते पर चलें: मौलाना उस्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामिया तरतीलुल कुरआन में दस्तारबंदी एवं खत्म-ए-कुरआन की एक अत्यंत भव्य, गरिमामय एवं रूहानी वार्षिक तकरीब का आयोजन किया गया। इस मुबारक अवसर पर पवित्र कुरआन-ए-करीम मुकम्मल करने वाले हिफ्ज के छात्रों की दस्तारबंदी की गई। कार्यक्रम में उलेमा-ए-किराम,अहले-इल्म, समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं बड़ी संख्या में आम लोगों की सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ जामिया के उस्ताद-ए-तजवीद व किराअत कारी खिजर की तिलावत-ए-कुरआन से हुआ। इस मुबारक तकरीब की सरपरस्ती जामिया के सरपरस्त हजरत मौलाना




मुफ्ती नूरुलहसन रशीद कंधलवी ने फरमाई। जलसे की सदारत के साथ उस्ताद ए हदीस मदरसा मजाहिर उलूम वक्फ हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल हसीब ने छात्रों से खत्म-ए-कुरआन करवाया। कार्यक्रम का विशेष खिताब हजरत मौलाना सैयद मोहम्मद उस्मान ने फरमाया। अपने प्रभावशाली संबोधन में उन्होंने अहले-कुरआन की जिम्मेदारियों, अमल-ए-कुरआन और समाज में दीनी खिदमात की अहमियत पर विस्तार से रोशनी डाली। इस अवसर पर हजरत मौलाना मुफ्ती अबुल हसन अरशद कंधलवी साहब ने भी मार्गदर्शक वक्तव्य दिया, जबकि हजरत मौलाना मुफ्ती बशीर साहब ( मुईन मुफ्ती, मजाहिर- उल-उलूम) की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

अंत में जामिया के नाजिम कारी रिजवान नसीम के नवासे मौलाना कारी मोहम्मद तल्हा इलाही ने संस्था का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया तथा जामिया की शैक्षणिक उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुल 19 छात्रों ने कुरआन-ए-करीम मुकम्मल किया, जिनमें से 4 छात्रों ने एक ही बैठक में पूरा कुरआन सुनाने का शरफ हासिल किया। इसके पश्चात अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर कुरआन-ए-करीम मुकम्मल करने वाले छात्रों की दस्तारबंदी की गई तथा उन्हें पुरस्कार एवं सम्मान से नवाजा गया। अंत में जामिया के सरपरस्त हजरत मुफ्ती नूरुलहसन रशीद कंधलवी साहब की दुआ पर यह नूरानी महफिल संपन्न हुई।

इस दौरान मौलाना याकूब बुलंदशहरी, मौलाना अतहर हक्कानी, एडवोकेट सैयद मोनिस , कारी अनवर, मुफ्ती अब्दुल्लाह, मुफ्ती मुस्तकीम, डॉ. शाहिद जुबैरी, डॉ. जमील मानवी, डॉ. सुहैल, हाफिज नसीर, हाफिज अजहर, हाफिज नज्मुस्साकिब, जनाब कलीम हाशमी, हाजी रिजवान इलाही, नवेद हाशमी, अम्बर इकबाल, जनाब आदिल बिन खालिद, हाफिज अस्जद प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# विज्ञान मॉडल व क्विज का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन पी.एम. श्री कंपोजिट विद्यालय कैलाशपुर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।




कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद कुमार पाठक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के सभी 12 विकास खंडों से चयनित विद्यार्थियों ने सहभागिता की। क्विज प्रतियोगिता में सरसावां ब्लॉक की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में रामपुर ब्लॉक के सैम पवार प्रथम, सरसावां ब्लॉक द्वितीय तथा बलियाखेड़ी ब्लॉक के अब्दुल अहद तृतीय स्थान पर रहे।

विजेता विद्यार्थियों को टेबलेट, साइंस किट सहित सभी प्रतिभागियों को शैक्षिक सामग्री व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जिला समन्वयक अरविंद कुमार सिंह, कपिल दुआ, सरफराज आलम, एसआरजी सदस्य, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन, निर्णायक मंडल के सदस्य महेंद्र अधिकारी, प्रीति, मनीष कुमार वर्मा, प्रधानाध्यापिका शमा परवीन, रेखा सैनी उपस्थित रहे।

# नाबालिग बहन को बरामद करने की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नगर के एक मौहल्ला निवासी नाबालिग लडकी को बहका फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मिर्जापुर निवासी एक युवक व उसके बहन व बहनोई के खिलाफ तहरीर देकर भाई ने अपनी नाबालिग बहन की बरामदगी की गुहार लगाई है।

कोतवाली में दी गई तहरीर में पीडित ने कहा है कि आरोपी गंगोह में अपनी बहन बहनोई के पास रहता था। उसने उसकी बहन को अपने रिश्तेदारों की मदद से 31 जनवरी की रात में बहका फुसलाकर भगा ले गया।

तहरीर में कहा गया है कि आरा. पी उसकी बहन से निकाह कराने का दबाव बना रहे थे। इंकार करने पर आरोपी उसकी बहन को ही भगा ले गये। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही की बात कही है।

# समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा के नेतृत्व में आज युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम कार्यालय में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा नगरायुक्त को ज्ञापन सौंपकर वार्ड 48 में निर्माणाधीन सड़क को पूरा कराने एवं क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग की।

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता नगर निगम कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा नगरायुक्त शिपू गिरि को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में अवगत कराया कि झंडा चौक से डॉ. विनय जोशी के क्लीनिक के सामने तक सड़क निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क के



दोनों ओर बने नालों में पानी जमा है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। नालों की न तो सफाई की गई है और न ही जल निकासी की कोई व्यवस्था है। क्षेत्र की अन्य समस्याओं से अवगत कराए जाने पर अपर नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला महासचिव रवि ठाकुर, वेदव्यास शर्मा, राजन बिरला, प्रकाश, जोगेंद्र, अभिषेक सिंह, दीपक, दिवेश, अभिषेक सैनी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बूथ स्तर पर रालोद को करें मजबूत: शाहजमा

## तिरसपाल को हस्तिनापुर क्षेत्र अध्यक्ष एवं शिवकुमार को युवा जिलाध्यक्ष बनाने पर स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रालोद में तिरसपाल मलिक को हस्तिापुर क्षेत्र का अध्यक्ष एवं चौ.शिवकुमार गुर्जर को युवा जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

जिला कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में जिलाध्यक्ष शाहजमा खान के नेतृत्व में दोनों पदाधिकारियों का स्वागत करने के साथ ही मिष्ठान का वितरण किया गया। शाहजमा खान ने कहा कि दोनों पदाधिकारियों के मनोनयन से पार्टी को मजबूती मिलेगी। आगामी जिला पंचायत चुनाव में जीत हासिल करने के उद्देश्य से जिला अध्यक्ष द्वारा जनपद में विधानसभा प्रभारियो की नियुक्ति की गई थी जिन्होंने प्रत्येक वार्ड में 11 सदस्यों की कमेटी बनाकर जिला अध्यक्ष को सौंप दी है।



आगामी त्रिस्तरीय पंचायत एवं विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए कार्यकर्ताओं से आवाहन किया की बूथ स्तर तक पार्टी संगठन को मजबूत बनाएं।

बैठक में प्रदेश महासचिव चौ. धीरसिंह, क्षेत्रीय महासचिव रमेश चौहान महावीर सैनी एडवोकेट क्षेत्रीय सचिव मनोज वर्मा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर मूलचंद सिंह जिला महासचिव दिनेश शर्मा विशाल कंबोज संजय कंबोज ठाकुर प्रमोद प्रधान बेहट विधानसभा प्रभारी चौधरी इमरान नकुड विधानसभा प्रभारी नीरज कुमार गंगोह विधानसभा प्रभारी अजेंद्र चिकारा रामपुर विधानसभा प्रभारी प्रियांशु सहारनपुर नगर विधानसभा प्रभारी हिमांशु जैन जिला उपाध्यक्ष चौधरी यशवीर सिंह सरसावा नगर अध्यक्ष नेत्रपाल कश्यप ननौता नगर अध्यक्ष शहजाद मलिक जिला सचिव मेहरबान प्रधान चौधरी पदम सिंह डॉक्टर अनिल सैनी चौधरी नियाज हसन अजय राणा आदि उपस्थित रहे

# एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत किसानों को मैंगो फ्रूट कवर नि:शुल्क : राजकुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** सरकार द्वारा जिला उद्यान विभाग के माध्यम से एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस योजना के तहत आम उत्पादक किसानों को मैंगो फ्रूट कवर बैग नि:शुल्क वितरित किए जा रहे हैं,जिससे आम की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आने की उम्मीद जताई जा रही है।

उद्यान विभाग के उद्यान निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि फ्रूट कवर बैग लगाने से आमों को कीट-व्याधि, फल-मक्खी,धूप के अत्यधिक ताप,तथा मौसमजनित नुकसान से बेहतर सुरक्षा मिलती है। इससे फलों का आकार,रंग एवं चमक सामान्यत,अधिक अच्छी होती है,जिससे किसानों को बाजार में उच्च मूल्य प्राप्त होने की संभावना बढ़ जाती है,योजना का उद्देश्य किसानों को आधुनिक बाग. वानी तकनीक से जोड़ना तथा उत्पादन बढ़ाकर उनकी आय में वृद्धि करना है। उद्यान निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि सरकार बागवानी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार नई तकनीकों और सुविधाओं को किसानों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कई किसानों ने भी कहा कि यह योजना अत्यंत लाभकारी है,क्योंकि फ्रूट कवर बैग की लागत सामान्य किसानों के लिए अतिरिक्त भार बन जाती है। लेकिन नि:शुल्क उपलब्ध होने से अब उन्हें अपने बागानों में आधुनिक तकनीक अपनाने में आसानी हो रही है। सरकार का दावा है कि आने वाले सीजन में इस पहल का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा और जिले की आम उत्पादन क्षमता व गुणवत्ता दोनों में बढ़ोतरी होगी।

# पिलखनताल में सफाई खस्ता हाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मौहल्ला पिलखनतला के लोगों ने नगर आयुक्त व मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन देकर बदहाल सफाई व्यवस्था को दुरूस्त कराने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया कि विशेष रूप से गाडो वाली मस्जिद से लेकर जेबीएस स्कूल तक की सड़क और गलियों में पिछले कई दिनों से झाड़ू नहीं लगी है और कूड़े के ढेर जमा हो गए हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों और मस्जिद आने-जाने वाले नमाजियों को भारी दुर्गंध और गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान स्थिति के कारण क्षेत्र में बीमारियां फैलने का भय बना हुआ है और नालियां भी कचरे से पट गई हैं। स्थानीय निवा. सियों द्वारा कई बार सफाई कर्मचारी से कहने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# पाक कला प्रतियोगिता में सोनिया प्रथम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विकास क्षेत्रों से आई रसोइयों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराने के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर डॉ.अजय कुमार ने कहा कि माँ के हाथ के बने भोजन की पहचान भीड़ में भी हो जाती है। उन्होंने रसोइयों से अपील की कि वे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को अपना बच्चा मानकर प्रेम व स्वच्छता के साथ भोजन तैयार करें।

प्रतियोगिता में रसोइयों द्वारा तैयार भोजन का स्वाद निर्णायक समिति द्वारा चखकर मूल्यांकन किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. उज्जवल पुंडीर, डॉ. ज्योति कोचर एवं अलका रानी शामिल रहीं। निर्णय के आधार पर प्रथम पुरस्कार सोनिया (उ.प्रा.वि. टिडोली/प्रा.वि. पुंवारका), जबकि तृतीय पुरस्कार सपना (उ.प्रा.वि. नन्दपुर) को प्रदान किया गया। अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना एवं यात्रा भत्ता दिया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक (मिड डे मील) अतुल कुमार, रितेश कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सुरक्षा पर सवाल

लोकसभा में सोमवार को उस समय भारी हंगामा देखने में आया, जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे का हवाला देते हुए यह कह डाला कि चार चीनी टैंक लद्दाख की सीमा में आ गए हैं। यह उस समय की बात है जब 2024 में चीनी सेना के साथ भारतीय सेना की डोकलाम में झड़प हो गई थी। राहुल के ऐसा कहते ही पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फिर गृहमंत्री अमित शाह ने उनको टोका। लोकसभा स्पीकर ने भी नियमों का हवाला देते हुए उनको ऐसा न कहने के लिए कहा, लेकिन राहुल गांधी करीब 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश करते रहे। शोर-शराबा होते देख कई बार लोकसभा को स्थगित किया गया। अगर गिनती की बात करें, राहुल गांधी को राजनाथ सिंह ने 11 बार, देश के गृहमंत्री अमित शाह ने 4 बार, किरेन रिजिजू ने दो बार और अनुराग ठाकुर ने उनको 6 बार रोका, लेकिन राहुल गांधी यही कहते रहे कि डोकलाम में चीनी टैंक भारत की सीमा में पहुंच गए हैं। अपने दावे के रूप में उनका कहना था कि वह यह बात एक मैगजीन के आर्टिकल के हवाले से कह रहे हैं, जिसमें पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की किताब को कोट किया गया है। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खड़े होकर कहा कि अगर ये बातें प्रकाशित हुई हैं, तो इसका जिक्र करें नहीं तो छोड़ दें। इस पर राहुल अपनी चिर-परिचित आक्रामक शैली में आ गए और बोले कि आप सब ध्यान से सुनें इससे पता चल जाएगा कि कौन देशभक्त है और कौन नहीं। राहुल के अनुसार चार टैंक भारत की धरती पर आ रहे थे और वे कुछ सौ मीटर ही दूर थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इसी बात पर अड़े रहे कि राहुल बताएं कि क्या यह किताब प्रकाशित हुई है या नहीं। इससे लोकसभा में हंगामा शुरू हो गया। राहुल का दावा है कि नरवणे की किताब में रक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री का जिक्र है मैं यही बता रहा हूं। राहुल का यह भी कहना था कि जो मैं कहना चाह रहा हूं, यह सब पूर्व जनरल नरवणे ने कहा है, लेकिन उनकी किताब को प्रकाशित नहीं करने दिया गया। इस पर अमित शाह ने कहा कि राहुल ने खुद ही कह दिया कि पुस्तक प्रकाशित नहीं हुई है अब बात ही खत्म हो जाती है। लोकसभा स्पीकर ओम बिडला ने राहुल का माइक ही बंद करा दिया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी कहा कि यह चीन का सवाल देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है, राहुल को पढ़ने देना चाहिए। असल में पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे ने फॉर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी नामक किताब लिखी है जो अभी पब्लिश नहीं हुई है, इससे हार्ड कवर अप्रैल 2024 से ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर उपलब्ध है। इस किताब में भारतीय सेना की 2020 की झड़पों के साथ-साथ अग्निवीर योजना को रिव्यूव किया गया है। जाहिर है उनकी किताब तभी छप सकती है जब रक्षा मंत्रालय इसकी मंजूरी दी। रक्षा मंत्रालय इसकी मंजूरी नहीं दे रहा, तो सवाल तो उठेंगे ही।

## अल्पसंख्यकों के वोट कटवाने की कोशिश



भाजपाई घपलेबाज खुद फार्म-7 छापकर व नकली हस्ताक्षर कराकर पीडीए समाज के मतदाताओं, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे हैं, यह बात लगभग सभी को पता है, लेकिन निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है, बार-बार अपील के बावजूद एसआईआर प्रक्रिया में फार्म-7 से जुड़ी कथित धांधली रूक नहीं रही हैं, फार्म-7 का गैरकानूनी इस्तेमाल बड़ा अपराध है और चुनाव आयोग को चाहिए कि वह सार्वजनिक विज्ञापन जारी कर इसके दुरुपयोग पर होने वाली सजाओं की जानकारी दे, ताकि दोषियों और उनके सहयोगियों को स्पष्ट चेतावनी मिल सके, पार्टी के पीडीए-प्रहरी और जागरूक मतदाता इस कथित फर्जीवाड़े का पर्दाफोड़ कर रहे हैं, लेकिन आयोग को भी अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# सस्ती तकनीक व नागरिक तक पहुंच, एआई में आत्मनिर्भर भारत की तैयारी

**सुशील पाल**



कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज की सबसे ताकतवर और तेजी से बदलने वाली तकनीक में से एक बनती जा रही है। इसमें यह क्षमता है कि यह देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे, उत्पादन बढ़ाए और विकास की रफ्तार तेज करे। सरकारी सेवाओं को ज्यादा प्रभावी और पारदर्शी बनाने में भी एआई अहम भूमिका निभा सकती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीमारी की शुरुआती पहचान, खेती में सही समय पर सही फैसले लेने, आपदा से पहले चेतावनी देने, मौसम और जलवायु का बेहतर अनुमान लगाने और सरकारी योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने में एआई पहले से ही मदद कर रही है। आने वाले समय में शिक्षा, परिवहन और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ने की संभावना है।

लेकिन जैसे पहले की तकनीकी क्रांतियों में हुआ, वैसे ही एआई के साथ भी असमानता की तस्वीर सामने आती है। जिनके पास कंप्यूटर की ताकत यानी कंप्यूट, अच्छा डेटा और मजबूत डिजिटल ढांचा है, वही बड़े स्तर पर एआई का लाभ उठा पा रहे हैं। जिनके पास ए सुविधाएं नहीं हैं, वे पीछे रह जाते हैं। यह फर्क आज केवल कंपनियों के बीच ही नहीं, बल्कि देशों और इलाकों के बीच भी साफ दिखाई देता है। भारत ने इस चुनौती को एक अवसर के रूप में लिया है। इंडिया एआई मिशन के जरिए भारत यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि एआई की ताकत कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित न रहे। कंप्यूट, डेटा और एआई मॉडल को डिजिटल सार्वजनिक सुविधा के रूप में देखा जा रहा है, ताकि स्टार्टअप, शोधकर्ता, छात्र और छोटे संस्थान भी एआई पर काम कर सकें। भारत की सोच साफ है- ऐसा डिजिटल ढांचा बनाया जाए जो खुला हो, आसानी से बढ़ सके और समाज के हर वर्ग के काम आए। इससे एआई का लाभ आम लोगों तक पहुंचे, देश में ही नवाचार को बढ़ावा मिले और तकनीक के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन सके। इस सोच के पीछे एक ठोस योजना है। दावोस में हुए विश्व आर्थिक मंच में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत एआई को पांच स्तरों पर विकसित कर रहा है- बिजली और ऊर्जा, कंप्यूट और इंफ्रास्ट्रक्चर, चिप और हार्डवेयर, एआई मॉडल और एप्लिकेशन। इन सभी पर एक साथ काम होने से ही एआई का सही और व्यापक उपयोग संभव हो पाएगा। भारत का तरीका इसलिए अलग है क्योंकि यहां एआई तक पहुंच आसान बनाई गई है। भारत ने एक साझा कंप्यूट प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जहां 38,000 जीपीयू एक ही पोर्टल पर मिलते हैं। इनका खर्च करीब 65 रूपए प्रति घंटा है, जबकि दूसरे देशों में इसके लिए 2.5 से 3 डॉलर प्रति घंटा तक देने पड़ते हैं। इंडिया एआई मिशन के तहत सरकार एआई मॉडल बनाने के लिए पूरी लागत (100 प्रतिशत) तक मदद दे रही है और एआई के इस्तेमाल पर भी 40 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। इससे पैसे की कमी एआई पर काम करने में रुकावट नहीं बनती। इसी वजह से सरवम एआई, सोकेट एआई और ज्ञानि एआई जैसे भारतीय स्टार्टअप अब बिना बड़ी पूंजी लगाए अपने खुद के एआई और भाषा मॉडल बना पा रहे हैं, जो पहले सिर्फ बड़ी विदेशी कंपनियां ही कर पाती थीं। भारत का लक्ष्य सिर्फ एआई का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि अपना एआई बनाना है। भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार कर रहा है, जो भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इसे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट (16-20 फरवरी 2026) में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह मॉडल भारत के ही डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर ही काम करेगा। इससे एआई ज्यादा सटीक, निष्पक्ष और सबको साथ लेकर चलने वाला बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि डेटा सुरक्षित रहे और एआई का इस्तेमाल देश के कानूनों और नागरिकों के अधिकारों के अनुसार हो। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एआई को लेकर केवल जोखिमों की चर्चा नहीं होगी, बल्कि यह देखा जाएगा कि एआई जमीन पर क्या बदलाव ला रही है। इसमें एआई को सबके लिए उपलब्ध कराने, विकास में इसके उपयोग, पर्यावरण की रक्षा, भरोसेमंद सिस्टम, भारतीय भाषाओं में एआई, ग्लोबल साउथ की भागीदारी और एआई से जुड़ी असमानताओं को कम करने जैसे मुद्दों पर विचार किया जाएगा। भारत का यह तरीका उन देशों के लिए भी एक उदाहरण है, जो अभी विकास के रास्ते पर हैं। यह दिखाता है कि खुलेपन और नवाचार के साथ-साथ अपनी तकनीकी स्वतंत्रता कैसे बनाए रखी जा सकती है। भारत अपने एआई मॉडल ओपन-सोर्स के रूप में विकसित कर रहा है, ताकि दूसरे देश भी अपनी जरूरतों के अनुसार इन्हें अपना सकें। मकसद है मिलकर आगे बढ़ना, बिना किसी नई निर्भरता के। आज जब एआई देश की ताकत और अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बन चुकी है, सवाल यह नहीं रह गया है कि एआई अपनाया जाए या नहीं, बल्कि यह है कि इसे समझदारी, जिम्मेदारी और टिकाऊ तरीके से कैसे अपनाया जाए।

> भारत का लक्ष्य सिर्फ एआई का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि अपना एआई बनाना है। भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार कर रहा है, जो भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इसे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट (16-20 फरवरी 2026) में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह मॉडल भारत के ही डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर ही काम करेगा। इससे एआई ज्यादा सटीक, निष्पक्ष और सबको साथ लेकर चलने वाला बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि डेटा सुरक्षित रहे और एआई का इस्तेमाल देश के कानूनों और नागरिकों के अधिकारों के अनुसार हो।

**( लेखक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं )**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दवाई ऐसी जो डेंगू से दे सकती है राहत

**फिलहाल इसका दूसरा चरण एक प्लेसिबो-तुलना चरण है जिसमें लैटिन अमेरिका और एशिया के लगभग 2000 वालंटियर्स शामिल हो रहे हैं। उम्मीद है कि इसके परिणाम 2025 तक मिल जाएंगे। इस अध्ययन में उपयोग किए गए डेंगू वायरस संस्करण का चयन भी काफी दिलचस्प है। यह वही स्ट्रेन है जिसने 1970 के दशक में इंडोनेशिया में हल्के शारीरिक लक्षण उत्पन्न किए थे। 2000 के दशक की शुरुआत में, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ ने इस संस्करण को कमजोर करके और इसमें विशिष्ट संशोधन करके इसे उम्मीदवार टीके के रूप में उपयोग किया था। लेकिन जब इसे गैर-मानव प्रायमेट्स को दिया गया, तो वायरस कमजोर साबित नहीं हुआ।**



जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने अपने हालिया प्रयास में एक एंटीवायरल दवा का परीक्षण किया है जिससे डेंगू वायरस को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। वर्तमान टीकों की सीमाओं के मद्देनजर यह प्रयास काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह एक विशेष किस्म का परीक्षण था जिसे मानव चुनौती परीक्षण कहते हैं। इसमें चंद स्वस्थ व्यक्तियों को पहले जानबूझकर वायरस से संक्रमित किया जाता है और फिर इलाज किया जाता है।

जेएनजे-1802 नामक इस दवा ने शुरुआती परीक्षणों में डेंगू संक्रमण को रोकने में काफी अच्छे परिणाम दिए हैं। 31 प्रतिभागियों पर इस दवा की उच्च खुराक वायरस के खिलाफ एक मजबूत ढाल साबित हुई। इसमें से कुछ प्रतिभागी तो संक्रमण से पूरी तरह सुरक्षित रहे जबकि अन्य में वायरस की प्रतिलिपियां बनाने की दर काफी कम देखी गई। यह परिणाम अमेरिकन सोसायटी ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड हाइजीन की वार्षिक बैठक में प्रस्तुत किए गए हैं। गौरतलब है कि जेएनजे-1802 वायरस के दो प्रोटीनों के बीच एक जरूरी अंतर्क्रिया को रोकने का काम करती है। डेंगू वायरस की प्रतिलिपियां बनने के लिए यह अंतर्क्रिया अनिवार्य होती है। वर्तमान डेंगू टीकों की तुलना में यह नया तरीका काफी प्रभावी है। पुराने टीकों के साथ समस्या थी कि महीनों तक इनकी कई खुराक लेना पड़ता था और तो और, मनुष्यों को संक्रमित करने वाले चार अलग-अलग डेंगू सीरोटाइप के खिलाफ यह टीके समान रूप से प्रभावी भी नहीं थे, लेकिन जेएनजे-1802 प्रकोप के दौरान जल्द से जल्द सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। वैज्ञानिकों के अनुसार भविष्य में यह डेंगू नियंत्रण का एक अमूल्य साधन बन सकता है। फिलहाल इसका दूसरा चरण एक प्लेसिबो-तुलना चरण है जिसमें लैटिन अमेरिका और एशिया के लगभग 2000 वालंटियर्स शामिल हो रहे हैं। उम्मीद है कि इसके परिणाम 2025 तक मिल जाएंगे। इस अध्ययन में उपयोग किए गए डेंगू वायरस संस्करण का चयन भी काफी दिलचस्प है। यह वही स्ट्रेन है जिसने 1970 के दशक में इंडोनेशिया में हल्के शारीरिक लक्षण उत्पन्न किए थे। 2000 के दशक की शुरुआत में, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ ने इस संस्करण को कमजोर करके और इसमें विशिष्ट संशोधन करके इसे उम्मीदवार टीके के रूप में उपयोग किया था। लेकिन जब इसे गैर-मानव प्रायमेट्स को दिया गया, तो वायरस कमजोर साबित नहीं हुआ। इस कारणवश इस संस्करण को टीके के विकास में नहीं लिया गया। फिर भी, जॉन्स हॉपकिन्स युनिवर्सिटी की वैज्ञानिक एना डर्बिन और उनकी टीम ने इस संस्करण को एक चुनौती के रूप में देखा। इस संस्करण से पीड़ित लोगों में उन्होंने लगातार वायरस प्रतिलिपिकरण पाया जो प्राकृतिक वायरस के जितनी प्रतिलिपियां बनाता था। इसके संपर्क में आने वाले 90 से 100 प्रतिशत व्यक्तियों में एक विशिष्ट प्रकार की फुंसियां बनती हैं। इससे श्वेत रक्त कोशिका और प्लेटलेट की संख्या कम तो होती है लेकिन खतरनाक स्तर तक नहीं। यहां एक आश्चर्य की बात यह है कि शोधकर्ताओं ने संक्रमित मच्छरों का उपयोग करने की बजाय वायरस को सीधे इंजेक्शन से देने का विकल्प क्यों चुना। इस मामले में डर्बिन ने स्पष्ट किया कि चयनित संस्करण मच्छरों के शरीर में कुशलतापूर्व प्रतिलिपियां नहीं बनाता था। यह बाह्य रोगियों पर अध्ययनों के लिए एक आदर्श था। इसके चलते मच्छरों द्वारा वायरस फैलाए जाने की चिंता नहीं रही। दूसरी बात यह है मच्छर द्वारा प्रसारित हो तो वायरस की सटीक मात्रा निर्धारित करना मुश्किल है। इंजेक्शन ने यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रतिभागी संक्रमित हो गए हैं। आने वाले समय में जेएनजे-1802 के विविध उपयोगों को समझने का प्रयास किया जा रहा है। यह यात्रियों, सैन्य कर्मियों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा वाले व्यक्तियों के लिए रोकथाम के एक उपाय के रूप में काम कर सकता है। इसके अलावा, शोधकर्ता सक्रिय डेंगू संक्रमण के इलाज के लिए इस दवा की चिकित्सकीय क्षमता की खोज कर रहे हैं। हालांकि अभी भी इस विषय में काफी काम बाकी है फिर भी इस अध्ययन के नतीजे एक ऐसे भविष्य की आशा प्रदान करते हैं जहां डेंगू का अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जा सकेगा।

**...स्रोत फीचर्स**

# मदर ऑफ ऑल डील्स को कैसे प्रभावी बनाए सरकार



**विनीत नारायण**

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता, जिसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' के रूप में जाना जा रहा है, 27 जनवरी 2026 को संपन्न हुआ है। यह समझौता लगभग दो दशकों की लंबी वार्ताओं का परिणाम है और इसमें 2 अरब से अधिक की आबादी तथा 27 ट्रिलियन डॉलर की संयुक्त अर्थव्यवस्था शामिल है, जो वैश्विक जीडीपी का लगभग 25 प्रतिशत है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहा है, जबकि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे वैश्विक व्यापार का एक-तिहाई हिस्सा कवर करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। यह समझौता भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का अवसर प्रदान करता है, विशेषकर ऐसे समय में जब अमेरिकी टैरिफ के कारण निर्यात प्रभावित हो रहा है। हालांकि, इसे प्रभावी बनाने के लिए सरकार को रणनीतिक कदम उठाने होंगे, जिसमें अर्थशास्त्री प्रोफेसर अरुण कुमार की चेतावनियों को ध्यान में रखना आवश्यक है।

इस समझौतेके तहत यूरोपीय संघ भारत में निर्यात होने वाले 96.6 प्रतिशत सामानों पर टैरिफ को समाप्त या कम करेगा, जिससे यूरोपीय कंपनियों को सालाना लगभग 4 बिलियन यूरो (लगभग 4.7 बिलियन डॉलर) की बचत होगी। भारत ने यूरोपीय संघ को 102 सेवा उप-क्षेत्रों में पहुंच प्रदान की है, जबकि यूरोपीय संघ ने भारत को 144 उप-क्षेत्रों में अवसर दिए हैं, जिसमें वित्तीय, समुद्री और दूरसंचार सेवाएं शामिल हैं।



ऑटोमोटिव क्षेत्र में यूरोपीय कारों पर वर्तमान 110 प्रतिशत टैरिफ को धीरे-धीरे 10 प्रतिशत तक कम किया जाएगा। भारत के लिए यह समझौता टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, आईटी सेवाओं और इंजीनियरिंग निर्यात को बढ़ावा देगा। अनुमान है कि यह समझौता 2032 तक यूरोपीय संघ के भारत में निर्यात को दोगुना कर देगा। साथ ही, यह अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने में मदद करेगा, जहां भारत के श्रम-गहन निर्यात प्रभावित हो रहे हैं।

माना जा रहा है कि यह समझौता 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' योजनाओं के साथ तालमेल बैठाता है। यह न केवल निर्यात को बढ़ाएगा बल्कि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, निवेश और रोजगार सृजन को भी प्रोत्साहित करेगा। उदाहरण के लिए, यूरोपीय संघ के साथ समझौता भारतीय एमएसएमई को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में शामिल होने का अवसर देगा। हालांकि, इसके लाभों को अधिकतम करने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा। यहां जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर अरुण कुमार की चेतावनियां प्रासंगिक हैं। प्रोफेसर कुमार, जो काले धन और आर्थिक नीतियों के विशेषज्ञ हैं, ने भारत-यूरोपीय संघ एफटीए को 'अमेरिका जैसा एक और जाल' बताया है।उन्होंने असमान शर्तों, घरेलू उद्योगों विशेषकर कृषि और डेयरी पर जोखिम, व्यापार घाटे में वृद्धि, नीति स्थान की हानि और दीर्घकालिक आर्थिक निर्भरता की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि पिछले एफटीए में भागीदारों को अधिक लाभ हुआ है, और निवेश नियमों, नियामक संरेखण तथा बाजार बाढ़ से आत्मनिर्भरता कमजोर हो सकती है। उन्होंने अमेरिकी व्यापार समझौतों से सबक लेने की सलाह दी है, जहां कृषि बाजार खोलने की मांग भारत के लिए कठिन है। इन चेतावनियों को ध्यान में रखते हुए, सरकार को रचनात्मक कदम उठाने चाहिए। सबसे पहले, संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। समझौते में डेयरी और कुछ कृषि उत्पादों को बाहर रखा गया है, लेकिन कुमार की चेतावनी के अनुसार, बाजार बाढ़ से बचने के लिए सख्त निगरानी तंत्र विकसित करें। सरकार कृषि क्षेत्र में सब्सिडी और समर्थन को मजबूत करे, जैसे कि फसल बीमा और बाजार लिंकेज को बढ़ावा देकर। साथ ही, एग्रीस्टैक जैसी डिजिटल पहलों को तेज करें ताकि किसान वैश्विक मानकों के अनुरूप उत्पादन कर सकें।

दूसरा, एमएसएमई और छोटे उद्योगों की तैयारी पर फोकस करें। प्रोफेसर कुमार की निर्भरता की चेतावनी को संबोधित करने के लिए, उत्पादन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम को विस्तार दें, विशेषकर टेक्सटाइल, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स में। एमएसएमई को क्रेडिट पहुंच, कौशल विकास और निर्यात प्रशिक्षण प्रदान करें। यूरोपीय संघ के साथ संयुक्त निवेश कोष स्थापित करें जो प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर केंद्रित हो, ताकि 'मेक इन इंडिया' मजबूत हो सके। तीसरा, पर्यावरण और सस्टेनेबिलिटी मानकों का अनुपालन। यूरोपीय संघ का कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम), जो 1 जनवरी 2026 से पूर्ण रूप से लागू है, भारतीय स्टील और एल्यूमिनियम पर कार्बन टैक्स लगा सकता है, जिससे निर्यातकों को 22 प्रतिशत तक कीमत कम करनी पड़ सकती है। सरकार को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ाकर, जैसे कि 500 जीडब्ल्यू सौर लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़कर, इस चुनौती का सामना करना चाहिए। सीबीएएम-अनुपालन प्रमाणन प्रणाली विकसित करें और यूरोपीय संघ के साथ संयुक्त हरित प्रौद्योगिकी परियोजनाएं शुरू करें। चौथा, व्यापार घाटे को संतुलित करने के लिए विविधीकरण। प्रोफेसर कुमार की व्यापार घाटे की चेतावनी को देखते हुए, सरकार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नए बाजारों की तलाश करे, जैसे कि अफ्रीका और लैटिन अमेरिका। साथ ही, समझौते के तहत निवेश नियमों को मजबूत करें ताकि नीति स्थान सुरक्षित रहे। राष्ट्रीय निवेश बोर्ड को सक्रिय करें जो विदेशी निवेश की समीक्षा करे और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे। पांचवां, मानव संसाधन और प्रवासन पर फोकस। समझौता प्रवासन और मोबिलिटी फ्रेमवर्क से जुड़ा है, जो 'टैलेंट एंड सिक्योरिटी' पर केंद्रित है। सरकार को कौशल विकास कार्यक्रमों को यूरोपीय मानकों के अनुरूप बनाना चाहिए, जैसे कि आईटी और इंजीनियरिंग में। इससे युवा रोजगार बढ़ेगा और ब्रेन ड्रेन को रोका जा सकेगा। इन सुझावों से, सरकार यदि चाहे तो प्रोफेसर कुमार की चेतावनियों को अवसर में बदल सकती है। समझौता वैश्विक अनिश्चितताओं, जैसे कि अमेरिकी टैरिफ और चीन से व्यापार विचलन के बीच, भारत को रणनीतिक लाभ देगा। अनुमान है कि यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार को 41-65 प्रतिशत बढ़ाएगा और जीडीपी में 0.12-0.13 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। यह चीन से व्यापार विचलन (5-9 प्रतिशत) को बढ़ावा देगा, जो यूरोपीय संघ की डी-रिस्किंग और भारत की विविधीकरण रणनीति से मेल खाता है। 'मदर ऑफ ऑल डील्स' भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में ले जाने का माध्यम बन सकता है। कबीरदास के दोहे, 'निंदक नियरे राखिए, ऑगन कुटी छवाय, बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय।।' को ध्यान में रखते हुए सरकार को प्रोफेसर कुमार की चेतावनियों को गंभीरता से लेना चाहिए और संतुलित और समावेशी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत ने बांग्लादेश की मदद घटाकर आधी की

## अब 60 करोड़ देंगे, मालदीव-म्यांमार का भी फंड कटा, भूटान को बढ़ाकर 2288 करोड़ किया

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने केंद्रीय बजट 2026-27 में बांग्लादेश को दी जाने वाली मदद में बड़ी कटौती की है। इस साल बांग्लादेश के लिए सिर्फ 60 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जबकि पिछले साल 120 करोड़ रुपये दिए गए थे।



■ यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में तनाव चल रहा है
■ 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश ने पाक से संबंध मजबूत करने शुरू किए हैं

यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में तनाव चल रहा है। इसकी वजह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही हिंसा और वहां की विदेश नीति में बदलाव है। 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश ने पाकिस्तान से संबंध मजबूत करने शुरू किए हैं। बांग्लादेश के अलावा मालदीव को 550 करोड़ रुपये मिलेंगे, लेकिन यह पिछले साल से कम है। म्यांमार के लिए 300 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जो पहले से कम हैं। इस बजट में भारत ने भूटान के लिए 2288.55 करोड़ रुपये रखे हैं, जो पिछले साल से करीब 138 करोड़ रुपये ज्यादा हैं। भारत ने बजट में अफ्रीकी देशों के लिए 225 करोड़ रुपये, लैटिन अमेरिकी देशों के लिए 120 करोड़ रुपये और यूरेशियन देशों के लिए 38 करोड़ रुपये रखे हैं। हालांकि ये स्पष्ट नहीं है कि इन रीजन के किस देश को कितना पैसा दिया जाएगा। भारत सरकार ने 2026-27 के लिए विदेश मंत्रालय का कुल बजट करीब 22118 करोड़ रुपये रखा है। इसमें दफ्तर चलाने का खर्च और दूसरे जरूरी कामों का पैसा दोनों शामिल हैं। यह रकम पिछले साल के मुकाबले थोड़ी ज्यादा है। विदेश मंत्रालय के तहत सचिवालय, विदेशों में बने दूतावास और मिशन, पासपोर्ट और इमीग्रेशन से जुड़े कामों पर भी पैसा खर्च होता है। इन सब पर सरकार करीब 9,500 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके अलावा भारत दूसरे देशों को आर्थिक मदद भी देता है। इसके लिए 2026-27 के बजट में 5685.56 करोड़ रुपये रखे गए हैं। यह रकम पिछले साल से लगभग 100 करोड़ रुपये कम है। पिछले साल यानी 2025-26 में इस मद के लिए 5785.40 करोड़ रुपये रखे गए थे।

### लॉर्ड मैंडेलसन ने एपस्टीन से संबंधों को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी से इस्तीफा दिया

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अमेरिका में पूर्व राजदूत लॉर्ड पीटर मैंडेलसन ने दिवंगत यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ अपने पिछले संबंधों के बारे में नए खुलासे के बाद सत्तारुढ़ लेबर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार मैंडेलसन कहा कि उन्होंने लेबर सरकार को और शर्मिंदगी से बचाने के लिए पार्टी छोड़ने का फैसला किया। उन्होंने एपस्टीन के साथ अपने संबंधों की जानकारी देने वाले ईमेल सामने आने के बाद पिछले साल अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के पद से इस्तीफा दे दिया था। मैंडेलसन ने पार्टी के महासचिव को लिखे एक पत्र में लिखा कि इस सप्ताहांत जेफरी एपस्टीन को लेकर हो रहे हंगामे से मेरा नाम और जोड़ा गया है और मुझे इस पर अफसोस है। पत्र के कुछ हिस्से मीडिया में भी छपे।



शिमला। कुल्लू जिले में बर्फ से ढकी सोलांग घाटी में स्कीइंग और पैराग्लाइडिंग सहित शीतकालीन और साहसिक खेलों का आनंद लेते पर्यटक।

### ट्रम्प ने दुनिया के सबसे बड़े ट्रायम्फल आर्च के निर्माण का समर्थन किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राजधानी वॉशिंगटन, डीसी में दुनिया के सबसे बड़े ट्रायम्फल आर्च (स्मारक द्वार) के निर्माण के प्रस्ताव का समर्थन किया है। ट्रम्प ने रविवार को एयर फ़ोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि आर्च 'सबसे बड़ा' हो और उन्होंने अमेरिका को दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बताया। उन्होंने कहा, '200 वर्षों के लिए वह एक आर्च बनाना चाहते थे,' और राजधानी के स्वरूप को बदलने के अपने दृष्टिकोण के बारे में बताया। उन्होंने प्रस्ताव को वैश्विक नजरिए से देखते हुए कहा कि दुनिया भर के लगभग 57 शहरों में पहले से ही ट्रायम्फल आर्च हैं।

# भारत-ईयू डील से पाक में एक करोड़ नौकरियां खतरे में

## पाकिस्तानी नेता बोलेः हमारा जीरो-टैरिफ हनीमून खत्म, अरबों डॉलर के नुकसान का खतरा

**इस्लामाबाद।** भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से पाकिस्तान में 1 करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। उसे अरबों डालर के नुकसान का भी डर है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने इस समझौते को लेकर गुरुवार को कहा कि वह ईयू के अधिकारियों के संपर्क में है। वो ये समझने की कोशिश कर रहा है कि भारत-ईयू एफटीए का उसके निर्यात पर क्या असर पड़ेगा। वहीं, पाकिस्तान के पूर्व वाणिज्य मंत्री गोहर एजाज ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईयू के साथ पाकिस्तान का 'जीरो-टैरिफ हनीमून' खत्म हो गया है और करीब एक करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। सरकार उद्योगों को सस्ती बिजली, कम टैक्स और आसान कर्ज दे, ताकि वे दूसरे देशों की इंडस्ट्री से मुकाबला कर सकें।

भारत और (ईयू) ने 27 जनवरी को एफटीए पर साइन किए थे। इस समझौते से दो ऐसी अर्थव्यवस्थाएं एक साथ आई हैं, जो दुनिया की लगभग एक-चौथाई आबादी, 25 प्रतिशत ग्लोबल जीडीपी और करीब 2 अरब लोगों का साझा मार्केट बनाती हैं। पाकिस्तान इस डील से परेशान इसलिए है क्योंकि लंबे समय से उसे यूरोपीय मार्केट में भारत पर बढ़त हासिल थी। इसकी वजह ईयू की जीएसपी प्लस योजना थी। इस योजना के तहत पाकिस्तान को अपने करीब 66 प्रतिशत उत्पादों को बिना टैक्स के यूरोप भेजने की सुविधा मिली हुई थी। इसमें कपड़ा और रेडीमेड कपड़े जैसे सामान शामिल थे। वहीं भारत को ऐसे ही सामान पर 9 से 12 प्रतिशत तक टैक्स देना पड़ता था। इसके बावजूद पाकिस्तान का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 6.2 अरब डालर रहा, जबकि भारत का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 5.6 अरब डालर का था।



■ सरकार उद्योगों को सस्ती बिजली, कम टैक्स और आसान कर्ज दे, ताकि वे दूसरे देशों की इंडस्ट्री से मुकाबला कर सकें

अब भारत और ईयू के बीच हुआ यह फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, जिसे श्मदर ऑफ आल डील्सश कहा जा रहा है, भारत को यूरोप में बिना टैक्स के बड़ा बाजार देता है। इससे पाकिस्तान की वह बढ़त लगभग खत्म हो जाती है। इसके साथ ही पाकिस्तान की जीएसपी प्लस सुविधा, जो उसे 2014 में मिली थी, दिसम्बर 2027 में खत्म होने वाली है। अगर इसे आगे नहीं बढ़ाया गया, तो पाकिस्तान को यूरोप में मिलने वाली यह खास व्यापार सुविधा पूरी तरह खत्म हो सकती है। ईयू पाकिस्तान का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट है। ऐसे में पाकिस्तान के कारोबारी वर्ग को डर है कि इस समझौते के बाद वह यूरोपीय बाजार में अपनी पकड़ खो सकता है और दूसरे देशों से मुकाबला और कठिन हो जाएगा। ऑल पाकिस्तान टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन के प्रमुख कामरान अरशद ने कहा कि भारत अब यूरोपीय बाजार में काफी ज्यादा प्रतिस्पर्धी हो गया है। कई सेक्टर्स में पाकिस्तान की जीएसपी प्लस बढ़त खत्म हो चुकी है। एफपीसीसीआई के उपाध्यक्ष साकिब फैयाज मगून ने कहा कि जैसे ही भारत को ईयू में बिना टैक्स के पहुंच मिलेगी, पाकिस्तान की बढ़त खत्म हो जाएगी और उसके निर्यात को भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि एक बार बाजार हाथ से निकल गया, तो उसे वापस पाना बहुत मुश्किल होता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि जीएसपी प्लस योजना पाकिस्तान और ईयू दोनों के लिए फायदेमंद रही है। इसके जरिए यूरोप को सस्ते कपड़े और रेडीमेड सामान की लगातार आपूर्ति मिलती रही है। उन्होंने बताया कि जीएसपी प्लस का मुद्दा पिछले साल हुई रणनीतिक बातचीत में उठा था और इसके बाद ईयू और उसके सदस्य देशों के साथ कई बैठकों में इस पर चर्चा हुई है। पाकिस्तान इस मामले को ब्रसेल्स स्थित ईयू के मुख्यालय और अलग-अलग सदस्य देशों के साथ लगातार उठा रहा है। इस समझौते के लागू होने के बाद भारत के करीब 95 प्रतिशत लेबर बेस्ड प्रोडक्ट्स को ईयू में बिना टैक्स के पहुंच मिलेगी।

### बलूचिस्तान में महिला फिदायीन हमला पाक के 200 से ज्यादा जवान हताहत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि उसका एक बड़ा सैन्य अभियान 'ऑपरेशन हीरोफ फेज-सेकेंड' 40 घंटे से ज्यादा समय तक चला। इस दौरान कई जिलों में हमले किए गए और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को भारी नुकसान पहुंचाया गया। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जीयंद बलोच के मुताबिक, इस ऑपरेशन में पाकिस्तानी सेना, पुलिस और फ्रंटियर कोर के 200 से ज्यादा जवान मारे गए हैं। जबकि 17 लोगों को पकड़ा गया हैं। उन्होंने आगे बताया कि बीएलए की तरफ से करान, मस्तुंग, तुंप और पसनी जैसे इलाकों में अभियान पूरा किया गया, इसके साथ ही क्वेटा और नोश्की के कुछ हिस्सों में पाकिस्तानी सेना को पीछे धकेला गया है। हालांकि, इन दावों की पुष्टि नहीं हो सकी है। बलूचिस्तान के



मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने कहा कि बलोचों के हमलों में 17 सुरक्षाकर्मी और 31 आम नागरिक मारे गए हैं। वहीं पाकिस्तानी सेना के अनुसार, शुक्रवार को 41 और शनिवार को 92 उग्रवादी मारे गए हैं। इस अभियान की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि महिला फिदायीन (आत्मघाती हमलावर) भी शामिल थीं। आसिफा मेंगल ने नोश्की में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) मुख्यालय को निशाना बनाकर कार बम से हमला किया।

### ब्रिटेन प्रिंस ने एपस्टीन को अपनी बेटियों की तस्वीर भेजी

**लंदन।** ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू ने 2008 में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन को अपनी बेटियों की तस्वीरें भेजीं थी। यह खुलासा 2010 और 2011 के ईमेल्स से हुआ है, जिसे जस्टिस डिपार्टमेंट ने 30 जनवरी को जारी किया था। प्रिंस एंड्रयू की तरफ से एपस्टीन को 20 दिसम्बर 2012 को एक कार्ड भेजा गया। इसमें कुल 4 तस्वीरें थीं। दो तस्वीरों में प्रिंसेस बीट्रिस को फरवरी 2012 में मोंट ब्लांक पर चढ़ाई करते हुए दिखाया गया है, जबकि प्रिंसेस यूजिनी की साइकिल चलाते तस्वीर भेजी गई थी। इस महीने की शुरुआत में प्रिंसेस यूजिनी ने अपने पिता एंडर्यू से सभी संपर्क तोड़ने का ऐलान किया था। यह तस्वीरें उस समय भेजी गईं, जब एंड्रयू दावा कर चुके थे कि उन्होंने एपस्टीन से सभी संबंध खत्म कर दिए हैं।

ब्रिटिश अखबार 'द सन' के मुताबिक उस समय यूजिनी 21 साल की और बीट्रिस 23 साल की थीं। नए दस्तावेजों के मुताबिक, 21 दिसम्बर 2011 को 'एचआरएच द डयूक ऑफ यार्क' ईमेल आईडी से एपस्टीन को एक क्रिसमस कार्ड भेजा गया था। इसमें दोनों बहनों की बर्फ में ली गई तस्वीर थी। कार्ड पर एंड्रयू के साइन थे। एपस्टीन से जुड़े एक और मामले में गंभीर आरोप सामने आए हैं। एक महिला के वकील ने

■ बेटी ने पिता से रिश्ता तोड़ा, सर्वाइवर बोलीः शाही महल में यौन संबंध के लिए मजबूर किया गया

बीबीसी न्यूज को बताया कि एपस्टीन ने उसे प्रिंस एंड्रयू के साथ यौन संबंध बनाने के लिए ब्रिटेन भेजा था। वकील के मुताबिक, यह कथित घटना साल 2010 की है। महिला और एंड्रयू की मुलाकात उनके निजी निवास रायल लाज में हुई थी। महिला ब्रिटिश नागरिक नहीं थी और उस समय उसकी उम्र करीब 20 साल बताई जा रही है। अमेरिका की कानूनी फर्म एडवर्ड हेंडरसन से जुड़े वकील ब्रैड एडवर्ड ने कहा कि एंड्रयू के साथ रात बिताने के बाद महिला को शाही पैलेस घुमाया गया और वहां चाय भी पिलाई गई। बीबीसी ने इस मामले पर एंड्रयू से प्रतिक्रिया मांगी है। आमतौर पर बकिंघम पैलेस आने वाले मेहमानों का रिकॉर्ड रखा जाता है, लेकिन महिला की पहचान सार्वजनिक न होने की वजह से ठठब उसके दौरे की पुष्टि नहीं कर सका। यह पहली बार है जब किसी एपस्टीन सर्वाइवर ने किसी शाही निवास में यौन संबंध होने का आरोप लगाया है। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने प्रिंस एंड्रूय से अमेरिकी संसद की कमिटी के सामने गवाही देने को कहा है।


### न्यूयॉर्क शहर में ठंड से 14 लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में पिछले हफ्ते खुले में रहने के कारण ठंड की वजह से 14 लोगों की मौत हो गई है। महापौर जोहरान ममदानी ने रविवार को इस बात की पुष्टि की। स्थानीय मीडिया ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आठ लोगों की मौत बहुत अधिक ठंड लगने से हुई थी। 25 जनवरी को आए भीषण बर्फीले तूफान में रिकॉर्ड तोड़ बर्फबारी से सड़कें और फुटपाथ कीचड़ भरे मलबे में तब्दील हो गए। ममदानी ने कहा कि अब तक 670 लाख पाउंड बर्फ पिघल चुका है और इसे हटाने के लिए 1880 लाख पाउंड नमक का इस्तेमाल किया गया है। बेघर लोगों को ठंड से बचाने के लिए नए उपाय भी अपनाए गए हैं। बेघर लोगों के लिए नए एक कमरे वाले आश्रय गृह खोले जाएंगे।

### तालिबान ने गर्भनिरोधक गोलियों पर रोक लगाई

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने महिलाओं के लिए गर्भनिरोधक गोलियों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। तालिबानी डाक्टरों को धमकी देते हैं कि दवा दी तो क्लीनिक बंद करा देंगे।

देशभर में क्लीनिक भी बंद हो रहे हैं। महिलाओं को गर्भधारण या मिसकैरेज का इलाज नहीं मिल पा रहा। बदगीस प्रांत की एक निजी क्लीनिक में चेतावनी देते हुए सभी दवाएं नष्ट कर दी गईं। जवजजान प्रांत में 30 साल से क्लीनिक चला रही एक डाक्टर कहती हैं, तालिबान के सत्ता आने के बाद गर्भनिरोधक गोली तेजी से खत्म हो रही हैं। यहां 70 में से 30 महिलाओं को इसकी जरूरत होती थी, अब हम कह देते हैं कि हमारे पास कुछ भी नहीं है। कंधार प्रांत सहित कई



■ चेतावनी देकर दवाएं नष्ट कर रहे, महिलाओं को प्रेग्नेंसी और मिसकैरेज में इलाज नहीं मिल पा रहा

जगहों पर सीधे पुरुष डाक्टरों से इलाज लेने पर सख्ती है। 2021 में तालिबान, अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुआ था। इसके बाद से वहां महिलाओं की स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए कई कानून लागू किए गए हैं। 2021 में तालिबान, अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुआ था।

### पोलैंड में कड़ाके की ठंड से 50 से अधिक लोगों की मौत

**वॉरसॉ।** पोलैंड में कड़ाके की ठंड के कारण अब तक 50 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। आंतरिक मामलों और प्रशासन के उपमंत्री विस्लाव श्चेपान्स्की ने सोमवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी। श्चेपान्स्की ने कहा कि कड़ाके की ठंड और शीतलहर अपने चरम पर है। ठंड से पीड़ितों के बारे में दुखद खबर है। अब तक 54 लोगों की मौत और 36 हाइपोथर्मिया (शरीर का अत्यधिक ठंडा हो जाना) के मामलों की जानकारी सामने आई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि परित्यक्त इमारतों (जिन इमारतों में कोई नही रहता है) में रहने वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं। उन्होंने कहा कि एक बार फिर हम परित्यक्त इमारतों में रहने वाले सभी लोगों से अपील करते हैं कि वे अधिक तापमान वाले स्थानों पर चले जाएं।

# नार्वे के डिप्लोमेट ने भारतीयों को सांप से बदतर कहा

## यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से कहा थाः इंडियन और सांप मिलें, तो पहले इंडियन को मारो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़ी करीब 30 लाख से ज्यादा फाइलें सार्वजनिक कर दी हैं। इन फाइलों के सामने आते ही कई बड़े और रसूखदार लोगों के छिपे हुए सच बाहर आ रहे हैं। इन्हीं दस्तावेजों में नार्वे के एक डिप्लोमेट टेर्जे राड-लार्सन का 25 दिसम्बर 2015 का एक ईमेल है। इसमें उन्होंने भारतीयों को सांप से भी बदतर बताया है।

दस्तावेजों से पता चला है कि एपस्टीन ने लार्सन को किसी भारतीय नेता का ईमेल फारवर्ड किया था। इसके जवाब में लार्सन ने कहा था कि जब आप एक भारतीय और एक सांप से मिलें, तो पहले भारतीय को मार डालो। हालांकि ये अभी तक क्लियर नहीं



है कि लार्सन ने भारतीयों के खिलाफ ये मेल क्यों लिखा था। एपस्टीन फाइल से ये भी पता चला था कि लार्सन ने 2013 में बिल गेट्स और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की मुलाकात की जानकारी सीधे जेफरी एपस्टीन को भेजी थी। यह मुलाकात न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान हुई थी। ईमेल में इस बैठक की पूरी रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया गया है कि बिल गेट्स ने पाकिस्तान में पोलियो खत्म करने के लिए की जा रही कोशिशों की तारीफ की थी और कहा था कि इस दिशा में पाकिस्तान ने अपने काम को दोगुना कर दिया है। वहीं, नवाज शरीफ ने साइंस और टेक्नीक को आगे बढ़ाने को लेकर अपनी सोच शेयर की थी। उन्होंने खास तौर पर युवाओं के लिए आईटी सेक्टर में नौकरियां पैदा करने, टेक्नोलाजी एक्सपोर्ट बढ़ाने, ई-गवर्नेंस और टेक पार्क बनाने की बात कही थी। लार्सन एक नार्वेजियन डिप्लोमेट रहे हैं। वे इंटरनेशनल पीस इंस्टीटयूट के अध्यक्ष थे और यूएन में भी काम कर चुके हैं। साल 2020 में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जब उनका नाम जेफी एपस्टीन से जुड़ा था। हाल ही में जब टेर्जे रोड-लार्सन से जब जेफी एप्स्टीन से जुड़े मामलों पर सवाल पूछे गए थे तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इस पूरे मामले में वे लगातार मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं।

# ट्रम्प को ईरान के साथ समझौते की उम्मीद

## ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई ने युद्ध के खिलाफ दी चेतावनी

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ 'समझौता होने की' उम्मीद जताई है, जबकि ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका कोई भी टकराव शुरू करता है तो वह क्षेत्रीय युद्ध में बदल सकता है। ट्रम्प ने फ्लोरिडा के पाम बीच पर अपने मार-आ-लागो आवास से कहा कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में भले ही अपने युद्ध पोत तैनात किए हैं लेकिन वह इस समस्या का कूटनीतिक हल चाहता है।

ट्रम्प ने कहा कि हमने वहां दुनिया के सबसे बड़े, सबसे ताकतवर युद्ध पोत तैनात किए हैं। उम्मीद है कि आने वाले दो दिनों में हम कोई समझौता कर लेंगे। अगर समझौता नहीं होता है तो हमें पता चल जाएगा कि वह सही थे या नहीं। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया जब खामेनेई ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी



■ ट्रम्प ने कहाः हमने वहां दुनिया के सबसे बड़े, सबसे ताकतवर युद्ध पोत तैनात किए हैं

कई बयानों में अमेरिका को सैन्य कार्रवाई करने के खिलाफ चेतावनी दी थी। खामेनेई ने पोस्ट किया कि अमेरिका को पता होना चाहिए कि अगर वे युद्ध शुरू करते हैं तो इस बार एक क्षेत्रीय युद्ध होगा। अमेरिकी कभी-कभी युद्ध की बात करते हैं और कहते हैं कि वे युद्ध पोतों और लड़ाकू विमानों के साथ आएंगे। यह कोई नई बात नहीं है। ईरान ऐसी बातों से डरता नहीं। उन्हें ईरानियों को ऐसी चीजों से डराने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। खामेनेई ने कहा कि ईरान संघर्ष नहीं चाहता लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो ईंट का जवाब पत्थर से देगा। उन्होंने अमेरिका पर संसाधनों के लालच में ईरान पर दबाव बनाने का आरोप लगाया। खामेनेई ने कहा कि हम लड़ाई शुरू करने वालों में नहीं हैं। हम किसी पर जुल्म नहीं करना चाहते। हम किसी देश पर हमला नहीं करना चाहते लेकिन अगर कोई हम पर हमला करता है या नुकसान पहुंचाता है तो उसे ईरान से करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने ईरान में अमेरिका के हस्तक्षेप के इतिहास की आलोचना करते हुए कहा कि ईरान के कई आकर्षण केन्द्र हैं, जिनमें उसका तेल, उसके खनिज और उसकी भौगोलिक स्थिति दूसरे देशों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा है।

### रूस ने यूक्रेन से संचालित धोखाधड़ी वाले कॉल सेंटर को किया बंद

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूसी पुलिस ने लेनिनग्राद क्षेत्र में यूक्रेन से संचालित हो रहे कॉल सेंटर को बंद करते हुए दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। रूस के पश्चिम में यह दूरसंचार केंद्र यूक्रेन के जालसाज संचालित कर रहे थे। रूसी गृह मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि इस संबंध में सेंट पीटर्सबर्ग से दो संदिग्ध गिरफ्तार किए गए हैं। जांचकर्ताओं का मानना है कि दोनों संदिग्ध यूक्रेन में मौजूद कॉल सेंटरों से अगस्त 2025 से संपर्क में थे। वे अंतर्राष्ट्रीय कॉल लगाने के लिए सिम बॉक्स का इस्तेमाल कर रहे थे, जो कॉल करने वाले की पहचान और लोकेशन छिपा लेता है। पुलिस ने कहा कि यह कॉल सेंटर हर दिन 5000 से ज्यादा लोगों को धोखाधड़ी वाली कॉल करता था।

